✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 221 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 7 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सरदाना को मिला पंडित मदन मोहन मालवीय पत्रकार भूषण सम्मान

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी पेपर लीक का आरोपित गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग टीआरई-3.0 परीक्षा और हरियाणा एसटीईटी परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक कराने का अभियुक्त बिपुल कुमार उर्फ बिपुल शर्मा को पटना से गिरफ्तार किया गया है। उसे मंगलवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई को सूचना मिली थी कि बिपुल पटना के गोला रोड के निवास में छिपा है। इसके बाद विशेष छापेमारी टीम ने छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बिपुल ने पूछताछ में बताया कि वह संजीव मुखिया गिरोह का सक्रिय सदस्य है।

### मैट्रिक परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मैट्रिक परीक्षा 2026 का प्रवेश पत्र छह जनवरी से समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। समिति ने बताया कि परीक्षार्थी स्वयं प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं करेंगे। संबंधित विद्यालय प्रधान अपने यूजर आइडी एवं पासवर्ड के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उस पर हस्ताक्षर और मुहर लगाकर छात्रों के बीच वितरित करेंगे। बिना हस्ताक्षर और मुहर के प्रवेश पत्र मान्य नहीं होगा।

### प्रशिक्षण पर आए शिक्षक की हर्ट अटैक से मौत

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** कड़ाके के ठंड के बीच पांच दिवसीय प्रशिक्षण लेने जिले के फारबिसगंज डायट गए जोकीहाट प्रखंड के महलगांव पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोड़ैल के शिक्षक दिनेश कुमार (50 वर्ष) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक पटना जिले के मोकामा के रहने वाले थे। वे फारबिसगंज डायट में वर्ग 6 टू 8 के पांच दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए थे। घटना के संबंध में डायट से आए प्राचार्य आफताब आलम ने बताया कि शिक्षक दिनेश कुमार मंगलवार की सुबह हास्टल के प्रवेश द्वार के पास टहलने के साथ-साथ मोबाइल से किसी सेबात भी कर रहे थे।

### औरंगाबाद निवासी छात्रा ने लगायी फांसी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गांधी मैदान थाना क्षेत्र के सीपी ठाकुर रोड स्थित पीजी गर्ल्स हॉस्टल में मंगलवार को नीट की तैयारी करने वाली 16 साल की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना उस समय हुई जब उसकी रूम पार्टनर कोचिंग गई थी। छात्रा औरंगाबाद जिले के दाउदनगर की रहनेवाली थी। उसके पिता व्यवसायी हैं। उसने आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल पाया है। कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों के बाबत पुलिस छानबीन कर रही है। पीजी हॉस्टल के प्रबंधक ने छात्रा के आत्महत्या करने से संबंधित सूचना दिन के 10 बजे गांधी मैदान थाने को दी।

## एनएचएआई ने औरंगाबाद में 19 किलोमीटर ग्रीनफील्ड बाइपास का बनाया प्लान

### औरंगाबाद में ओवरब्रिज के पास लगने वाली जाम से राहत की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर में ओवरब्रिज के पास प्रतिदिन लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने की दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नई बाइपास योजना तैयार की है। यह नई योजना पहले प्रस्तावित बाइपास एलाइनमेंट के स्थान पर बनाई गई है, जिसे भूमि अधिग्रहण की अत्यधिक लागत के कारण स्थगित करना पड़ा था। नई योजना के तहत करीब 19 किलोमीटर लंबी ग्रीनफील्ड बाइपास का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी। इस संबंध में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को अपने फ़ेसबुक पेज पर जानकारी साझा की। बताया गया कि नई ग्रीनफील्ड बाइपास के निर्माण से शहरवासियों को भारी वाहनों के कारण रोजाना लगने वाले जाम से बड़ी राहत मिलेगी। एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार, यह बाइपास खैरी मोड़ से शुरू होकर मंजुराही, रायपुरा और पवई गांवों से होते हुए भरकुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-139 से जुड़ेगी। यह पूरा मार्ग



नगर परिषद क्षेत्र के बाहर रहेगा, जिससे शहरी यातायात पर सीधा दबाव नहीं पड़ेगा और भारी वाहनों का आवागमन शहर के भीतर नहीं होगा। गौरतलब है कि पहले प्रस्तावित बाइपास एलाइनमेंट की लंबाई करीब 9 किलोमीटर थी। उस योजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन एनएचएआई नई दिल्ली को भेजा गया था। पहली योजना की अनुमानित लागत करीब 835 करोड़ रुपये थी, जिसमें लगभग 490 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण और 345 करोड़ रुपये सड़क निर्माण पर खर्च होने थे। भूमि अधिग्रहण की अत्यधिक लागत के चलते इस योजना को स्थगित कर दिया गया था। अब दूसरी और नई एलाइनमेंट का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर लिया गया है, जिसे एनएचएआई को भेजा जाएगा। एनएचएआई जिस प्रतिवेदन को स्वीकृति देगा, उसी के आधार पर आगे निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यदि यह योजना धरातल पर उतरती है, तो औरंगाबाद शहर को लंबे समय से चली आ रही ओवरब्रिज जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## बिहार की यात्रा पर निकलेंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

### प्रगति यात्रा की योजनाओं की करेंगे पड़ताल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार की यात्रा पर फिर निकलेंगे। इसी महीने वे अपनी यात्रा पर निकलेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय उनकी यात्रा को लेकर विस्तृत कार्यक्रम बनाने में जुट गया है। यात्रा की तिथि और विस्तृत कार्यक्रम की रुपरेखा बनायी जा रही है। शीघ्र ही इसकी घोषणा की जाएगी। विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री पहली बार राज्य की जनता से मिलने उनके पास जाएंगे। इस यात्रा के दौरान वे न केवल विकास कार्यों की जमीनी पड़ताल करेंगे बल्कि सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन का हाल भी जानेंगे। सीएम चुनाव में जीत दिलाने के लिए राज्य की जनता का आभार भी जताएंगे। मुख्यमंत्री की इस यात्रा का उद्देश्य यह जानना बताया जा रहा है कि बीते साल प्रगति यात्रा के दौरान किए गए वादे और लिए गए फैसले किस हद तक जमीन पर उतरे हैं। इसके साथ ही जिन योजनाओं का काम पूरा हो चुका है, उनका लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान नीतीश कुमार आम लोगों से भी सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। बहुत जल्द सीएम की यात्रा का शेड्यूल जारी होगा। माना जा रहा है कि मकर संक्रांति यानी 14 जनवरी के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी इस अहम यात्रा की



शुरुआत कर सकते हैं। सीएम की यात्रा को लेकर बिहार के सभी जिलों में तैयारी चल रही है। जिलों के डीएम-एसपी को तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। यात्रा के लिए जिलावार स्थल का चयन किया जा रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हर साल ठंड में यात्रा करते रहे हैं। वह अब तक एक दर्जन से अधिक यात्रा कर चुके हैं। बिहार में फरवरी में बजट सत्र शुरू हो सकता है। ऐसे में सत्र को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री की यात्रा की तिथि तय होगी। ऐसे में यात्रा को लेकर मंथन शुरू हो गया है। वैसे इस यात्रा का क्या नाम होगा और कब से मुख्यमंत्री यात्रा की शुरुआत करेंगे, इस पर वरिष्ठ अधिकारी और मुख्यमंत्री के नजदीकी तैयारी कर रहे हैं। इस बार मुख्यमंत्री की यात्रा जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी। हालांकि पहले भी मुख्यमंत्री की यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त हो रखा जाता था लेकिन इस बार सीएम आम लोगों से मुलाकात करेंगे, इसकी संभावना कम ही है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार ने पहली यात्रा जुलाई 2005 को 'न्याय यात्रा' के नाम से शुरू की थी। लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने जनवरी 2009 को 'विकास यात्रा' निकाली। लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद जून 2009 से 'धन्यवाद यात्रा' शुरू की। दिसंबर 2009 को 'प्रवास यात्रा' निकाली। 2010 के विधानसभा चुनाव में जाने से पहले अप्रैल 2010 से 'विश्वास यात्रा' निकाली। विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने के बाद 2011 के अंत में 'सेवा यात्रा' निकाली। सितंबर 2012 से बिहार को विशेष राज्य की दर्ज़ा की मांग को लेकर नीतीश कुमार ने 'अधिकार यात्रा' निकाली।

## सड़क हादसे में तीन लोगों की गयी जान

### नव वर्ष पर नेपाल गये थे घूमने

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** नए साल के मौके पर नेपाल के पशुपतिनाथ दर्शन करने गए जिले के तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों में दो बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के जबकि एक पटना जिला के बाढ़ के रहने वाला था लेकिन वो भी बलिया में ही घर बना कर रहता था। तीनों लोग 2 जनवरी की रात को नेपाल के लिए निकले थे। परिजन को हादसे की जानकारी मंगलवार यानी 3 दिन बाद मिली। तीनों के परिजन लाश को लेने के लिए नेपाल रवाना हो गए हैं। मृतकों की पहचान बलिया थाना क्षेत्र के शादीपुर करारी गांव के रहने वाले रमेश सिंह के बेटे 40 साल के बिट्टू कुमार, बलिया नगर परिषद क्षेत्र के बड़ी बलिया के रहने वाले मोहन दास के बेटे 50 साल के अरविंद कुमार और पटना के बाढ़ के रहने वाले 45 साल के रजनीश कुमार उर्फ गोल्डन के रूप में हुई है। रजनीश कुमार उर्फ गोल्डन लोहा के व्यवसायी हैं। बलिया धर्मशाला के नजदीक उनकी दुकान चलती हैं। वे पटना के बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर-13 गोपीनाथ मंदिर मोहल्ला का निवासी हैं। अरविंद कुमार बलिया व्यापार मंडल मार्केट में कृष्णा भाई जी के नाम से जनरल स्टोर की दुकान चलाते थे। तीसरे मृतक बिट्टू कुमार के पिता वकील हैं और खेती-बाड़ी करते हैं। तीनों मृतक बचपन के दोस्त थे और नए साल के मौके पर नेपाल के काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर का दर्शन करने के लिए 2 जनवरी को घर से निकले थे। 3 जनवरी को उन लोगों ने पशुपतिनाथ का दर्शन-पूजन किया जिसका फोटो भी परिजनों को शेयर किया था। इसके बाद 4 जनवरी से तीनों के परिवार के लोगों से अंतिम बार बातचीत हुई। तीनों का मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। 4 जनवरी की रात ये हादसे हुआ।

## पूर्व डीपीजी आलोक राज ने बीएसएससी अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पूर्व डीपीजी सीनियर आइपीएस अधिकारी आलोक राज ने बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 2 दिन पहले बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली थी। अब आलोक राज ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री राज को बीते 31 दिसंबर के दिन ही नीतीश सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी। आलोक राज को बिहार कर्मचारी चयन आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। आलोक राज के महानिदेशक पद से सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद उन्हें आयोग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार आलोक राज को अगले 5 सालों तक यानी 65 साल की उम्र पूरी होने तक बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष के पद पर बने रहना था। आलोक राज ने दो दिन पहले



ही अपने पद पर जॉइन किया था। पदभार ग्रहण करने के बाद आखिर क्या बात हुई कि उन्होंने इतना बड़ा फैसला ले लिया, इसपर चर्चा शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार वे कुछ नाराज चल रहे थे। हालांकि यह नाराजगी क्यों और किससे थी, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कोई खास वजह नहीं है। कुछ अपरिहार्य कारणों से उन्होंने यह निर्णय लिया है। कुछ निजी कारणों से पद छोड़ दिया है। आगे की प्लानिंग पर उन्होंने किसी टिप्पणी से इनकार किया।

## स्कूल जाले के दौरान शिक्षक का अपहरण

**सारण(नबिटा ब्यूरो)।** सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब करही मध्य विद्यालय के शिक्षक कुंदन कुमार का अज्ञात बदमाशों ने अपहरण कर लिया। घटना स्कूल पहुंचने से ठीक पहले की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अपहत शिक्षक कुंदन कुमार छपरा शहर के गुदरी मोहल्ला के निवासी बताए जा रहे हैं। वे करही मध्य विद्यालय में पदस्थापित हैं और नियमित रूप से विद्यालय आते-जाते थे। उनके अपहरण की खबर फैलते ही परिजनों और शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों में चिंता और आक्रोश का माहौल है। दिनदहाड़े शिक्षक के अपहरण की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों और अभिभावकों में सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोग जल्द से जल्द शिक्षक की सकुशल बरामदगी की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## जंगल में पेड़ से लटके मिले चाचा-भतीजी

### एक दिन पहले ही घर से भागे थे दोनों

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिले के सुगौली थाना क्षेत्र में बैधा टोला के पास जंगल में चाचा-भतीजी का पेड़ से लटका शव मिला है। एक दिन पहले ही दोनों घर से भागे थे। बताया जा रहा है कि एक साल से दोनों का अफ़ेयर चल रहा था। पुलिस आत्महत्या और ऑनर किलिंग दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है। बॉडी एक ही दुपट्टे से बंधी थी। सूचना मिलने पर सुगौली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पानापुर तत्वा टोला निवासी 20 साल के लखन कुमार और 17 साल की निकू कुमारी के रूप में हुई है। दोनों चाचा-भतीजी थे। निकू कुमारी के पिता प्रभु सहनी ने बताया कि सोमवार शाम उनकी बेटी घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बाद में पता चला कि लखन कुमार भी अपने घर से गायब है। परिजनों ने चौकीदार की मदद से मोबाइल लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया लेकिन घर से निकलने के बाद दोनों के मोबाइल फोन बंद मिले। रात भर खोजबीन के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह एक बार फिर तलाश शुरू की गई। कुहासा छटने पर गांव के कुछ लोग जंगल की ओर गए जहां उन्होंने पेड़ों से लटके दो शव देखे। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना सुगौली पुलिस को दी। सुगौली थानाध्यक्ष अनीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोनों शव एक ही ओढ़नी के सहारे पेड़ से लटके हुए थे। पुलिस ने शवों को नीचे उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

## बिहार कैडर के आइपीएस विनय कुमार बने एनआइए में आइजी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस के आईजी (अभियान) एसटीएफ विनय कुमार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए विरमित कर दिये गए हैं। बिहार सरकार के गृह विभाग ने मंगलवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी करते हुए उनकी सेवाएं केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंप दी है। 2004 बैच बिहार कैडर के आईपीएस विनय कुमार को केंद्र में एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) का आईजी बनाया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए उनको वर्तमान पद का प्रभार त्याग करने की तिथि से विरमित करनेका आदेश जारी किया गया है। विनय कुमार वर्तमान में आईजी मुख्यालय का भी अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। वर्तमान में बिहार एसटीएफ के आईजी के रूप में विनय कुमार संगठित अपराध, माफिया नेटवर्क, कुख्यात अपराधियों और गंभीर आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियानों की निगरानी कर रहे हैं। 2024 दिसंबर से उनके नेतृत्व में एसटीएफ ने कई बड़े ऑपरेशन अंजाम दे चुके हैं।

## किसानों को धान खरीद का भुगतान शीघ्र करें : सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि धान की कीमत का किसानों को भुगतान शीघ्र करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन किसानों से पहले धान की खरीद हुई है, भुगतान भी उनका पहले होगा। सचिव ने मंगलवार को बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड समीक्षा बैठक की और कई निर्देश पदाधिकारियों को दिये। बैठक के दौरान सचिव ने निगम के सभी सेक्शनों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। विशेष रूप से राज्य में चल रही धान अधिप्राप्ति तथा जिलावार किसानों के निबंधन की स्थिति की समीक्षा की गई। सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि 10 जनवरी तक मिलों से प्राप्त फोर्टिफाइड राइस कर्नेल सैंपल की जांच अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाए, जिससे गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके। बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव मो. नैय्यर इकबाल, विशेष सचिव उपेंद्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी सृष्टि प्रिया एवं विनोद कुमार तिवारी सहित शैलेन्द्र कुमार, मो. जियाउर रहमान, राज मोहन झा, शैलेन्द्र कुमार, राकेश रमण, रमेन्द्र कुमार, ऋषिकेश भूषण न्यायामूर्ति, सुमन कुमार, मो. फरीद अहमद, शाह नवाज आलम, नाजली हसनैन, शिशिर कुमार वर्मा, आशीष कुमार, त्रिभुवन प्रसाद सिंह, उदय शंकर अंकेला, नीरज कुमार शर्मा, मुनय कुमार सिंह सहित निगम के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## परिमार्जन प्लस के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाएं : विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्यभर के भूमि सुधार उप समाहर्ता के कार्यों की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक पूरी तरह परिणाम आधारित रही, जिसमें लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए गए। समीक्षा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश दिया कि 15 जनवरी तक परिमार्जन प्लस के तहत लंबित सभी मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने वाले अधिकारी पुरस्कृत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी को 31 जनवरी तक दाखिल-खारिज के सभी लंबित मामलों का निपटारा करने का भी आदेश दिया गया है। इन मामलों के



निपटारे से किसानों के कागजात अपडेट हो सकेंगे और वे विभिन्न सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित हो पाएंगे। श्री सिन्हा ने सभी अधिकारियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि भूमि सुधार उप समाहर्ता विभाग की रीढ़ हैं और उनके पास पूरे अनुमंडल क्षेत्र की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि न्यायालय संबंधी कार्यों में अधिकतम समय देने से ही राजस्व प्रशासन की स्थिति को बेहतर बनाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि उनके कार्यभार संभालने के बाद से लगातार हो रही समीक्षाओं का सकारात्मक असर कई अनुमंडलों में दिखाई देने लगा है। कई डीसीएलआर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि कुछ अनुमंडलों में अब भी अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई है। कार्य निष्पादन को गति देने के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव सीके अनिल से कहा कि टॉप पांच उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भूमि सुधार उप समाहर्ताओं की एक विशेष टीम बनाई जाए जो कमजोर प्रदर्शन वाले अनुमंडलों में जाकर तेज निष्पादन सुनिश्चित करेगी। बैठक में निर्णयों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निष्पादन की हड़बड़ी में जैसे-तैसे लिए गए निर्णयों की शिकायतें जनकल्याण संवाद के दौरान सामने आ रहीं हैं। इसे देखते हुए विभाग स्तर पर एक माइक्रो मॉनिटरिंग टीम का गठन किया जा रहा है, जो जजमेंट की क्वालिटी की जांच करेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से बेहतर निर्णयों को आपस में साझा करने का आग्रह किया ताकि कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों बढ़ सके।

## निगरानी के हत्थे चढ़ा घूसखोर राजस्व कर्मचारी

**हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी विभाग की टीम ने वैशाली अंचल कार्यालय में तैनात राजस्व कर्मचारी को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी राजेश रौशन तीन पंचायतों का राजस्व कर्मचारी है। निगरानी विभाग को इसके खिलाफ शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी ने आरोप को सही पाया और आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार करने का जाल बिछाया। इस बारे में निगरानी डीएसपी अखिलेश कुमार ने बताया कि दाखिल खारिज और परिमार्जन करने के लिए पांच हजार रिश्वत मांगे जाने की शिकायत विनय सिंह ने निगरानी में की थी, जिसका सत्यापन करने के बाद आज टीम ने दबिश दी और रंगे हाथ राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया।

C M Y K

# राज्य में उर्वरकों की कोई कमी नहीं : रामकृपाल यादव

## कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बिक्री पर सख्ती, जीरो टॉलरेंस नीति लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आज कृषि भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य के किसी भी जिले में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार किसानों को रबी मौसम के दौरान समय पर निर्बाध एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वर्तमान स्टॉक के अनुसार राज्य में 2.16 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.40 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 2.21 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.35 लाख मीट्रिक टन एमओपी तथा 1.10 लाख मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। यह भंडार किसानों की वर्तमान एवं आगामी आवश्यकता की पूर्ति के लिए पूर्णतः पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक मूल्य पर विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में लगातार छापामारी एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। रबी मौसम 2025-26 के दौरान (06.01.2026 तक) उर्वरक वितरण में पाई गई अनियमितताओं के विरुद्ध सख्त कदम उठाए गए हैं। इस अवधि में 37 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है, 100 उर्वरक प्राधिकार पत्र रद्द किए गए हैं तथा 132 उर्वरक प्राधिकार पत्र निलंबित किए गए हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्रभावी निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यालय स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर उड़नदस्ता दल द्वारा निरंतर छापामारी एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। उड़नदस्ता दल द्वारा रबी मौसम 2025-26 के दौरान अब तक 23 मामलों में अनियमितता प्रतिवेदित की गई है जिनमें 2 उर्वरक प्राधिकार पत्र रद्द तथा 17 प्राधिकार पत्र निलंबित किए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि जिलों में उर्वरक की कालाबाजारी को रोकने एवं अधिक मूल्य पर विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समितियों की नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं। किसानों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित उर्वरक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध विधिसम्मत कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि प्रखंडवार उर्वरक का उप-आवंटन स्थानीय आवश्यकता एवं आच्छादन के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने बताया कि कृषि विभाग के पदाधिकारियों की जांच टीमों द्वारा नियमित रूप से उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं छापामारी की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे जिलों में उर्वरक की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस क्रम में सशस्त्र सीमा बल के साथ समन्वय स्थापित कर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। पूर्वी चम्पारण जिले के नेपाल से सटे सीमावर्ती प्रखंडों में की गई छापामारी के दौरान रबी 2025-26 में 4 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है, 11 उर्वरक प्राधिकार पत्र रद्द किए गए हैं तथा 2 प्राधिकार पत्र निलंबित किए गए हैं।

# किसानों के लंबित भुगतान को एफआईएफओ व्यवस्था के तहत शीघ्र निष्पादित किया जाए : सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के मुख्यालय स्थित सत्यागंधा सभागार में निगम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य राज्य में खाद्य आपूर्ति व्यवस्था, अधिप्राप्ति, भंडारण, परिवहन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान सचिव ने निगम के सभी सेक्शनों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। विशेष रूप से राज्य में चल रही धान अधिप्राप्ति तथा जिलावार किसानों के निबंधन की स्थिति की समीक्षा की गई। सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन किसानों का भुगतान लंबित है, उनका भुगतान एफआईएफओ व्यवस्था के तहत शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मिलों के निबंधन एवं फोर्टिफाइड राइस कर्नेल से जुड़े विषयों पर भी गहन चर्चा हुई। सचिव ने निर्देश दिया कि 10 जनवरी 2026 तक मिलों से प्राप्त फोर्टिफाइड राइस कर्नेल सैंपलों की जांच अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाए जिससे गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित योजनाओं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना, गेहूं आधारित पोषण योजना, किशोरियों के लिए योजना तथा कल्याणकारी संस्था एवं छात्रावास योजना की स्थिति की समीक्षा करते हुए सचिव ने कहा कि इन योजनाओं के सफल संचालन में असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसे और अधिक सुदृढ़ किया जाना चाहिए। उन्होंने एफसीआई से खाद्यान्न के उठाव से लेकर डिस्पैच तक की सभी गतिविधियों की नियमित मॉनीटरिंग पर विशेष जोर दिया ताकि खाद्यान्न ससमय लाभुकों तक पहुंचाया जा सके। खाद्यान्न परिवहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सचिव ने जिलावार आंकड़ों का अवलोकन किया। जिन जिलों में परिवहन से संबंधित समस्याएं सामने आई वहां तत्काल निष्पादन के निर्देश दिए गए। मुख्य ट्रांसपोर्टर एवं डोर स्टेप डिलीवरी में प्रयुक्त वाहनों की संख्या जहां आनुपातिक रूप से पर्याप्त पाई गई, वहीं जहां कमी थी, वहां नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करते हुए शीघ्र पूर्ति करने के निर्देश दिए गए। बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव मो. नैय्यर इकबाल, विशेष सचिव उपेंद्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी सृष्टि प्रिया एवं विनोद कुमार तिवारी सहित शैलेन्द्र कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, जियाउर रहमान, मुख्य महाप्रबंधक, राज मोहन झा, महाप्रबंधक (आधुनिकीकरण), शैलेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# एनडीए के प्रति मातृ शक्ति का अडिग विश्वास: डॉ. दिलीप जायसवाल

## समाज की शक्ति, परिवार की आधारशिला और विकास की प्रेरणा ही हमारी मातृशक्ति : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के रविन्द्र भवन में आज बिहार सरकार के नव-नियुक्त मंत्रीगणों के अभिनंदन सह 'मातृ शक्ति आभार–समृद्ध बिहार के आधार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा सहित कई दिग्गज नेता शामिल हुए और मातृशक्ति का वंदन करते हुए उस शक्ति का आभार जताया। कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने एक श्लोक को उद्धृत करते हुए कहा कि हमारे शास्त्रों में अत्यंत स्पष्ट कहा गया है– कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवत्व का वास होता है। उन्होंने इस कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नारी शक्ति के सम्मान, सशक्तिकरण और समर्पण को नमन करते हुए समृद्ध बिहार के निर्माण के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करने वाला रहा। उन्होंने कहा निस्संदेह, मातृ शक्ति के योगदान के बिना विकसित भारत और समृद्ध बिहार की कल्पना अधूरी है। सरकार भी मातृशक्ति को सबल बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है जिसका प्रतिफल भी अब देखने को मिल रहा है। इधर, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि मातृशक्ति मात्र एक कल्पना नहीं है बल्कि समाज की शक्ति, परिवार की आधारशिला और विकास की प्रेरणा ही हमारी मातृशक्ति है जो बिहार को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाती है। उन्होंने कहा कि इस संवाद से हम न केवल उस शक्ति का आभार जता रहे हैं बल्कि यह एक नई सोच, नया संकल्प और नया बिहार का संकल्प भी है। राज्यसभा सांसद सह बिहार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि बिहार की मातृशक्ति ने कई मौकों पर दिखा दिया है, वे चुनेंगी उन्हें ही, जिन्होंने उनके सम्मान और सुरक्षा की रक्षा की है। बिहार के उद्योग मंत्री सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार ही नहीं, देश की मातृशक्ति का विश्वास एनडीए पर है। एनडीए ने इस विश्वास को बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के बिना प्रदेश का विकास असंभव है। कार्यक्रम की संयोजक सजल झा ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज हम मातृशक्ति का आभार जताने के साथ विकसित बिहार के संकल्प को दोहराने के लिए इकट्ठा हुए हैं। कार्यक्रम में मंत्री नारायण प्रसाद, मंत्री श्रेयसी सिंह, मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, विधायक गायत्री देवी, संजय गुप्ता, छोटी कुमारी, विधानपार्षद निवेदिता सिंह, पूर्व विधानपार्षद किरण घई, चंद्रमुखी देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण राठौर, पिंकी कुशवाहा, प्रदेश मंत्री रीता शर्मा, शोभा सिंह, मीना झा, सीमा शर्मा, दिव्या गुंजन, स्वाति कुमारी सिन्हा, रागनी रानी, नीतू चौबे सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बिहार के औद्योगिक विकास के लिए बजट 2026-27 में बड़े कदम जरूरी : बीआईए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का मानना है कि बिहार आज अपने आर्थिक विकास की यात्रा के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। देश का तीसरा सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य होने के बावजूद बिहार प्रति व्यक्ति आय, विद्युत खपत और शहरीकरण जैसे प्रमुख विकास संकेतकों पर राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे है। वर्ष 2047 तक भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बिहार को भी राष्ट्रीय विकास गति के साथ आगे बढ़ना होगा। इसके लिए राज्य सरकार के बजट 2026-27 में उद्योग-केंद्रित नीतियों और निवेश को प्राथमिकता देना आवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित बजट-पूर्व संवाद में बीआईए द्वारा उद्योग विभाग के बजट को वर्तमान 0.5 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 5 प्रतिशत करने की मांग की है। एसोसिएशन ने बिहार को पूर्वी भारत के नए टेक हब के रूप में विकसित करने, डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर पार्क, मेगा टेक सिटी, फिनटेक सिटी, मेगा फूड पार्क और एमएसएमई पार्क जैसी योजनाओं के लिए पर्याप्त बजटीय समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया। बीआईए ने राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के समीप औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने, रुग्ण उद्योगों के पुनर्वास, कार्यरत इकाइयों के उत्पादन विस्तार, निजी औद्योगिक पार्कों को बढ़ावा देने और राज्य में 500 एकड़ का फार्मा पार्क स्थापित करने का सुझाव दिया है। संगठन ने निर्यात-आयात को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एयर कार्गो और इनलैंड कंटेनर डिपो के विकास की मांग की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के तहत पीएनजी/सीएनजी उपयोग की बाध्यता को देखते हुए हरेक देश-एक दर लागू करने की मांग भी की गई। बीआईए ने पटना में स्थायी औद्योगिक प्रदर्शनी स्थल, उद्योगों के लिए भूमि का पृथक वर्गीकरण तथा पटना पर जनसंख्या का दबाव कम करने के लिए आरआरटीसी पारियोजना पर कार्य शुरू करने का भी सुझाव दिया है।

# भ्रष्टाचार के समूल विनाश के लिए सख्ती जरूरी: चौरसिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नए साल के पहले हफ्ते में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, निगरानी व अन्य जांच एजेंसियों की ताबड़तोड़ कार्रवाई का भाजपा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने स्वागत किया है। मंगलवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार समाज और विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है। इसके समूल विनाश के लिए कठोर कदम जरूरी है। एनडीए सरकार और जांच एजेंसियों की यह पहल भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। डॉ. चौरसिया ने कहा कि लगातार छापेमारी और संपत्ति की जब्ती से भ्रष्ट अधिकारियों में खौफ पैदा होगा जिससे प्रशासनिक व्यवस्था अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। ईमानदार अधिकारियों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। ऐसी कार्रवाई से उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा।

# संस्कृत शिक्षा के बिना आधुनिक शिक्षा प्रणाली अधूरी : प्रो. गोपबन्धु मिश्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था 'आधुनिक शिक्षा प्रणाल्यां संस्कृतस्य प्रासंगिकता'। इस कार्यक्रम के संरक्षक कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पाण्डेय ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कृत का समन्वय आज अत्यन्त आवश्यक है। विज्ञान का विद्यार्थी संस्कृत पढ़े तथा संस्कृत का विद्यार्थी विज्ञान पढ़ेगा तो निश्चित रूप से समाज का विकास होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष पद पर विराजमान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि संस्कृत समस्त मानवों में एकता की भावना भरती है तथा समाज को जोड़ने की बात करती है। संस्कृत के ज्ञान के बिना मनुष्य में सामाजिकता नहीं आ सकती है। मुख्य वक्ता के रूप में सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गोपबन्धु मिश्र ने कहा कि आधुनिक शिक्षा नीति में संस्कृत को विशेष स्थान प्राप्त है। आधुनिक शिक्षा में मूल्यशिक्षा का समावेश अत्यन्त आवश्यक है जो केवल संस्कृत से ही सम्भव हो सकता है। 'मातृदेवो भव पितृदेवो भव' की भावना का उद्घोष संस्कृत ने ही किया है जो आधुनिक समाज की ज्वलन्त समस्या का स्थायी निदान है। सारस्वत वक्ता के रूप में उपस्थित मालवीय भवन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व मानित निदेशक प्रो. कृष्णकान्त शर्मा ने कहा कि सही शिक्षा वही है जिससे मानवता की सामाजिकता की तथा राष्ट्रीयता की रक्षा हो सके।

# धर्मनिष्ठ आचरण से युवाओं का जीवन होता है अनुशासित : प्रो. रणवीर नंदन

## नवमी से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित होगी निबंध प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणवीर नंदन ने कहा कि धर्मनिष्ठ आचरण से युवाओं का जीवन अनुशासित होता है। इससे साबित होता है कि भगवान की शरण में जाने से हम सुखी होंगे और दुख दूर होंगे। प्रो रणवीर नंदन मंगलवार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से 12 जनवरी को रवींद्र भवन में आयोजित होने वाले आध्यात्मिकता दिवस कार्यक्रम को लेकर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब युवा धर्मनिष्ट होंगे तो शांति आएगी शांति के साथ समृद्धि होगी और विकास होगा यही हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। उन्होंने कहा 18 सितंबर को आयोजित धार्मिक न्यास समागम कार्यक्रम का असर यह हुआ कि 1 जनवरी के दिन पूरे बिहार में 70% युवा मंदिरों में अपने इष्ट देवता का पूजा अर्चन करते दिखे। सुबह से शाम तक मंदिरों में लाइन लगी रही। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सनातन धर्म आगे बढ़े और उसी क्रम में बिहार राज धार्मिक न्यास पर्षद वैसे संत स्वामी विवेकानंद जिन्होंने विश्व के सामने भारतीय दर्शन को स्थापित किया उनकी जयंती 12 जनवरी को बिहार राज धार्मिक न्यास पर्षद आध्यात्मिकता दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद का जीवन आध्यात्मिकता से ओतप्रोत था। उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस मां काली के उपासक थे और वे मनुष्य को कल्याण का मार्ग सूझाकर ब्रह्मलीन हो गए। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में भारतीय दर्शन को स्थापित कर दुनिया को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास पर्षद का प्रयास है कि हम मठ मंदिरों का प्रबंधन करें और साथ ही सनातन धर्म की गतिविधियों को भी आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता दिवस समारोह प्रदेश के सभी निबंधित मठ, मंदिरों में मनाया जाएगा और मुख्य कार्यक्रम पटना के रविंद्र भवन में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के लिए बिहार राज्य धार्मिक पर्षद के सदस्य सायन कुणाल को संयोजक बनाया गया है। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक एवं बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य सायन कुणाल ने बताया कि इस कार्यक्रम को दो भाग में आयोजित किया गया है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 2 रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# नीतीश कुमार के विजन से बदल रही बिहार की शिक्षा व्यवस्था : जदयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं परिमल कुमार ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, तकनीक-सक्षम और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बिहार के शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक डिजिटल क्रांति देखने को मिल रही है जिसका सीधा लाभ राज्य के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा लगभग पांच हजार से अधिक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इंटीग्रेटेड साइंस लैब की स्थापना की जा रही है जिससे विज्ञान विषयों की पढ़ाई को प्रयोगात्मक, रोचक और व्यावहारिक बनाया जा सके। इसके साथ ही करीब छह हजार विद्यालयों में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए जा रहे हैं जहां डिजिटल माध्यम से शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि छात्र-छात्राओं को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए।

# पाटलिपुत्रा कॉलोनी से महिला लापता, परिजनों का बुरा हाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्रा कॉलोनी थाना क्षेत्र के न्यू बिंद टोली से पिछले 6 दिनों से कंचन महतो की पत्नी उषी देवी लापता है। महिला के लापता होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 36 वर्षीय उषी देवी के ससुर रघुनाथ महतो ने इस बाबत पाटलिपुत्रा कॉलोनी थाना में मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि उषी देवी पिछले 31 दिसंबर की रात से गायब है। 31 दिसंबर की रात जब सब लोग सोये हुए थे उसी समय करीब 11 बजे उषी देवी बिना किसी को बताये घर से चली गयी। जब परिजनों की नींद खुली तब उषी देवी कमरे में नहीं थी।

# एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने रोबोटिक टेली-सर्जरी मैराथन की मेजबानी की



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली एसएसआईआई मंत्रा के डेवलपर, एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल इंक डॉट ने 100 रोबोटिक टेली-सर्जरी के सफल समापन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की है। यह मील का पत्थर तकनीक-सक्षम स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह दर्शाता है कि उन्नत सर्जिकल विशेषज्ञता को स्वदेशी नवाचार के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों तक भरोसेमंद ढंग से पहुंचाया जा सकता है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने भारत की पहली मैराथन रोबोटिक टेली-सर्जरी का आयोजन किया जिसके दौरान एक ही दिन में 20 से अधिक टेली-सक्षम रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की गईं।

# राष्ट्र निर्माण के कार्यों में जुटा है लिटेरा पब्लिक स्कूल : लेडी गवर्नर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मौजीपुर स्थित लिटेरा पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ-साथ स्थानीय पंचायत को गोद लेकर राष्ट्र निर्माण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। ये बातें लेडी गवर्नर रेशमा आरिफ ने स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। लेडी गवर्नर ने कहा कि पढ़ाई और शिक्षा का काम तो हर स्कूल करते हैं, लेकिन लिटेरा पब्लिक स्कूल में समय-समय पर हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है। साथ ही जरूरतमंद और दिव्यांगों के लिए जरूरी सामग्री भी उपलब्ध कराता रहा है। महिला इमदाद कमेटी बिहार, राजभवन के सहयोग से लिटेरा पब्लिक स्कूल के कैम्पस में आयोजित यह कार्यक्रम एक मेगा इवेंट्स के तौर पर प्रस्तुत किया गया था। इस कार्यक्रम में दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, बुजुर्गों के लिए छड़ी, कमर दर्द से पीड़ित सीनियर सिटीजन के लिए कमर का मडिसीनल बेल्ट, पंचायत भर के लोगों के बीच सैकड़ों कम्बल और गांवों के बच्चों के लिए मिक्शचर का पैकेट वितरित किये गए। स्कूल प्रांगण में ही निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था जहां कई तरह की जांच और डाक्टरी परामर्श निःशुल्क दिया गया। इसके साथ ही 60 वर्षों से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए आयुष्मान बनाने का काउंटर भी लगाया गया था जहां लगभग 50 लोगों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

# मगध महिला कॉलेज में अगले सत्र से बढ़ेगी हॉस्टल की सीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगध महिला कॉलेज में अगले सत्र से हॉस्टल की सीट बढ़ जाएगी। कॉलेज को बिहार सरकार की ओर से 100 बेड दिए गए हैं। अभी वर्तमान में मगध महिला में तीन हॉस्टल फंक्शनल है। इसमें महिमा, वैदेही और वेलफ़ेयर हॉस्टल है। इन तीनों हॉस्टल को मिलाकर एक्स्ट्रा 35 सीट में अब छात्राएं रह सकती हैं जिसमें से महिमा हॉस्टल में 10 सीट वैदेही हॉस्टल में 20 सीट और वेलफ़ेयर हॉस्टल में 5 सीट होगी। कॉलेज की ओर से शिक्षा विभाग को पत्र लिखा गया था जिसके बाद कॉलेज को 100 बेड के साथ 100 मेट्रेस, 100 टेबल, 100 चेयर, 100 अलमारी और एक वाटर कूलर भी दिया गया है। मगध महिला कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. नागेंद्र वर्मा ने कहा कि हमें बिहार सरकार से 100 बेड मिले हैं। इन सभी बेड को पहले से टूटे हुए बेड के साथ बदल दिया जाएगा। वहीं ऐसा रूम जहां पर बेड नहीं था, वहां भी ये बेड लगाकर स्टूडेंट के रहने लायक बनाए जाएंगे। इससे करीब 35 सीट हॉस्टल में बढ़ जाएंगी। हमारे यहां हॉस्टल में बेड और फर्नीचर की कमी थी जिसे लेकर हमने बहुत पहले ही सरकार को लेटर लिखा था। सुविधाओं की कमी के कारण लड़कियां भी कम रहती थी, लेकिन अब सरकार की ओर से सहायता मिल जाने के बाद फुल कैपेसिटी में लड़कियां हॉस्टल में रहेगी। अभी वर्तमान में वैदेही हॉस्टल में 100 सीट की कैपेसिटी है जिसमें 80 लोग रह रहे हैं। वहीं, महिमा हॉस्टल में 509 की कैपेसिटी में अभी 500 लोग और वेलफेयर हॉस्टल में 40 सीट की कैपेसिटी में अभी 35 छात्राएं रह रही है। कॉलेज के हॉस्टल में फ्री वाई-फाई, मेस, कॉमन रूम, जिम जैसी सुविधाएं देते हैं। प्रवेश मेरिट लिस्ट और आवेदन पर आधारित होता है और हॉस्टल में रहने की फीस कॉलेज की फीस के अतिरिक्त होती है।

# महागठबंधन में बिखराव से बिहार में बचा-खुचा विपक्ष भी हुआ बेदम : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि महागठबंधन में बिखराव के साथ ही बिहार में बचा-खुचा विपक्ष भी बेदम हो गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और राजद के बीच पैदा हुई तल्खी के बाद अब कांग्रेस ने 'एकला चलो' की राह पकड़ ली है। विधान सभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद से वैसे भी विपक्ष मुद्दाविहीन हो गया है। विपक्ष की थोथे व खोखले वादों की वैसाखी तथा डपोरशंखी घोषणाओं को ठुकराकर बिहार की जनता ने पहले ही उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया था। श्री पाण्डेय ने कहा कि फिलहाल मुद्दाविहीन कांग्रेस केंद्र सरकार द्वारा वीबी जी राम जी विधेयक के विरोध और 'मनरेगा' वापसी की मांग को लेकर जो 8 जनवरी से राज्यव्यापी आंदोलन करने वाली है, उससे कथित महागठबंधन के राजद सहित अन्य घटक दलों भाकपा, माकपा, भाकपा माले और वीआईपी को भी अलग रखा है।

# हर जिले में मेगा स्किल सेंटर की स्थापना से युवाओं के कौशल विकास को मिलेगा नया आयाम : उमेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्षउमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में सात निश्चय-3 कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक जिले में मेगा स्किल सेंटर की स्थापना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह योजना आने वाले समय में युवाओं के कौशल विकास को नया आयाम प्रदान करेगी और उन्हें स्वरोजगार के लिए सशक्त अवसर उपलब्ध कराएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी एवं रोजगार के सृजन के लक्ष्य को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए विभाग के रूप में युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का गठन किया है जो विशेष रूप से युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी अवसरों का सृजन कर उन्हें सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाएगा। कुशवाहा ने कहा कि मेगा स्किल सेंटरों में वर्तमान समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं अन्य आधुनिक तकनीकों पर आधारित पाठ्यक्रम तैयार किए जाएंगे जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार देश के सबसे युवा राज्यों में से एक है जहां लगभग 58 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष से कम आयु वर्ग की है। ऐसे में नीतीश सरकार युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठा रही है और दूरगामी प्रभाव वाले निर्णय ले रही है।

# शिक्षकों के महानायक बृजनंदन शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार ही नहीं अपितु देश के शिक्षकों के महानायक युगपुरुष बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय शैक्षिक संघ के राष्ट्रीय संरक्षक बृजनंदन शर्मा जिनका निधन 105 वर्ष की उम्र में गत 4 जनवरी 2026 को पटना स्थित आवास पर हो गई पटना मंडल प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर आज पूरे पटना जिला के सभी विद्यालयों में उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इसी के अंतर्गत बांकीपुर अंचल पटना सदर शहरी स्थित कन्या मध्य विद्यालय बड़ा अस्पताल एवं राजकीय मध्य विद्यालय बड़ा अस्पताल ने संयुक्त तत्वाधान में अपने परम पूज्य राज्य पर राष्ट्रीय स्तर के ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एजुकेशन इंटरनेशनल की स्थापना कर शिक्षकों के मान सम्मान को बढ़ाने वाले पूरे जिंदगी भर शिक्षकों के हक हुकुक की लड़ाई को लड़ते रहने वाले एवं हर जंग में जीत हासिल करने वाले ऐसे महानायक स्वर्गीय बृजनंदन शर्मा जी को पुष्प माला एवं पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### डीएम की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर गुप्ताधाम महोत्सव को लेकर की गई बैठक

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को दी जाएगी सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** रोहतास जिले में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले गुप्ताधाम महोत्सव की तैयारियों को लेकर चेनारी प्रखंड स्थित वन विभाग के अतिथि गृह में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गुप्ताधाम महोत्सव 2026 के आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं भव्य रूप से संपन्न कराना रहा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष गुप्ताधाम महोत्सव का आयोजन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। साथ ही महोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को राम दुलारी गंगा उच्च विद्यालय, चेनारी परिसर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ताकि अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग कार्यक्रम का आनंद ले सकें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग एवं विधि-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि भीड़ प्रबंधन को लेकर पूर्व से ही ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। वन विभाग को गुप्ताधाम क्षेत्र एवं आसपास के वन क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने, स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं स्वास्थ्य विभाग को महोत्सव के दौरान चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। क्षेत्र में शराब को लेकर विशेष छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यातायात सुचारू रखने एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त बल की तैनाती की जाए। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की गई। ताकि महोत्सव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी दिनों में संबंधित विभागों के साथ पुनः समीक्षा बैठक आयोजित कर तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश के रिहन्द जलाशय से जरूरत के अनुसार पानी मिलेगा : अजय कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय जल आयोग में रिहन्द जलाशय के पानी को ले आहूत बैठक से लौटने के बाद उक्त बातें मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि बैठक में कहा गया कि रिहन्द जलाशय द्वारा जल विद्युत चलने पर सालों भर चार से पांच हजार क्यूसेक पानी सोन नदी में आता है। सोन नहरों को रबी व खरीफ फसल के पानी की जरूरत होने पर पानी की कमी का रोना रोया जाता है। इस व्यवस्था पर रोक लगनी चाहिए। बिहार के हिस्से का निर्धारित पानी का भंडारण रखा जाये। किसानों की मांग के अनुसार रबी व खरीफ फसलों के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने बताया कि रिहन्द जलाशय के अधिकारियों ने भरोसा दिया है कि बिहार के हिस्से का 2.59 लाख एकड़ फीट पानी यहां भंडारण रहेगा जिसकी आपूर्ति खरीफ व रबी फसलों की मांग के अनुसार किया जायेगा। जल विद्युत उत्पादन में उपयोग हो रहे पानी को निर्धारित कोटा में शामिल नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के बाणसागर जलाशय से एक मिलियन एकड़ फीट बिहार के हिस्से का पानी भंडारण है जिसकी जरूरत के अनुसार मांग की जायेगी। उन्होंने कहा कि सोन नहर कमांड इलाके के हर खेत तक पानी देने को विभाग कृतसंकल्प है। बैठक में रिहंद जलाशय, उत्तर प्रदेश जलसंसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## मारपीट मामले में सात गिरफ्तार, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट पुलिस ने गोरख परासी गांव में दो पक्षों के बीच सोमवार को हुई जमकर मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में सात लोगों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गोरख परासी में हुई इस घटना में दोनों पक्षों ने क्रॉस केस दर्ज कराए थे। कांड संख्या 07/26 में गोरख परासी निवासी लक्ष्मण तिवारी के पुत्र बादल तिवारी, राजा तिवारी तथा रामजी तिवारी के पुत्र जयप्रकाश तिवारी उर्फ पन्तु को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे पक्ष के कांड संख्या 08/26 में धनंजय तिवारी के तीन पुत्र हरिओम तिवारी, बजरंगी तिवारी उर्फ दातुल तिवारी, विशाल तिवारी सहित उनके पिता धनंजय तिवारी को भी हिरासत में लिया गया।

## डीएम से मिला किसान प्रतिनिधिमंडल, जल्द मुआवजा भुगतान की मांग

**जिलाधिकारी ने किसानों को सर्विस रोड निर्माण एवं जल्द मुआवजा भुगतान करने का दिया आश्वासन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे को लेकर एक बार फिर किसान एवं प्रशासन आमने-सामने आ गया है। किसानों में मुआवजा भुगतान में हो रही देरी सर्विस रोड एवं रामपुर प्रखंड में रैम्प आदि समस्याओं को लेकर नाराज़गी लगातार बढ़ रही है। जिला प्रशासन एवं एनएचएआई को भारत माला परियोजना काम रोकने की अल्टीमेटम के साथ किसानों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को देर सायं को जिलाधिकारी से मुलाकात किया। किसानों के प्रतिनिधिमंडल विमलेश पांडेय जिलाध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर अभिमन्यु सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन कैमूर अनिल सिंह सचिव श्याम नारायण सिंह शामिल थे। किसानों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात कर भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे में किसानों को जल्द मुआवजा भुगतान करने सर्विस रोड बनाए जाने रामपुर प्रखंड में रैम्प बनाने आदि मांग रखी। किसान प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे विमलेश पांडेय ने स्पष्ट कहा कि किसानों बिना मुआवजा दिए परियोजना का काम नहीं किया जाए। उन्होंने किसानों की सुविधा एवं कृषि कार्य करने के लिए सर्विस रोड आवश्यक है। जिलाध्यक्ष ने कहा पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए रामपुर प्रखंड में रैम्प बनाई जाए। जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा भारत माला परियोजना में बहुत से किसानों का मुआवजा अर्बिटेटर के यहां दुना नहीं हुआ है। अभिमन्यु सिंह ने कहा भारत माला परियोजना में किसानों की नुकसान धान फसल की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान जल्द किया जाए। किसानों का प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को 8 सुत्रीय ज्ञापन सौंपा। अपने लिखित आठ सूत्रीय मांगों पर जिलाधिकारी ने सहानुभूति पुर्वक विचार किया। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा के भारत माला परियोजना में सर्विस रोड के लिए एनएचएआई को लिखा गया है। उन्होंने ने कहा सर्विस रोड बनेगा। जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा किसानों की हर मांग पूरी की जाएगी।

## उच्च विद्यालय डिहरी में विधायक का अभिनंदन सह सम्मान समारोह

**विधायक ने शिक्षा व स्वास्थ्य को बताया प्राथमिकता, अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने का दिया भरोसा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** उच्च विद्यालय डिहरी के प्रांगण में नवनिर्वाचित विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह का भव्य अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने विधायक को सलामी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक बलिराव कुमार ने की जबकि संचालन शिक्षक राकेश कुमार ने किया। इससे पूर्व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विधायक को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं देश का भविष्य हैं। अन्य राज्यों में उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने निरंतर मेहनत कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने की अपील की। विधायक ने विद्यालय के अनुशासन और शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि यहां के छात्र शिक्षा, खेल और कला के क्षेत्र में जिले की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षों में शिक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान करना न केवल उनकी जिम्मेदारी है, बल्कि उनका परम कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि वे न सिर्फ डिहरी विधानसभा, बल्कि पूरे शाहाबाद के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अब वे सभी के विधायक हैं और सभी के लिए समान रूप से कार्य करेंगे। किसी को भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही उन्होंने विद्यालय में अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य बलिराव कुमार ने अपने संबोधन में विद्यालय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 1931 में हुई थी। प्रारंभ में इसे हाई इंग्लिश स्कूल के नाम से जाना जाता था जिसे स्थानीय रूप से 'डेहरी'कहा जाता था। वर्ष 2012 से इंटरमीडिएट (प्लस-टू) की पढ़ाई शुरू होने के बाद यह उच्च माध्यमिक विद्यालय के रूप में स्थापित हुआ। कार्यक्रम के अंत में 'विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने की आशा व्यक्त की गई तथा विधायक सोनू सिंह के नेतृत्व में डिहरी के उज्ज्वल भविष्य पर विश्वास जताया गया। समापन अवसर पर विधायक द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री यश उपाध्याय, डॉ. नविन नटराज, शिक्षक डॉ. मनोज कुमार सिंह, सुधीर कुमार राय, अयोध्या सिंह, शाहनवाज आलम, प्रमोद कुमार सिंह, विजय कुमार पांडे, कहकसा अंजुम, प्रभा कुमारी, ममता कुमारी, दीप माला, दिव्या कुमारी, अंजू कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर के डीहरा सूर्य मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को भव्य शोभायात्रा के साथ श्री लक्ष्मीनारायण महायघ प्रारम्भ हो गया। शोभायात्रा में हाथी घोड़ा के साथ भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री श्री 108 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपत्र जीयर स्वामी के पावन सानिध्य में सात दिवसीय महायज्ञ सम्पन्न होगा। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कुदरा नदी के माटी घाट से जल उठाकर यज्ञस्थल पहुंचे। पहले दिन शोभायात्रा के बाद पूर्णाहुति महाप्रसाद सह गोदारगनाथ भगवान विवाह महोत्सव हुआ जिसमें कई विद्वान पंडितों ने भाग लिया। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष गोपाल पाठक, सचिव रामदुलार पाठक, कोषाध्यक्ष विनोद शंकर पाठक, सुदर्शन पाठक, संतोष पाठक, देवराज पाठक, लाल बहादुर पाठक, रामराज पाठक, गणपत पाठक, वासुदेव पाठक, केश्वर पाठक, कुबेर पाठक, मनोज पाठक, अजय पाठक, मुन्ना पांडेय समेत कई सदस्य उपस्थित थे। सदस्यों ने बताया कि भव्य भंडारा के साथ महायज्ञ बारह जनवरी को संपन्न होगा।

## सीओ से समन्वय कर भूमि विवाद का त्वरित निष्पादन करें : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** पुलिस अधीक्षक कैमूर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष, भभुआ में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी भभुआ, मोहनियां, साईबर पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, पुलिस निरीक्षक, परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र भभुआ, सभी थानाध्यक्ष एवं सभी शाखा प्रभारी ने भाग लिया। अपराध गोष्ठी में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। अपराध के मुख्य शीर्ष के अंतर्गत दर्ज एवं लंबित मामलों में अनुसंधान की स्थिति की समीक्षा की गई। अनुसंधान में लंबित विशेष/अविशेष काण्डों के लंबित एवं निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई।

सभी थानाध्यक्षों को विगत माह के निष्पादित काण्डों में शत-प्रतिशत फाइनल केस डिस्पोजल एवं फाइनल फॉर्म सबमिट करने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। सभी थानाध्यक्षों को थाना अंतर्गत लंबित वारंट, इश्तेहार, कुर्की एवं सम्मन का मिलान अभियोजन शाखा से करते हुए तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दिए गए। सभी थानों के वीसीएनबी से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। सभी थाना को थाना में संधारित पंजी जैसे फिरारी पंजी, दागी पंजी, गुंडा एवं निगरानी प्रस्ताव की स्थिति की समीक्षा की गई। चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जनता दरबार, सूचना का अधिकार, मानवाधिकार। वरीय पदाधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निर्गत परिवाद पर की गई कार्रवाई को अद्यतन स्थिति में रखने हेतु निर्देश दिया गया। सभी थानाध्यक्षों को डोसियर के सत्यापन एवं नये डोसियर खोलने हेतु निर्देश दिए गए। 300 दिनों से अधिक लंबित काण्डों का निपटारा एवं महिला हेल्प डेस्क की स्थिति को बेहतर करने का निर्देश दिया गया। ईआरएसएस डायल-112 के रिस्पॉन्स समय को सुधारने हेतु सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया। गृहभेदन/चोरी की रोकथाम हेतु रात्रि गस्ती एवं बीट वाईज गश्ती का रोड मैप हेतु निर्देश दिया गया। स्पीडी ट्रायल से संबंधित कांडों का समीक्षा किया गया। जन शिकायत कोपांग से संबंधित आवेदनों के निष्पादन एवं लंबित स्थिति की समीक्षा की गई। सभी थाना को थाना में सीडी पार्ट-1, सीडी पार्ट-2, सीडी पार्ट-3, अपराध पंजी लूट पंजी, डकैती पंजी, हाजत पंजी, गुंठा पंजी, एम0 ओ0 इंडेक्स, अल्फाबेटिकल इंटेक्स इत्यादि को अद्यतन स्थिति में रखने हेतु निर्देश दिया गया। चलन्त विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा घटनास्थल निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया गया। भूमि विवाद के लंबित मामलों को त्वरित निष्पादन करते हुए प्रत्येक शनिवार को थाना स्तर पर अंचलधिकारी से समन्वय स्थापित कर नियमित बैठक करने एवं प्राप्त मामलों का निपटारा करने हेतु सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया।


**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

**एडमिन यूनिट/जोनः** सियालदह मंडल–वाणिज्यिक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700 014, **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** एसडीएएच–पार्सल–52, **नीलामी करने वाले अधिकारीः** वरिष्ठ डीसीएम/सियालदह। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 20.01.2026 को 12.00 बजे। **नीलामी की अंतिम तिथि/समयः** 20.01.2026 को 13.50 बजे। **ऑटो एक्सटेंशन जोनः** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधिः** 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधिः** 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतराल :** 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशनः** 10 बार। **निर्णय का माध्यम :** ऑटो, **आरपी की प्रदर्शनी की गई**–नहीं। **आरपी से कम परमिट बिड** –हाँ। **विवरणः** एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट) [क्रम सं. एए/1 से एए/8 के लिए] और पार्सल वैन में पार्सल जगह [क्रम सं. एबी/1 के लिए] । **क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, ट्रिप/दिन, अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैंः **एए/1,** 12377–एसएलआर–आर1–एसडीएएच–एनओक्यू–25–4 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 20.01.2026 को 12.30 बजे, **एए/2,** 12343–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एचडीबी–25–2 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 20.01.2026 को 12.40 बजे, **एए/3,** 22197–एसएलआर–एफ1–केओएए–वीजीएलजे–25–2 (पार्सल–एसएलआर), 157, 20.01.2026 को 12.50 बजे, **एए/4,** 12329–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एएनवीटी–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 156, 20.01.2026 को 13.00 बजे, **एए/5,** 13147–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–बीएक्सटी–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 20.01.2026 को 13.10 बजे, **एए/6,** 12363–एसएलआर–आर1–केओएए–एचडीबी–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 469, 20.01.2026 को 13.20 बजे, **एए/7,** 13181–एसएलआर–एफ1–केओएए–एसएचटीटी–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 157, 20.01.2026 को 13.30 बजे, **एए/8,** 13115–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–जेपीई–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 157, 20.01.2026 को 13.40 बजे, **एबी/1,** 13155–13156–वीपी–1–केओएए–एसएमआई–24–1 (पार्सल–पार्सल वैन), 313, 20.01.2026 को 13.50 बजे। **रेट यूनिटः** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क [क्रम सं. एए/1 से एए/8 के लिए] और प्रति राउंड ट्रिप (दो तरफा) [क्रम सं. एबी/1 के लिए]। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (प्रत्येक हेतु)। **ईएमडी :** 10% (प्रत्येक हेतु)। **टर्नओवर की आवश्यकताः** 2000000 [क्रम सं. एए/1, एए/2, एए/5 और एबी/1 के लिए] और 0 [क्रम सं. एए/3, एए/4, एए/6, एए/7 एवं एए/8 के लिए]। **क्या आरओएफआर लागू है :** नहीं (प्रत्येक हेतु)। **लॉट की स्थिति :** आरपी पेंडिंग (प्रत्येक हेतु)।

SDAH-336/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में अभियुक्त दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** दावथ थाना क्षेत्र में 6 साल पूर्व नाबालिग से हुए दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए जिला जज सप्तम सह विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम श्री अरविंद के न्यायालय ने मामले में अभियुक्त ओमप्रकाश सिंह निवासी शाहपुर, थाना दावथ को दोषी ठहराया है। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक हीरा प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त घटना 7 साल पूर्व दावथ थाना क्षेत्र में 16 अक्टूबर 2019 को दिन में 9:30 बजे घटी थी जब किशोरी अपने घर के पास दलान में बैठी हुई थी। उसी समय अभियुक्त ओमप्रकाश सिंह किशोरी को अकेला देखकर उसके दलान में आ गया एवं बहला फुसलाकर अपने दलान ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। अभियोजन पक्ष के तरफ से इस मामले में कुल 7 गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी जिसके बाद कोर्ट ने अभियुक्त को पोक्सो अधिनियम की धारा 8 के तहत दोषी ठहराया है। इस मामले में कोर्ट 8 जनवरी 2026 अभियुक्त को सजा सुनाएगी।

## शरीर की खुराक भोजन तो आत्मा की खुराक भजन : मनोहर बाबा

**सूक्ष्म आत्मा की खुराक है भजन-कीर्तन : विधायक सोनू सिंह**

**मदन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** यह शरीर मिट्टी से बना है और एक दिन मिट्टी में मिल ही जाएगा, लेकिन आत्मा अमर है। आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए भजन-कीर्तन ही सर्वोत्तम माध्यम है। उक्त बातें शिवगंज कुटिया मंदिर के महंत मनोहर बाबा ने कही। वे शिवगंज निवासी दिनेश यादव के पिता, पूर्व वार्ड पार्षद सह राजद नेता स्वर्गीय जागरूप सिंह के स्वर्गवास के उपरांत आयोजित श्रद्धांजलि सभा, भजन-कीर्तन एवं भंडारा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मनोहर बाबा ने कहा कि शरीर का खुराक भोजन है जबकि आत्मा का खुराक भजन-कीर्तन। मृत्यु के बाद लोग भंडारे में पूड़ी-बुंदिया एवं अन्य पकवान समाज, परिवार और मित्रों के लिए करते हैं, लेकिन दिवंगत आत्मा की वास्तविक तृप्ति भजन-कीर्तन से ही होती है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म आत्मा को शांति प्रदान करने का सबसे प्रभावी साधन हरि-भजन है। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने स्वर्गीय जागरूप सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनकी स्वयं भी भजन-कीर्तन में गहरी आस्था है। विधायक ने कहा कि सूक्ष्म आत्मा की खुराक भजन-कीर्तन है और मृत्यु के उपरांत आयोजित भंडारे में भजन-कीर्तन का विशेष आध्यात्मिक महत्व होता है। भजन-कीर्तन में गायक सुदर्शन यादव, अवधेश चौधरी, राम प्रसाद चौधरी ने भावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया। ढोलक वाद्य में नरेश चौधरी, ललन बड़ा बाबू, धन जी, मामा वासुदेव सिंह जबकि बेंजू वादन में सुनील चौधरी, कइल मिस्त्री, गंगा, नन्हकू, राम, अमित कुमार पंचासी, राम नारायण, पोरस सिंह, बालदेव पासवान, नंदू चौधरी, धन जी पासवान सहित अन्य कलाकारों ने संगत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आगत अतिथियों को उनके पुत्र गणेश सिंह, रमेश सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन के


**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर परिषद् औरंगाबाद**
**(नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना)**

**आम सूचना**

नगर परिषद् औरंगाबाद द्वारा नगर निकाय क्षेत्र का वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए वार्षिक बजट तैयार किया जा रहा है । नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्र के ईच्छुक नागरिकों/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों/स्कूल–कॉलेज/सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों से अनुरोध है कि अपना बहुमूल्य सुझाव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक–31.01.2026 तक उपलब्ध कराने की कृपा करे, ताकि नगर परिषद् औरंगाबाद द्वारा नगर निकाय क्षेत्र का विकासोन्मुखी एवं परिणाम परक बजट तैयार किया जा सके। निम्न बिन्दुओं पर नगर परिशद् औरंगाबाद शहर के नागरिकों से अपना बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित करता है :–

1. औरंगाबाद शहर में प्रदूषण नियंत्रण पर सुझाव,
2. औरंगाबाद शहर को स्वच्छ बनाने हेतु सुझाव,
3. औरंगाबाद शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने का सुझाव,
4. औरंगाबाद शहर को जल जमाव एवं Outfall की समस्या से निजात हेतु सुझाव,
5. नगर परिषद औरंगाबाद के आंतरिक कोष में वृद्धि हेतु सुझाव,
6. अन्य कोई बहुमूल्य सुझाव

**मुख्य पार्षद**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 020995 ( B & C ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## एक नजर

### रोजगार कैम्प का आयोजन 8 जनवरी को

**नवादा।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 8 जनवरी 2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई), नवादा के प्रांगण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार कैम्प में महादेव हनुमंत विजय प्लेसमेंट सर्विस, भदोही (उत्तर प्रदेश) द्वारा टेक्नीशियन, मैकेनिकल एवं मैकेनिक (टाटा मोटर्स) पदों के लिए कुल 110 रिक्तियाँ अधिसूचित की गई हैं। इन पदों हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई अथवा डिप्लोमा निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 15,000 से 18,000 मासिक वेतन के साथ एक समय नाश्ते की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 38 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल राजस्थान, पुणे, हरियाणा एवं अहमदाबाद में रहेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु निर्धारित तिथि को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई), नवादा के प्रांगण में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक किया जाएगा। रोजगार कैम्प में वही अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे, जो एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हों। जो अभ्यर्थी एनसीएस पोर्टल पर निबंधित नहीं हैं, वे अपना निबंधन स्वयं एनसीएस पोर्टल के माध्यम से अथवा जिला नियोजनालय, नवादा में कराकर कैम्प में भाग ले सकते हैं।

उक्त नियोजन निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा किया जाएगा, तथा नियोजन से संबंधित सभी शर्तों के लिए नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में रहेगा।

### स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ करने का लिया निर्णय

**कौआकोल (नवादा)।** प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को नवगठित रोगी कल्याण समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त कर की गई। बैठक में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल ने सदस्यों ने सदस्यों से सुझाव प्राप्त कर समस्याओं के निदान की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की बात कही। बैठक में पीएचसी के मैनेजर नवीन कुमार पांडेय,रोगी कल्याण समिति के सदस्य सुशील कुमार सोनु,यदुनन्दन पासवान समेत अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद थे।

### प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

**नगरनौसा (नालंदा)।** वामपंथी मजदूर संगठनों के द्वारा देशव्यापी कार्यक्रम के तहत नगरनौसा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन। जिसमें सैकड़ों मजदूर महिलाओं ने भाग लिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं कि पूरे देश में मनरेगा कानून को रद्द कर जी राम जी कानून लाकर के एक झुनझुना थमा दिया गया है जी राम जी कानून को रद्द कर पुनः मनरेगा कानून को बहाल करने को लेकर यह धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया हैं। धारणा को संबोधित करते हुए मरेगा मजदूर सभा के जिला संयोजक रामदास अकेला ने कहा कि यह कानून 2005 में मजदूरों के लिए बना था इसको खत्म करने के लिए जी राम जी कानून लाकर के मनरेगा को मार देना चाहता है जहां इसमें गरीबों को मजदूरी नहीं बढ़ाया गया काम का दिन तो बढ़ाया गया है लेकिन जो केंद्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत खर्च करते था आज 40 प्रतिशत खर्च करने के लिए बिहार सरकार पर छोड़ दिया गया 60 प्रतिशत केंद्र सरकार तो यह जो है सिर्फ कानून को समाप्त करने के लिए यह बना है। बुलडोजर राज बिहार में गरीबों को झोपड़िया को उजाड़ रहा इसको तत्काल रोक लगाया जाए। सभी गरीबों को बरसों से वहाँ बसे हुए है वसे सभी परिवारों को जमीन का पर्चा दिया जाय। मौके पर जनार्दन प्रसाद,मुनेश्वर बिंद, कामेश्वर प्रसाद, अरविंद प्रसाद, जगदेव दास, सूरज मंडल आदि वक्ताओं ने भी धरना प्रदर्शन को संबोधित किया।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर आयोजित

**कौआकोल।** प्रखण्ड के कौआकोल एवं केवाली पंचायत में मंगलवार को फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में दर्जनों किसानों का निःशुल्क फार्मर आईडी कार्ड बनाया गया। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि शिविर में किसानों का आधार कार्ड एवं ऑनलाइन से निर्गत लगान रसीद एवं मोबाइल नम्बर प्राप्त कर सम्बन्धित कर्मियों के द्वारा सत्यापन के पश्चात फार्मर रजिस्ट्री किया गया। उन्होंने बताया कि किसान आइडी नहीं बनाने वाले किसानों को पीएम किसान सम्मान सहित अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित होना पड़ जायेगा। उन्होंने किसानों से अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री कार्ड बनवाने की अपील किया है। मौके पर किसान समन्वयक शशिभूषण कुमार आनन्द,किसान सलाहकार सचिन कुमार, राजस्व कर्मचारी प्रकाश कुमार, नितेश कुमार मिश्रा, मिथुन कुमार, आदित्य कुमार, नरेंद्र कुमार, दीपक कुमार मौजूद थे।

### पुलिस की कार्रवाई में 22 गिरफ्तार, अवैध खनन व शराब तस्करी पर कसा शिकंजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर व्यापक कार्रवाई की गई। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी और वाहन जांच अभियान चलाकर 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है। मद्य निषेध अधिनियम के तहत चार लोगों की गिरफ्तारी की गई, जबकि अनुसूचित जाति/जनजाति एक्ट के तहत दो अभियुक्तों को पकड़ा गया। अवैध खनन के एक मामले में भी गिरफ्तारी हुई है। इसके अलावा अन्य विभिन्न धाराओं में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान 1.5 लीटर विदेशी शराब की भी बरामदगी की गई। पुलिस ने वारंट निष्पादन अभियान के तहत कुल 52 वारंटों का निष्पादन किया, वहीं कुर्की-जब्ती के 11 मामलों में कार्रवाई की गई। वाहन जांच अभियान के दौरान 250 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों के उल्लंघन पर कुल 46,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अन्य उपलब्धियों में अवैध बालू ढुलाई में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर, तीन झारसुगिया (बालू लदे वाहन), एक ई-रिक्शा और दो अपहृता की बरामदगी शामिल है। कादिरगंज थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदे तीन झारसुगिया और एक ई-रिक्शा जब्त कर संबंधित मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई। हिसुआ थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर भी पकड़ा गया। वहीं पकरीबरावां थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 1.5 लीटर विदेशी शराब के साथ एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है, जिस पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

# सड़क सुरक्षा अभियान रथ को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

## अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा सुरक्षित वाहन संचालन पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर पंचायत स्तर पर जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही वाहन चालकों को शपथ भी दिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 'रोको-टोको अभियान' के तहत बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों को गुलाब का फूल देकर उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा, प्रवर्तन अवर निरीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने द्वितीय अपील के तहत शिकायतों का किया निस्तारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई की। इस अवसर पर छह परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से तीन मामलों का ऑन-स्पॉट निस्तारण किया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में मुकेश कुमार द्वारा बिहार सरकार की भूमि पर निर्माण एवं खेती किए जाने के संबंध में, कृष्णा कुमार द्वारा मंदिर की भूमि से अतिक्रमण हटाने के संबंध में तथा लालती देवी द्वारा अंचल कार्यालय, वारिसलीगंज से दाखिल-खारिज की नकल निर्गत किए जाने के संबंध में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए जांच प्रतिवेदन के आलोक में आज उक्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर अधिकतम दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंडों एवं पंचायतों से संबंधित विवादों अथवा समस्याओं के समाधान हेतु कोई भी व्यक्ति अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में अपील दायर किया जा सकता है। वहीं, जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। वादों की सुनवाई एवं निवारण की प्रक्रिया में दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष रूप से कार्रवाई की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज कराने, निवारण कराने एवं अपील दायर करने की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। अब शिकायतें एवं अपील ऑनलाइन माध्यम से भी दर्ज की जा सकती हैं, जिससे निवारण की प्रक्रिया और अधिक सरल एवं सुगम हो गई है। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएँ और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# किसान रजिस्ट्री शिविर का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मंगलवार को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान हरनौत प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन डिहरी में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिविर में किसानों की उपस्थिति, पंजीकरण प्रक्रिया एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले में किसानों की सुविधा एवं योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने हेतु किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन 6 जनवरी से 9 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। यह शिविर नालंदा जिले की सभी 231 पंचायतों में एक साथ संचालित किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों का रजिस्ट्रीकरण कर उनका अद्यतन एवं प्रमाणिक डाटा संकलित करना है, ताकि उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषि योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके। किसान रजिस्ट्री से भविष्य में योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रखंडों में वाहन रथ के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जो पंचायतों एवं गांवों में जाकर शिविर की जानकारी दे रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिलेभर में अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा शिविरों के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर अपने संबंधित पंचायत में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (राजस्व), जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धान खरीद में धीमी प्रगति पर डीएम सख्त



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रगति को लेकर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान अधिप्राप्ति कार्य की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले के लिए निर्धारित 1,22,085 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 4,598 किसानों से 33,424 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जो कुल लक्ष्य का 27.41 प्रतिशत है। प्रखंडवार प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि थरथरी प्रखंड में सर्वाधिक 40.64 प्रतिशत धान अधिप्राप्ति हुई है।कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जिला पदाधिकारी ने 20 प्रतिशत से कम प्रगति वाले प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। साथ ही धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, वरीय उपसमाहर्ता (अधिप्राप्ति) तथा जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार राज्य 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल में मंगलवार को आयोजित बैठक के दौरान बिहार राज्य 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के पुराने संगठन को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से कुमार गौतम अरुण को संघ का अध्यक्ष चुना गया, जबकि तौसीफ को सचिव और शंभू कुमार उर्फ शंभू पटेल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी के गठन से एंबुलेंस कर्मियों में उत्साह का माहौल देखा गया। नव चयनित अध्यक्ष कुमार गौतम अरुण ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य एंबुलेंस कर्मियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को एकजुट होकर सरकार और संबंधित एजेंसियों के समक्ष मजबूती से उठाना है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 63 एंबुलेंस संचालित हैं, जिन पर लगभग 250 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके बावजूद कर्मियों को समय पर वेतन नहीं दिया जाता। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एंबुलेंस कर्मियों से प्रतिदिन 12 घंटे या उससे अधिक काम लिया जाता है, जबकि श्रम कानून के अनुसार 8 घंटे की ड्यूटी के आधार पर न्यूनतम 545 रुपये मजदूरी मिलनी चाहिए। अतिरिक्त समय तक कार्य लेने पर ओवरटाइम का भुगतान भी नहीं किया जाता। इसके अलावा कर्मियों से पूरे 30 दिनों तक काम लिया जाता है, लेकिन वेतन केवल 26 दिनों का ही दिया जाता है, जो सरासर अन्याय है। संघ ने यह भी बताया कि एंबुलेंस कर्मियों को अक्सर अस्पताल से दूर-दराज के गांवों और ग्रामीण इलाकों में मरीज लाने-ले जाने के लिए भेजा जाता है। ऐसे इलाकों में न तो उनकी सुरक्षा के लिए कोई ठोस व्यवस्था रहती है और न ही प्रशासनिक सहयोग मिलता है। कई बार मरीज के देर से पहुंचने या अन्य कारणों से एंबुलेंस कर्मियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की घटनाएं भी होती हैं, जिससे उनका मनोबल टूटता है। इसके साथ ही एंबुलेंस वाहनों के रखरखाव में भी भारी लापरवाही बरती जाती है। यदि किसी दुर्घटना में एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो उसका खामियाजा चालक और कर्मियों को भुगतना पड़ता है। कई मामलों में न तो वाहन की मरम्मत समय पर कराई जाती है और न ही दुर्घटना के दौरान कर्मी को वेतन नहीं दिया जाता है। इतना ही नहीं, कर्मचारियों को आज तक नियमित रूप से वेतन पर्ची (पे-स्लिप) भी उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे वे अपने वेतन और कटौती की सही जानकारी नहीं रख पाते।

# प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

## जल-जीवन-हरियाली दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** डीआरडीए सभागार, नवादा में उप विकास आयुक्त, नवादा निलिमा साहु की अध्यक्षता में जल-जीवन-हरियाली दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, हरियाली को बढ़ावा देना तथा जनमानस को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना द्वारा आयोजित जल-जीवन-हरियाली दिवस कार्यक्रम का बापू टावर, पटना से लाइव प्रसारण भी प्रदर्शित किया गया। जिले में जल-जीवन-हरियाली दिवस पूरे उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा की छात्रा कृपा तुलसी ने जल-जीवन-हरियाली के महत्व पर प्रभावशाली भाषण दिया। उप विकास आयुक्त निलिमा साहु ने गीत के माध्यम से हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उपस्थित जनसमूह के समक्ष विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के दौरान जिले में आहर, तालाब, पईन, पोखर, चेकडैम, वृक्षारोपण एवं अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन एवं सुदृढ़ीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। दिनांक 24 दिसंबर 2025 को आयोजित जल-जीवन-हरियाली अभियान से संबंधित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को उप विकास आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया।

***प्रथम स्थान*** *– आंचल कुमारी – 6,000/- एवं प्रशस्ति पत्र*

***द्वितीय स्थान*** *– सन्नी कुमार – 5,000/- एवं प्रशस्ति पत्र*

***तृतीय स्थान*** *– कृपा तुलसी – 4,000/- एवं प्रशस्ति पत्र*

इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी-सह-निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, डीपीओ शिक्षा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला मिशन प्रबंधक, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

# उज्ज्वला योजना के नाम पर अवैध वसूली का खेल उजागर

## लाभार्थियों से 3000 रुपये तक की अवैध वसूली और रेट लिस्ट गायब होने की शिकायत

## एसडीएम के निर्देश पर भारत गैस एजेंसी में हुई जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** रजौली में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से अवैध वसूली का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पिछले काफी समय से स्थानीय लाभुकों द्वारा यह शिकायत दर्ज कराई जा रही थी कि गैस कनेक्शन देने के नाम पर उनसे नाजायज राशि की मांग की जा रही है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) अजीत कुमार को मामले की गहन जांच करने और विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। एसडीएम के आदेश के आलोक में जब एमओ अजीत कुमार भारत गैस एजेंसी की जांच करने पहुंचे, तो वहां कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच के दौरान यह पाया गया कि एजेंसी संचालिका द्वारा लाभार्थियों से चूल्हे और अन्य शुल्क के नाम पर 2,000 से 3,000 रुपये तक की अतिरिक्त राशि वसूली जा रही थी। प्रशासनिक नियमों की अनदेखी का आलम यह था कि एजेंसी परिसर में कहीं भी कोई रेट तालिका प्रदर्शित नहीं की गई थी, जिससे आम जनता को आधिकारिक कीमतों का पता न चल सके। पूछताछ के दौरान एमओ को बताया गया कि योजना के तहत मिलने वाले सरकारी चूल्हे स्टॉक में उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए बाहर से चूल्हे मंगवाकर उनकी राशि ली जा रही है। दूसरी ओर, एजेंसी संचालिका नीशा कुमारी ने इन आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि किसी से भी जबरन वसूली नहीं की जा रही है। उन्होंने तर्क दिया कि सरकारी चूल्हा उपलब्ध न होने की स्थिति में जो लाभार्थी अपनी इच्छा से दूसरा चूल्हा लेना चाहते हैं, उन्हें ही बाजार दर के हिसाब से चूल्हा दिया जा रहा है। उनके अनुसार, दूसरे चूल्हे की कीमत लगभग 2,600 से 2,800 रुपये है, जिसमें से सरकारी अनुदान के एक हजार रुपये काटकर शेष राशि ली जा रही है। फिलहाल, एमओ ने बताया कि जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और रिपोर्ट आगे की दंडात्मक कार्रवाई हेतु एसडीएम को भेजी जा रही है ताकि दोषियों पर नकेल कसी जा सके।

# हत्या मामले में 18 दोषियों को सजा, पांच को उम्रकैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा (नालंदा)।** न्याय की धीमी पर ठोस चाल ने आखिरकार इंसाफ की मोहर लगा दी। हिलसा व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार पांडेय ने एक सनसनीखेज हत्या मामले में फैसला सुनाते हुए कुल 18 आरोपियों को दोषी ठहराया है। इस फैसले में पांच मुख्य अभियुक्तों को आजीवन सश्रम कारावास, आठ को एक वर्ष तथा पांच को छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। यह मामला चंडी थाना कांड संख्या 382/20 से जुड़ा है, जिसमें न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 147, 148, 448 एवं आर्म्स एक्ट के तहत दोष सिद्ध होने पर सजा निर्धारित की। गोपी बिगहा (चमरोली) निवासी सत्येंद्र दास, राजकुमार दास, शिवचंद्र दास, पप्पू दास और जगदीश दास को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास के साथ प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में उन्हें एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। इसी मामले में भीड़ का हिस्सा बनकर मारपीट करने के दोषी पाए गए मुकेश दास, इंद्रजीत दास, संजय दास, रामप्रवेश दास, किशोर दास, जय किशुन दास, सुमंगल दास एवं बिनोद दास को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी गई है। वहीं सोनी दास, बबीता देवी, गुड़िया देवी, उर्मिला देवी और मुनर देवी को छह-छह माह की सजा सुनाई गई है। सभी दोषी गोपी बिगहा गांव के निवासी हैं।

# चितरकोली गांव में चलाया गया जन शिक्षा जागरुकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय से लगभग 8 से 10 किलोमीटर दूर एनएच-20 के किनारे अवस्थित चितरकोली पंचायत में मंगलवार को अलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा भारत पढ़ेगा के बैनर तले जन शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पंचायत के छात्र-छात्राओं एवं परिजनों में शिक्षा, स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं मोबाइल के सही उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करना था। यूनिवर्सिटी के छात्र रौशन कुमार यादव ने बताया कि वे शहरी क्षेत्रों में समाज के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस बार जब वे अपने गांव छुट्टी में आए,तो उन्होंने अपने पंचायत के सामाजिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के दौरान छात्राओं को एक खुला मंच मिला और वे अपनी परेशानियों को साझा की।

**संस्कृत के शिक्षक की जरूरत**

छात्रों का कहना है कि चितरकोली विद्यालय में संस्कृत के शिक्षक नहीं रहने से उन्हें परेशानी हो रही है। इसको लेकर प्रधानाध्यापक पुष्कर कुमार के द्वारा कहा गया कि उनके द्वारा विभागीय पत्राचार किया गया है,जल्द ही संस्कृत के शिक्षक की पदस्थापना होने की उम्मीद है।

**मनचलों से परेशान हैं छात्राएं**

दुर्वासा ऋषि के तपोस्थली के समीप बसा चितरकोली पंचायत में प्राथमिक से लेकर माध्यमिक स्तर की शिक्षा के लिए विद्यालय और शिक्षक की व्यवस्था की गई है।वहीं कुछ छात्राएं जो अपने भविष्य को बेहतर बनाना चाहती हैं,वे 8 से 10 किलोमीटर दूर रजौली में कोचिंग करने प्रतिदिन आवागमन करती हैं।इस दौरान उन्हें गांव के ही मनचलों द्वारा बाइक से आगे पीछे कर उनपर भद्दी-भद्दी फब्तियां कसी जाती है।सड़क किनारे स्थित यात्री शेड के पास भी मनचलों का जमावड़ा रहता है। इसके कारण छात्राओं को अपने भविष्य संवारने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**सख्ती की आवश्यकता**

छात्राओं को पठन-पाठन में किसी प्रकार की परेशानी ना हो,इसको लेकर यूनिवर्सिटी के छात्रों ने ग्रामीणों से अपील किया कि वे अपने बच्चों की देखभाल करें। अन्यथा आनेवाले समय में समस्या का हल नहीं हुआ,तो स्थानीय चौकीदार समेत थाना को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य हो जाएंगे। साथ ही बताया कि मनचले लोग ना तो खुद आगे बढ़ते हैं और ना दूसरे को आगे बढ़ने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है,जिससे समाज में क्रांति के माध्यम बदलाव लाया जा सकता है।

# 12 महीने से मानदेय को तरस रहे स्वच्छता कर्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** सरकार की 'स्वच्छ गांव, समृद्ध गांव' की परिकल्पना धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है।रजौली प्रखंड अंतर्गत हरदिया पंचायत से एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है, जहां पिछले एक वर्ष से स्वच्छता कर्मियों को उनके पसीने की कमाई नसीब नहीं हुई है। विडंबना यह है कि अपनी वाजिब मजदूरी की मांग करने पर इन गरीब मजदूरों को सांत्वना देने के बजाय उन्हें नौकरी से निकालने का भय दिखाया जा रहा है।

पंचायत की गलियों और नालियों को साफ सुथरा रखकर आम जनमानस को बीमारियों से बचाने वाले इन योद्धाओं की आर्थिक स्थिति आज अत्यंत दयनीय हो चुकी है। कार्यरत मजदूर गणेश राजवंशी, मुकेश कुमार, गणेश कुमार और सुबोध रविदास ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वे पिछले 12 महीनों से बिना किसी वेतन के लगातार अपनी सेवा दे रहे हैं। घर की माली हालत खराब होने और बुनियादी जरूरतों के लाले पड़ने के बावजूद वे इस उम्मीद में काम कर रहे थे कि आज नहीं तो कल प्रशासन उनकी सुध लेगा, लेकिन अब स्थिति धैर्य की सीमा पार कर चुकी है।मजदूरों का आरोप है कि जब वे अपने बकाया मानदेय के संबंध में स्वच्छता सुपरवाइजर चंदन कुमार के पास गुहार लगाने जाते हैं, तो उन्हें उचित जवाब देने के बजाय अपमानित किया जाता है। कर्मियों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि सुपरवाइजर द्वारा उन्हें सीधे शब्दों में धमकी दी जाती है कि यदि उन्होंने मानदेय की ज्यादा रट लगाई या विरोध प्रदर्शन किया, तो उन्हें काम से हटा दिया जाएगा और उनकी जगह नए लोगों को रख लिया जाएगा। इस तरह की तानाशाही और शोषण के बीच ये मजदूर मानसिक दबाव में काम करने को विवश हैं। हैरानी की बात यह है कि एक ओर जहां सरकार स्वच्छता अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर काम करने वाले इन मजदूरों को एक साल से भुगतान न होना प्रशासनिक विफलता की ओर इशारा करता है। भुगतान न होने के पीछे की असली वजह क्या है और बजट की राशि कहां रुकी हुई है, इस पर अब तक किसी भी आला अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया है। वर्तमान में स्थिति यह है कि हरदिया पंचायत के ये स्वच्छता कर्मी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं, क्योंकि बिना वेतन के इतने लंबे समय तक परिवार का भरण-पोषण करना उनके लिए असंभव होता जा रहा है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार झा कहते हैं कि कई पंचायतों के राशियों का एलाटमेंट नहीं आया था,जिसके कारण 12 माह का तो नहीं,लेकिन पांच, छह माह का वेतन बकाया है। जिसे इसी माह में भुगतान कराने की कोशिश की जा रही है।

# इस वर्ष के अंत तक पूरा हो जायेगा मुख्यमंत्री द्वारा घोषित योजनाओं का कार्य

## जिलाधिकारी ने की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के क्रम में गया जिले के विकास के लिए की गई घोषणाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में प्रशासन ने कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सभी संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति, कार्य प्रगति और समयसीमा की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के लिए भूमि अर्जन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित गति से कार्य किया जाए, ताकि योजनाएं समय पर पूरी हों। अपर समाहर्ता राजस्व सहित संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन भूमि अर्जन की प्रगति की समीक्षा कराने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि 13 फरवरी 2025 को प्रगति यात्रा के दौरान गया जिले के लिए कुल 13 घोषणाएं की गई थीं, जिन्हें राज्य सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें इमामगंज प्रखंड में मोरहर नदी पर कोठी वीयर का निर्माण शामिल है जिसका कार्य जल संसाधन विभाग करा रहा है और अगस्त 2026 तक पूर्ण होगा। इमामगंज के लावावार और सोनदाहा बांधों का जीर्णोद्धार लघु जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है जबकि बारा बांध का कार्य तेजी से चल रहा है और अगस्त 2026 तक पूरा होगा। बसतपुर वीयर से लोदीपुर तक पईन के जीर्णोद्धार और विस्तार कार्य में अतिक्रमण हटाने तथा बिजली पोल शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं, यह कार्य नवंबर 2026 तक पूरा होगा। नगर क्षेत्र में घुघरीटांड़ और मुफस्सिल मोड़ पर दो फ्लाईओवर का निर्माण बिहार राज्य सड़क विकास निगम द्वारा कराया जा रहा है। भूमि अर्जन में तेजी लाने के निर्देश के साथ बैठक में निगम के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई गई। गया-परैया-गुरारू होते हुए औरंगाबाद-रफीगंज पथ का चौड़ीकरण पथ निर्माण विभाग शेरघाटी द्वारा किया जा रहा है जिसमें तीन किलोमीटर कार्य पूरा हो चुका है और अप्रैल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इमामगंज से सलैया होते हुए झारखंड को जोड़ने वाली सड़क के चौड़ीकरण में भी तेजी लाई जा रही है। बेल्थू गांव के लिए प्रस्तावित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण दुर्बे नगर में चिन्हित भूमि पर जून 2027 तक पूरा होगा। कंडी नवादा और सिलौंजा में दो पार्कों का निर्माण जारी है। अतरी, कोंच, गया सदर, टेकारी, डुमरिया, परैया, फतेहपुर, बाराचट्टी, मानपुर, वजीरगंज, आमस, मोहनपुर, गुरारू और बांकेबाजार में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन बनाए जा रहे हैं, जिनमें आठ का कार्य शुरू हो चुका है। गया रेलवे स्टेशन से रामशिला जाने वाले पथ पर बागेश्वरी रेलवे गुमटी के पास रेल ओवरब्रिज का निर्माण पुल निर्माण निगम द्वारा किया जाएगा।

# पहाड़पुर स्टेशन पर वैशाली-कोडरमा मेमू ट्रेन के ठहराव की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत गया-कोडरमा रेल खंड के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन पर वैशाली-कोडरमा मेमू ट्रेन के ठहराव की मांग तेज हो गई है। रेलवे बोर्ड की अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल पहाड़पुर स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव कराने को लेकर रेलहित और जनहित का हवाला दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वैशाली-कोडरमा मेमू ट्रेन का ठहराव यदि पहाड़पुर स्टेशन पर हो जाता है तो यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। साथ ही रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। इस ट्रेन के ठहराव से छात्र-छात्राओं, व्यापारियों और दैनिक रेल यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। गया जिला क्षेत्र में स्थित पहाड़पुर रेलवे स्टेशन बिहार और झारखंड की सीमा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण स्टेशन है। इस स्टेशन पर झारखंड के हजारीबाग और चतरा जिले के अलावा बिहार के नवादा, नालंदा और गया जिले के लोग निर्भर हैं। करीब दो लाख की आबादी पहाड़पुर स्टेशन से आवागमन करती है। कम ट्रेनों के ठहराव के बावजूद यह स्टेशन राजस्व के मामले में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। पहाड़पुर स्टेशन से महज चार किलोमीटर की दूरी पर अति प्राचीन, ऐतिहासिक और धार्मिक आस्था का केंद्र स्वयंभू भगवान सण्डेश्वर नाथ धाम स्थित है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते-जाते हैं। गया जंक्शन से वैशाली-कोडरमा मेमू ट्रेन खुलने के बाद इसका पहला ठहराव करीब 45 किलोमीटर दूर गुरपा स्टेशन पर है जबकि गुरपा से पहले पहाड़पुर एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। वर्तमान में पहाड़पुर स्टेशन पर नई दिल्ली-पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, पटना-रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, पूर्णिया कोर्ट-हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, हटिया-इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस, जम्मूतवी-कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस, ऋषिकेश-हावड़ा-ऋषिकेश दून एक्सप्रेस, धनबाद-सासाराम-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस, दानापुर-कोडरमा-दानापुर एक्सप्रेस, गया-आसनसोल-गया मेमू तथा वाराणसी-आसनसोल-वाराणसी मेमू ट्रेनों का ठहराव हो रहा है। इसके बावजूद वैशाली-कोडरमा मेमू ट्रेन का ठहराव नहीं दिया जाना क्षेत्र के लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इस संबंध में रेल मंत्रालय, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा से लगातार मांग की जा रही है। क्षेत्र के लोगों को रेल मंत्रालय और रेल प्रशासन से उम्मीद है कि जल्द ही इस ट्रेन का ठहराव पहाड़पुर स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाएगा।

## गया-कोडरमा रेल खंड पर आरपीएफ का विशेष जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** ट्रेनों और स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गया-कोडरमा रेल खंड पर रेलवे सुरक्षा बल की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत यात्रियों को सुरक्षित यात्रा से जुड़ी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों से चलती ट्रेन में चढ़ने और उतरने से परहेज करने, दरवाजे पर खड़े होकर यात्रा नहीं करने, बेवजह ट्रेन को रोकने जैसी गतिविधियों से बचने और संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क नजर रखने की अपील की गई। साथ ही सुरक्षित रेल यात्रा बनाए रखने के लिए हमेशा सजग रहने पर जोर दिया गया। यह अभियान पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ महानिरीक्षक अमरेश कुमार के निर्देश पर सोमवार को चलाया गया।

## आरोपुर गांव में चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना, लाखों की संपत्ति पर किया हाथ साफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड के अमैठी पंचायत अंतर्गत आरोपुर गांव में सोमवार की देर रात चोरों ने तीन घरों में घुसकर करीब तीन लाख रुपये मूल्य की संपत्ति की चोरी कर ली। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। चोरों ने सबसे पहले पिंटू कुमार के बंद घर को निशाना बनाया। ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ा और कीमती सामान चुरा लिया। पीड़ित पिंटू कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी का इलाज गया में चल रहा है जिसके कारण वे परिवार के साथ सोमवार को गया गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने उनके घर में धावा बोला। उन्होंने बताया कि घर के दो कमरों से जेवर और कपड़ों की चोरी हुई है जबकि अन्य कमरों का ताला तोड़ने का भी प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं टूट सका। पिंटू कुमार के अनुसार चोरी गए जेवरों में सोने की सिकड़ी, एक अंगूठी, आधा किलोग्राम चांदी से बना जेवर और एक जोड़ी सोने की बाली शामिल है। इसके अलावा घर में रखे कपड़े भी चोर उठा ले गए। पिंटू कुमार के घर से सटे उनके चाचा भागीरथ प्रसाद के घर में भी चोर छत के रास्ते घुसे और चार्ज में लगे एक स्मार्टफोन की चोरी कर ली। घटना का पता उस समय चला जब पिंटू कुमार की बहन मोबाइल चार्जर से निकालने गई और मोबाइल वहां नहीं मिला। इसी दौरान चोरों ने उनके एक अन्य चाचा सत्येन्द्र प्रसाद के घर को भी निशाना बनाया। चोर वहां से एक बैग चुरा ले गए जिसमें दस हजार रुपये नकद रखे हुए थे।

## बोधगया में आईटीसी होटल्स का नया वेलकम होटल एवं कन्वेंशन सेंटर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आईटीसी होटल्स लिमिटेड ने बोधगया में वेलकम होटल बाई आईटीसी होटल्स, होटल एवं कन्वेंशन सेंटर के उद्घाटन की घोषणा की है। 18 एकड़ के शांत परिसर में स्थित यह होटल 98 आधुनिक कमरों व सुइट्स तथा अत्याधुनिक बैंक्वेट और कन्वेंशन सुविधाओं से सुसज्जित है। यह कन्वेंशन सेंटर बिहार और पूर्वी भारत की सबसे बड़ी सुविधाओं में शामिल है जहां 500 से 2,000 लोगों तक की क्षमता वाले आयोजन संभव हैं। कॉर्पोरेट मीटिंग्स, सम्मेलनों, शादियों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उत्पला हॉल, नालंदा हॉल और विशाल स्तूप ऑडिटोरियम विशेष रूप से डिजाइन किए गए हैं। आईटीसी होटल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनिल चड्ढा ने इसे स्थानीय विरासत और सेवा उत्कृष्टता का संगम बताया। वहीं कुमार इन्फ्राट्रेड एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनीष कुमार ने इसे कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# जनता दरबार में एसडीओ ने की भूमि विवादों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** टिकारी अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन ने मंगलवार को कोंच प्रखंड के ई-किसान सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य रूप से भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जे और जमीन के सीमांकन से जुड़े बारह से अधिक आवेदनों पर सुनवाई हुई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कई पुराने और लंबित भूमि विवादों का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने अंचल अधिकारी मुकेश कुमार को शेष मामलों की त्वरित जांच के निर्देश दिए। एसडीओ ने सभी कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने-अपने पंचायत के भूमि संबंधी मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करें, अन्यथा अगली सुनवाई में कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने सीओ और सभी कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे भूमि संबंधी विवादों में पारदर्शिता बरतें, ताकि आम जनता को अनावश्यक अदालती चक्कर न लगाने पड़े। इस जनता दरबार में कोंच के प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज और अंचल अधिकारी मुकेश कुमार के साथ-साथ राजस्व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# वनरक्षियों के छह माह के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के अंतर्गत राज्य वन प्रशिक्षण संस्थान, गया में वनरक्षियों के छह माह के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक हॉफ, बिहार प्रभात कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य नियोजन, प्रशिक्षण एवं विस्तार, बिहार सुरेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा मुख्य वन संरक्षक-सह-वन संरक्षक, गया अंचल, गया एस सुधाकर तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमंडल श्रेष्ठ कुमार कृष्णा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आगमन के उपरांत अतिथियों का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद कक्षा-कक्ष में औपचारिक स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ जहां दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राज्य वन प्रशिक्षण संस्थान, गया के निदेशक ने स्वागत-सह-संबोधन प्रस्तुत करते हुए आधारभूत प्रशिक्षण की रूपरेखा, उद्देश्य तथा वनरक्षियों की भावी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वन संरक्षक-सह-वन संरक्षक, गया अंचल एस सुधाकर ने अपने संबोधन में प्रशिक्षु वनरक्षियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना के साथ दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि आधारभूत प्रशिक्षण वनरक्षियों के संपूर्ण सेवा जीवन की आधारशिला होता है, जिससे वे वन, वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े दायित्वों का प्रभावी और उत्तरदायी ढंग से निर्वहन कर सकें। मुख्य अतिथि प्रभात कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में वनरक्षियों से ईमानदारी, संवेदनशीलता, अनुशासन और समर्पण भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वनरक्षी वन विभाग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं जिन पर वन, वन्यजीव और जैव विविधता संरक्षण की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। उन्होंने यह भी बताया कि छह माह के आधारभूत प्रशिक्षण के दौरान कानूनी प्रावधानों, क्षेत्रीय अनुशासन, शारीरिक प्रशिक्षण और सर्वेक्षण से संबंधित आवश्यक व्यवहारिक ज्ञान दिया जाता है।

## मारपीट के आरोपित गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (गया)।** शेरघाटी थाना क्षेत्र में मारपीट के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि बीते दिनों थाना क्षेत्र अंतर्गत मारपीट की घटना सामने आई थी जिसमें पीड़ित पक्ष द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस जांच में उपहारा, औरंगाबाद निवासी रंजन कुमार उर्फ साहेब कुमार तथा छोटू कुमार, पिता परमू राम, निवासी रामपुर, जिला-अरवल का नाम सामने आया। दोनों पर आपसी विवाद के दौरान मारपीट करने का आरोप था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। ताकि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ स्पष्ट संदेश दिया जा सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है ।

# बौद्ध महोत्सव में ग्रामीण बौद्ध स्थलों को शामिल करने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** बौद्ध महोत्सव, बोधगया में गयाजी जिले के ग्रामीण बौद्ध स्थलों को सम्मिलित किए जाने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने जिला पदाधिकारी गयाजी, पर्यटन सचिव एवं मुख्यमंत्री को आवेदन देकर जिले की समृद्ध बौद्ध विरासत को समग्र रूप से सामने लाने की अपील की है। आवेदन में कहा गया है कि गयाजी जिला भगवान गौतम बुद्ध की तपोभूमि रहा है तथा इसके ग्रामीण अंचलों में अनेक ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के बौद्ध स्थल मौजूद हैं। बौद्ध महोत्सव का उद्देश्य केवल बोधगया तक सीमित न रहकर जिले भर की बौद्ध विरासत को संरक्षण, विकास और वैश्विक पहचान दिलाना होना चाहिए। हिमांशु शेखर ने उल्लेख किया कि वर्ष 2024 में जिला प्रशासन द्वारा 'पंचायत दर्शन' कार्यक्रम के तहत ग्रामीण बौद्ध स्थलों को जोड़ने का प्रयास किया गया था, किंतु पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह योजना अपेक्षित सफलता नहीं पा सकी और वर्ष 2025 में इसे स्थगित कर दिया गया। आवेदन में सांसद आदर्श ग्राम केसपा का विशेष उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यह क्षेत्र सनातन एवं बौद्ध धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। मान्यताओं के अनुसार भगवान बुद्ध के प्रधान शिष्य महाकश्यप का आश्रम केसपा में स्थित था। यहां मां तारा देवी मंदिर, बुद्ध पदचिन्ह, आदमकद बुद्ध प्रतिमा एवं कमल पुष्प प्रतीक जैसे महत्वपूर्ण स्थल मौजूद हैं। 1992 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने मां तारा देवी मंदिर में पूजा किए थे। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्वयंसेवी संस्थाओं, बौद्ध धर्म प्रचारकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए केसपा सहित जिले के सभी ग्रामीण बौद्ध स्थलों को बौद्ध महोत्सव, बोधगया से जोड़ा जाए। ताकि बौद्ध विरासत का संतुलित एवं समग्र विकास हो सके। हिमांशु शेखर ने कहा है कि 22 जनवरी से 24 जनवरी तक बौद्ध महोत्सव का कार्यक्रम निर्धारित है। 23 जनवरी को सरस्वती पूजा होने की वजह से बौद्ध महोत्सव में विद्यार्थी शामिल नहीं हो सकेंगे। बौद्ध महोत्सव का आयोजन गणतंत्र दिवस के उपरांत किया जाना चाहिए था।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/726, दिनांक 05.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए ओपन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3535, कार्य का नाम :** "हावड़ा स्टेशन पर 03 निगरानी उपकरण (पीसी) के साथ 09 स्थानों (यूटीएस और पीआरएस काउंटर, कैश ऑफिस और बीएस (जी) कार्यालय) में सीसीटीवी सर्विलांस कैमरे की स्थापना" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 6,16,388/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 12,300/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3397–आर, कार्य का नाम :** यार्ड के रिमॉडलिंग और प्लेटफॉर्म के विस्तार के संबंध में हावड़ा/आरआरआई में नए आरआरआई इनडोर उपकरण और आउटडोर की स्थापना और आरंभ करना। **निविदा मूल्य :** रु. 2,45,49,293/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 2,72,800/– **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 27.01.2026 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-513/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## एक नजर

### पारिवारिक कलह से तंग युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के केरकी रेलवे गुमटी के पास ग्राम अलीगंज निवासी सहदेव यादव के पुत्र अजय कुमार (उम्र लगभग 25 वर्ष) ने पारिवारिक कलह से तंग आकर मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव को अपने घर ले गए। बताया जाता है कि मृतक अजय कुमार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो छोटे पुत्र हैं जिनमें एक की उम्र 6 वर्ष तथा दूसरे की उम्र 2 वर्ष बताई गई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना पर सामाजिक कार्यकर्ता उदय यादव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है और समाज को पारिवारिक तनाव को समझने व समाधान की दिशा में गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है।

### डाउन सर्वर से पदाधिकारी सहित किसान परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों को किसान रजिस्ट्री कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया, परन्तु सर्वर डाउन रहने के कारण किसानों का कार्ड नहीं बन सका। सैकड़ों किसान निराश होकर सर्वर एवं सरकार एवं व्यवस्था को कोसते हुए अपने-अपने घर चले गए। शिविर में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक राकेश कुमार सिंह एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच। प्रखंड** के श्रीगांव पंचायत अंतर्गत ग्राम खभरा में कृषि विभाग द्वारा केंद्र प्रायोजित रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना के तहत सोमवार को कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने की जबकि संचालन की जिम्मेदारी निशांत कुशवाहा ने निभाई। मौके पर उपस्थित प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किसानों को कम वर्षा वाले क्षेत्रों में लाभकारी खेती के विकल्पों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मशरूम उत्पादन, चीना तथा मूंग की उन्नत खेती विधियों, बीज चयन, बोआई, देखरेख और संभावित लाभ के बारे में बताया। किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती अपनाने और आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान एवं महिलाएं मौजूद रहीं। उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

### बिपार्ड प्रशिक्षु अभियंताओं को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के कनिष्ठ अभियंताओं, जो बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, गया में प्रशिक्षणरत हैं, ने गया इंजीनियरिंग कॉलेज, गया के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की प्रयोगशालाओं में उपयोगी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में गया इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार का मार्गदर्शन एवं संस्थागत सहयोग सराहनीय रहा। साथ ही सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. रंजीत कुमार चौधरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही जिन्होंने प्रयोगशाला प्रशिक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि प्रो. रंजीत कुमार चौधरी, बिपार्ड गया के रिसोर्स पर्सन भी हैं और इससे पूर्व वे सहायक वास्तुविद एवं कनिष्ठ अभियंता बैचों को विशेषज्ञ व्याख्यान प्रदान कर चुके हैं। यह पहल अकादमिक-प्रशासनिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो अभियंताओं की तकनीकी दक्षता को और सुदृढ़ करेगी।

### नगर परिषद क्षेत्र के अधीन आने वाले मकान, दुकान का किया जाएगा सर्वे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** नगर परिषद क्षेत्र के अधीन आने वाले मकान, दुकान, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व अन्य परिसर का सर्वे किया जाएगा। सर्वे को लेकर नप प्रशासन द्वारा सूचना जारी की गई है व लोगों से सहयोग करने की अपील की गई है। जानकारी के अनुसार सर्वे का काम वीवीएन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूरा किया जाएगा। कम्पनी के कर्मियों द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर परती व मकान के स्वरूप की सर्वे कर सम्पति के मालिकाना हक रखने वाले लोगों को यूनिक आईडी दी जाएगी। सर्वे की पूरी डाटा जीआईएस से मैप किया जाएगा। सर्वे पूरी होने के बाद एक क्लिक में नप क्षेत्र के किसी भी सम्पति का मालिकाना हक, उसके स्वरूप की जानकारी हासिल की जा सकेगी। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा सर्वे की पूरी निगरानी की जाएगी। नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार झा ने बताया कि प्रोपर्टी सर्वे से नगर को सुव्यवस्थित करने व नागरिकों को बेहतर सुविधा देने में सुलभता होगी।

### पति-पत्नी के एक साथ निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी प्रखण्ड के शिवनगर पंचायत अंतर्गत सिंघापुर गांव में सात फेरे के बाद कई दशक तक साथ रहने वाले दम्पति ने एक साथ दम भी तोड़ा। सिंघापुर के रहने वाले महेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उनके पिता 101 वर्षीय बासदेव ठाकुर व माता 100 वर्षीय सुभागी देवी विगत सोमवार की रात्रि खाना खा कर सोये थे। मंगलवार की सुबह जब स्वजन कमरे में गये तो दोनों मृत थे। दोनों की एक साथ मौत ने स्वजन सहित अन्य लोगों को भी चौंका दिया। बासदेव ठाकुर कलकत्ता पुलिस अस्पताल से बतौर कर्मी सेवानिवृत हुए। दम्पति के एक साथ निधन की खबर गांव में फैलते ही लोगों का हुजूम जुट गया। लोगों ने दोनों के बीच अटूट प्यार का उदाहरण देते हुए दिवगंत आत्मा की शांति की कामना की। पुत्र महेश ने बताया कि माता-पिता द्वारा गांव में शिव मंदिर का निर्माण कराया गया था। दोनों के बीच अटूट प्रेम संबंध की हर लोग सराहना कर रहे थे। बासदेव ठाकुर के तीन पुत्र व एक पुत्री है जिसमें से एक पुत्र मिथिलेश ठाकुर का पूर्व में ही निधन हो गया था। निधन के बाद स्वजनों द्वारा एक ही साथ दोनों के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार विष्णुपद स्थित शमशान घाट पर किया गया। दम्पति की एक साथ प्राण त्यागने की खबर हर कोई सुन हतप्रभ था।


**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
**Email:- nphussainabad@gmail.com**

ज्ञापांक———————/दिंनाक—————————

**आम सूचना**

अपर अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य निदेशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 328, दिनांक– 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले पूर्व में Urban Health and Welness Center/आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक– 20.01.2026 को नगर पंचायत हुसैनाबाद में अपराहन 01:00 बजे साक्षात्कार/Walk-In-Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक चिकत्सक जो निम्नलिखित अहर्ता रखते हों, वे अपना Bio- Data उसी दिन पूर्वाहन 11:00 बजे कार्यालय में जमा कर या कार्यालय के ई–मेल nphussainabad@gmail.com पर भेज कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| क्रम सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 2 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 3 | उम्र सीमा | अधिक्तम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा। |
| 4 | मानदेय | रु0 63000/– (तिरसठ हजार रुपये मात्र) |
| 5 | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 6 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 7 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगी। | |
| 8 | Walk-In-Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 9 | कार्यदिवस झारखण्ड सरकार के द्वारा मान्य सभी कार्य दिवस | |

PR 370103 District(25-26).D

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

संपादकीय

# गिग वर्करों को वर्कर तो मानें

'बेशक देश भर में हुई, उस हड़ताल की ज्यादा चर्चा नहीं हुई, लेकिन एक नए किस्म के कामगारों की मानवीय और श्रम अधिकारों को लेकर उसने देश का ध्यान खींचा। यह हड़ताल उन हजारों गिग कर्मचारियों की थी, जिन्हें आमतौर पर लोग डिलीवरी ब्वॉय या कैब ड्राइवर के रूप में जानते हैं। लोग इनका बेसब्री से इंतजार तो करते हैं, लेकिन उनकी कठिन जिंदगी के बारे में नहीं जानना चाहते। ये गिग कर्मचारी ब्लिंकिट, जोमातो, स्विगी जैसे क्विक कॉमर्स कंपनियों के लिए काम करते हैं, जिनका दावा है कि वो 10 मिनट में ग्राहक तक मनचाहा सामान पहुंचाती हैं और जिनके कारण लोग और ज्यादा आलसी हो गए हैं। गिग वर्कर्स यूनियनों ने बेहतर वेतन, सुरक्षित काम करने की जगहें और सामाजिक सुरक्षा लाभों की मांग करते हुए हड़ताल का आह्वान किया था। उन्होंने 10 मिनट की डिलीवरी पर भी रोक लगाने की मांग की थी, क्योंकि उनका कहना है कि डिलीवरी का समय पूरा करने के लिए तेज़ी से भागने से राइडर्स की जान खतरे में पड़ती है। भुगतान प्रणाली को लेकर भी यूनियन का कहना है कि कंपनियां पीक ऑवर्स में ज़्यादा रेट दिखाकर कर्मचारियों को आकर्षित करती हैं, जिससे कर्मियों की संख्या बढ़ जाती है और प्रति कर्मचारी कुल भुगतान कम हो जाता है। भर्ती पर कोई सीमा न होने और एल्गोरिदम आधारित फैसलों के ज़रिए 'अनुचित श्रम व्यवहार' (अनफेयर लेबर प्रैक्टिसेज) अपनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। कंपनियां तो यह मानने को तैयार ही नहीं है कि गिग वर्कर्स का शोषण हो रहा है। वो इन्हें वर्कर के बजाए डिलीवरी पार्टनर कहती हैं। जब कि गिग वर्कर्स यूनियनों का दावा है कि हड़ताल में 2 लाख से ज्यादा डिलीवरी राइडर्स ने भाग लिया। हालांकि हड़ताल के आव्हान के मद्देनजर कंपनियों ने वैकल्पिक वैसे व्यवस्था कर ली थी। ब्लिंकिट का दावा है नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अब तक के सबसे ज़्यादा 75 लाख से ज़्यादा ऑर्डर डिलीवर किए। बहरहाल इस एक दिनी हड़ताल के बाद सरकार ने 31 दिसंबर को एक मसौदा जारी किया। इस पर हित धारकों के सुझाव मांगे गए हैं। इसके तहत गिग वर्कर के लिए एक अलग सामाजिक सुरक्षा कोष बनाया जाएगा, जिसमें कंपनियों से लिया गया योगदान जमा होगा। यदि कोई कंपनी तय समय पर यह योगदान जमा नहीं करती है, तो उसे हर महीने एक प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। इसके तहत सरकार का इरादा जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट, जेप्टो , अमेजॉन, फ्लिपकार्ट समेत तमाम प्लेकटफॉर्म के डिलीवरी ब्वॉटयज, ओला-उबर कैब ड्राइवर को सोशल सिक्योवरिटी यानी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना चाहती है। इसके लिए सरकार ने सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत बनाए गए ड्राफ्ट में प्रस्तावि किया है। बता दें कि सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 समेत चार नए लेबर कोड्स 21 नवंबर, 2025 को नोटिफाई किए गए थे। हालांकि इसका लाभ कितने लोगों को मिल सकेगा, कहना मुश्किल है। क्योंकि सरकार ने इसमें यह शर्त भी जोड़ दी है कि सामाजिक सुरक्षा का लाभ केवल उन्हें गिग वर्कर्स को मिलेगा, जो एक कंपनी के साथ साल में कम से कम 90 दिन कर चुका हो। अगर इस अवधि में वह एक से अधिक ऐप या कंपनियों के साथ काम करता है, तो कुल मिलाकर उसे न्यूनतम 120 दिन काम करना होगा। यहां पेंच यह है कि कोई भी कंपनी 90 दिन पूरे होने से पहले ही गिग वर्कर को शंट कर देगी। हालांकि श्रम मंत्रालय ने एक दिन के काम की व्याख्या कर दी है। इसके मुताबिक किसी दिन चाहे जितनी भी कमाई हुई हो, यदि उस दिन काम किया गया है तो उसे एक कार्यदिवस माना जाएगा। लेकिन गिग वर्करों की यह लड़ाई अभी लंबी है।

# विदेश नीति के कठिन दौर में एकजुटता जरूरी

**रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा पूरी हो गई है, वे रुस वापस लौट चुके हैं। हालांकि यह आश्चर्यजनक है कि पुतिन की यात्रा के कई दिन पहले भारतीय मीडिया में भारी प्रमुखता से जो समाचार पुतिन को लेकर आ रहे थे और आकर्षक वातावरण बनाया जा रहा था, लगभग सारा मीडिया पुतिन की यात्रा को एक महान घटना बताने के लिए बेचैन था यहां तक कि उनकी कार कैसी है, उसकी लंबाई चौड़ाई कितनी है? आदि-आदि मीडिया में समाचार छप रहे थे।**

**रघु ठाकुर**

भारत के प्रधानमंत्री भी सामान्य राजनायिक शिष्टाचार की परंपराओं को तोड़कर स्वयं हवाई अड्डे पर श्री पुतिन को लेने गए और साथ-साथ कार में आए। मात्र 24 घंटे में तीन मुलाकातें हुई। यह मुलाकातें (खाने के अलावा) पहले-रात्रि भोज प्रधानमंत्री जी के निवास पर था जो बहुत सीमित था यहां तक कि उसमें विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री भी नहीं थे, एकदम वन-टू-वन चर्चा। दूसरा भोज राष्ट्रपति भवन में था। यह कुछ ज्यादा खुला था। यानी इसमें कुछ ज्यादा लोग निमंत्रित थे। उम्मीद थी कि कुछ बड़े निर्णय पुतिन के इस दौरे में जो 4 वर्ष के बाद हुआ था, हो सकेंगे। परंतु यात्रा समाप्ति के बाद 6 व 7 दिसंबर के अखबारों या मीडिया में कोई विशेष चर्चा उनकी यात्रा की नहीं हुई। यानी ऐसा कुछ लगा कि जिस उत्साह या विश्वास से यात्रा की चर्चा हुई थी वैसे अनुकूल परिणाम बातचीत के बाद नहीं निकल सके। इसलिए यात्रा के बाद मीडिया का आधा हिस्सा शांत रहा और या फिर शेष कुछ सरकारी विज्ञप्तियों तक सीमित रहा। श्री पुतिन की यात्रा के पहले एक प्रारंभिक वातावरण बनाने के लिए इस बार देश के दो चर्चित पत्रकार जिन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के बहुत नजदीक माना जाता है, अंजना ओम कश्यप और गीता मोहन जो इंडिया टुडे का विदेश विभाग देखते हैं, को मास्को भेजा गया था। मेरी स्मृति में यह पहली बार हुआ है कि जब यात्रा और बातचीत का आधार तय करने के लिए पत्रकारों को भेजा गया हो। श्री पुतिन से दिल्ली के पत्रकारों का साक्षात्कार मास्को में तय होना यह कोई सामान्य घटना नहीं है। जो पुतिन अपने ही देश के पत्रकारों से नहीं मिलते, बल्कि उनके बयान और समाचार पहुंचा दिए जाते हैं, वे भारतीय पत्रकारों को साक्षात्कार मास्को में बुलाकर देंगे या भारतीय पत्रकार मास्को जाकर साक्षात्कार लेने की अनुमति मिल जाएगी यह आसान नहीं है। मतलब साफहै कि सरकार ने अपनी ओर से जमीनी आधार तैयार करने के लिये (बातचीत के लिए) इन पत्रकारों को पहुंचाया था। जब कोई विदेशी मेहमान (सत्ता प्रमुख) भारत आता है तो प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री या कोई रक्षा मंत्री बातचीत करते हैं और सत्ता के प्रमुखों की बैठक के लिये आधार भूमि तय करते थे। दोनों तरफके मुखियाओं के विचार विनिमय के लिए आधार बिंदु तैयार करते है।

श्री पुतिन और श्री मोदी के बीच बताया जाता है कि 16 करार हुए हैं, परंतु इनमें भी कोई ठोस मुद्दे या बिंदु नजर नहीं आए जिनका निर्णायक हल होने की उम्मीद थी। श्हम



आतंकवाद के खिलाफहैंय या श्एकजुट हैं, कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं,य श्आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगेय आदि ऐसे शाब्दिक जुमले हैं जिनका कोई गहरा अर्थ नहीं होता। रात्रि भोज, निजी भोज फोटो सेशन यह सब तो एक समान्य शिष्टाचार की सीमाओं में आते हैं। इन्हें प्रचारित करना मीडिया के लिए क्यों जरूरी है? इसे सब जानते हैं। मीडिया का यह भी कहना है कि भारत-रूस के पुराने संबंध हैं, रूसी जनता में भारतीयों के प्रति बहुत प्रेम हैं या भारतीय जनता के मन में रूस के प्रति प्रेम हैय यह सब शिष्टाचार के जुमले हैं।

भारत आने से पहले पुतिन का बयान आया था कि वे 10 लाख भारतीय लोगों को रूस में रोजगार देंगे। उनके जाने के बाद की सरकारी विज्ञप्तियों में इस बारे में कोई अधिकृत घोषणा नहीं है। इतना अवश्य छपा है कि प्रधानमंत्री ने पुतिन से कहा कि जो भारतीय रुसी सेना में हैं उन्हें शीघ्र वापस भेजा जाए। पुतिन ने इस पर सहमति जताई, यद्यपि कोई समय सीमा की बात दोनों पक्षों ने नहीं की। यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह जो लोग रुसी सेना में भर्ती हैं, इन्हें सेना में भर्ती के लिये ले जाया गया था या उन्हें रोजगार के नाम पर ले जाकर बलात् रुसी सेना में यूक्रेन से लड़ने के लिए भर्ती कर दिया गया था। पिछले दिनों ऐसी खबरें भारतीय मीडिया में आई थीं। कई लोगों ने यह शिकायत की थी कि उनके बच्चों को नौकरी के नाम से धोखे से ले जाकर सेना में भर्ती कर दिया गया। इसकी भी कोई प्रमाणिक जानकारी अभी तक भारतीय सरकार ने नहीं दी कि कितने लोग रूस में रोजगार के लिए गए थे, उनमें से कितने लोग सेना में भर्ती किए गए। क्या वह अभी भी सेना में रहना चाहते हैं या नहीं आदि-आदि। ऐसा लगता है कि शायद राष्ट्रपति पुतिन 10 लाख लोगों को रोजगार के नाम पर रुसी सेना में भर्ती करना चाहते होंगे, क्योंकि लंबे समय से यूक्रेन-रूस युद्ध में हजारों सैनिकों की मौतों के बाद दोनों पक्षों के पास सैनिकों का अभाव है। रूस के पास अपने हथियार हैं, यूक्रेन के पास नाटो और अमेरिकी हथियार हैं। परंतु हथियार स्वतरू तो नहीं लड़ सकते। हथियार को लड़ने वाला एक इंसान चाहिए। यूक्रेन के लिए कुछ सैनिकों का सहयोग नाटो से प्राप्त हो रहा है और रूस के सामने संकट है। भारत के प्रधानमंत्री भी प्रत्यक्ष तौर पर सेना में भर्ती के रोजगार के लिए भारतीयों को भेजने का कोई समझौता नहीं कर सकते थे। अगर वह ऐसा करते तो उन्हें देश में भारी विरोध का सामना करना पड़ता। भारत ने भी रूसी लोगों के लिए 30 दिन का निःशुल्क ई-पर्यटक वीजा तथा समूह पर्यटक वीजा देने की घोषणा की है परंतु यह भी सामान्य सी बातें हैं। इन 16 समझौतों में जो अन्य समझौते हुए हैं, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, समुद्री सहयोग, उर्वरक, शैक्षिक, मीडिया के सहयोग के करार शामिल हैं। यह कोई भी समझ सकता है कि यह जो 16 करार हुए हैं, यह कोई बड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर नहीं है। पुतिन का यह कहना है कि दोनों पक्ष वार्षिक व्यापार को वर्तमान 64 अरब अमेरिकी डॉलर से 100 अरब अमेरिकी डॉलर करने पर विचार कर रहे हैं, हालांकि यह भी कोई महत्वपूर्ण बात नहीं है। जिस प्रकार से दुनिया में महंगाई बढ़ रही है और डॉलर की तुलना में रुपए की कीमत घट रही है। 6 दिसंबर 25 को 1 डालर के बराबर 90 रुपये हो चुके हैं। अगर इसके आगामी 5 वर्ष के संभावित आंकड़ों को निकाला जाए तो यह व्यापार वृद्धि नगण्य ही मानी जाएगी। वैसे भी समझौते में जिन बीजों का व्यापार या आदान-प्रदान का निर्णय हुआ है, क्या वह भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए कोई उल्लेखनीय माना जा सकता है? भारत रूस से तेल का पुराना ग्राहक है और वह कम या ज्यादा अभी भी रहेगा। प्राकृतिक गैस, कोयला, उर्वरक धातु आदि आज के दौर की ऐसी बुनियादी जरूरतें हैं जिन्हें भारत रूस से आयात करता है और बदले में भारत रूस को ऑटो पार्ट्स, इंजीनियरिंग, गुड्स टेक्सटाइल्स, कृषि व समुद्री उत्पाद यानी मछली आदि भेज सकता है। यह सब कोई बुनियादी जरूरतें नहीं है।

दरअसल पुतिन के आने के पहले यह प्रचारित किया गया कि भारत-रूस के बीच कोई बड़ा हथियार समझौता हो सकता है। विशेषतरूमिसाइल 400 का जो भारत के लिए सीमा की रक्षा के लिए जरूरी है। ऑपरेशन सिंदूर में भी रूसी मिसाइल की सफ्लता सिद्ध हो चुकी है। परंतु इस संबंध में कोई ठोस समझौते की रपट कम से कम मीडिया में तो नहीं आई। अभी यह भी कहा जा रहा है कि श्री पुतिन से ब्लोदिवोस्तोक कॉरिडोर से सामान लाने और भेजने की चर्चा हुई है। भारत-रूस पारंपरिक मार्ग जो मुंबई से स्वेज नहर होकर सेंट पीटर्सवर्ग को जाता है, उसकी लंबाई 16 हजार किलोमीटर की तुलना में यह कॉरीडोर लगभग 6 हजार किलोमीटर कम होगा। यानी लगभग 10 हजार किलोमीटर की लंबाई होगी। परंतु क्या यह अभी इतनी आसानी से संभव है? क्योंकि यह मार्ग दक्षिण चीन सागर और जापान सागर से होकर जाएगा। क्या इसके लिए चीन सहमति देगा? जो चीन, यूरोप और ईरान को जोड़ने के लिए वन रोड वन बेल्ट की सड़क योजना बना रहा है, क्या वह इसे होने देगा? क्या यह मार्ग सुरक्षित होगा? कुल मिलाकर यह समुद्री कॉरिडोर बनाने की समझ भी कोई महत्वपूर्ण समझौता नजर नहीं आती। चीन जिस प्रकार से पिछले दिनों सीमा के प्रश्न को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहा है अरुणाचल को भारतीय सीमा मानने को तैयार नहीं है तो क्या वह भारत के व्यापार के लिए आसानी से मार्ग खोल देगा? यह कल्पना कम से कम मुझे ठोस नजर नहीं आती। ऐसा लगता है कि अमेरिका से संबंध में तनाव आने के बाद भारत की सरकार भटकाव में है। और यह भारतीय राजनीति का दुखद पक्ष है कि श्री पुतिन की यात्रा के बाद संसद का जो सत्र शुरू हुआ, उसमें सत्ता पक्ष या विपक्ष किसी ने भी इन बुनियादी राष्ट्रीय चिताओं पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की। प्रतिपक्ष की चिंता है कि नेता प्रतिपक्ष को पुतिन से क्यों नहीं मिलाया और सत्ता पक्ष का उत्तर है कि यह सरकार का दायित्व नहीं है। पुतिन या कोई विदेशी मेहमान किस से मिलना चाहते हैं इसका फैसला वही करेंगे। हालांकि अच्छा होता कि विदेश नीति के इस कठिन दौर में भारत सरकार राष्ट्रीय एकजुटता का परिचय देती और किसी एक संवैधानिक पदाधिकारी के भोज में प्रतिपक्ष के नेता को मिलाते या एक औपचारिक या अनौपचारिक बैठक का आयोजन कर सकती थी जो समूची भारत की संसद का लघु रूप होता और राष्ट्रीय एकजुटता का भी पर्याय होता।

अध्यात्म

## दान करने से वस्तु घटती नहीं

एक राजा बड़े धर्मात्मा और दयालु थे, किंतु उनसे भूलसे कोई एक पाप हो गया था। जब उनकी मृत्यु हो गयी, तब उन्हें लेने यमराजके दूत आये। यमदूतों ने राजाको कोई कष्ट नहीं दिया। यमराजने उन्हें इतना ही कहा था कि वे राजाको आदरपूर्वक नरकों के पास से आने वाले रास्ते से ले आवें। राजाकी भूल से जो पाप हुआ था, उसका इतना ही दण्ड था। यमराज के दूत राजा को लेकर जब नरकों के पास पहुँचे तो नरक में पड़े प्राणियों के चीखने, चिल्लाने, रोने का शब्द सुनकर राजा का हृदय घबरा उठा। वे वहाँ से जल्दी-जल्दी जाने लगे। इसी समय नरक में पड़े जीवों ने उनसे पुकार कर प्रार्थना की - महाराज! आपका कल्याण हो! हम लोगों पर दया करके आप एक घड़ी यहाँ खड़े रहिये। आपके शरीरसे लगकर जो हवा यहाँ आती है, उसके लगने से हम लोगों की जलन और पीड़ा एकदम दूर हो जाती है। हमें इससे बड़ा सुख मिल रहा है। राजा ने उन नारकी जीवों की प्रार्थना सुनकर कहा - मित्रो! यदि मेरे यहाँ खड़े रहनेसे आप लोगों को सुख मिलता है तो मैं पत्थर की भाँति अचल होकर यहीं खड़ा रहूँगा। मुझे यहाँ से अब आगे नहीं जाना है। यमदूतोंने राजासे कहा- आप तो धर्मात्मा हैं। आपके खड़े होने का यह स्थान नहीं है। आपके लिये तो स्वर्ग में बहुत उत्तम स्थान बनाये गये हैं। यह तो पापी जीवों के रहने का स्थान है। आप यहाँ से झटपट चले चलें। राजाने कहा- मुझे स्वर्ग नहीं चाहिये। भूखे-प्यासे रहना और नरक की आग में जलते रहना मुझे बहुत अच्छा लगेगा, यदि अकेले मेरे दुःख उठाने से इन सब लोगोंको सुख मिले। प्राणियों की रक्षा करने और उन्हें सुखी करने में जो सुख है वैसा सुख तो स्वर्ग या ब्रह्मलोक में भी नहीं है। उसी समय वहाँ धर्मराज तथा इन्द्र आये। धर्मराजने कहा- राजन्! मैं आपको स्वर्ग ले जाने के लिये आया हूँ। अब आप चलें। राजाने कहा- जब तक ये नरक में पड़े जीव इस कष्ट से नहीं छूटेंगे, मैं यहाँ से कहीं नहीं जाऊँगा। धर्मराज बोले- ये सब पापी जीव हैं। इन्होंने कोई पुण्य नहीं किया है। ये नरक से कैसे छूट सकते हैं? राजाने कहा- मैं अपना सब पुण्य इन लोगों को दान कर रहा हूँ। आप इन लोगों को स्वर्ग ले जायँ। इनके बदले मैं अकेले नरक में रहूँगा। राजाकी बात सुनकर देवराज इन्द्रने कहा- आपके पुण्य को पाकर नरक के प्राणी दुःखों से छूट गये हैं। देखिये ये लोग अब स्वर्ग जा रहे हैं। अब आप भी स्वर्ग चलिये। राजा ने कहा- मैंने तो अपना सब पुण्य दान कर दिया। अब आप मुझे स्वर्ग में चलने को क्यों कहते हैं? देवराज हँसकर बोले- दान करने से वस्तु घटती नहीं, बढ़ जाती है। आपने इतने पुण्यों का दान किया, यह दान उन सबसे बड़ा पुण्य हो गया। अब आप हमारे साथ पधारें। दुःखी प्राणियों पर दया करनेसे ये नरेश अनन्त काल तक स्वर्ग का सुख भोगते रहे।

# न्यायाधीश पर महाभियोग की कोशिश डरावनी

**मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी.आर. स्वामीनाथन के विरुद्ध विपक्ष द्वारा पिछले संसद सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने की पहल अभूतपूर्व और अचंभित करने वाली थी। किसी न्यायाधीश को उसके न्यायिक निर्णय या आदेश के विरुद्ध महाभियोग लाने के लिए हमारे माननीय सांसद इस तरह एकजुट हो जाएंगे इसकी कल्पना नहीं थी। हालांकि इसके विरुद्ध 56 पूर्व न्यायाधीश सामने आ गए जिन्होंने खुला पत्र में इसे न्यायालय पर राजनीतिक वैचारिक दबाव बनाने और डराने की कोशिश कहा। वास्तव में तमिलनाडु में आईएनडीआईए सरकार का नेतृत्व करने वाली द्रमुक के आह्वान पर एक साथ 107 सांसदों का लोकसभा अध्यक्ष के पास पहुंचकर महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस देने की घटना हर दृष्टि से असाधारण थी।**

**अवधेश कुमार**

अभी तक न्यायाधीशों को उनके आचरण, कदाचार आदि के लिए महाभियोग का सामना करना पड़ा या उसकी कोशिशें हुईं। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा है कि सांसदों के आरोप मान लिए जाएं, तब भी किसी न्यायाधीश को उसके विचारों या फैसलों के आधार पर महाभियोग की धमकी देना न्यायपालिका की आजादी पर हमला है। अगर इस तरह किसी सरकार राजनीतिक दल या दलों के समूह को न्यायाधीश का फैसला स्वीकार नहीं हो और वह महाभियोग प्रस्ताव लाने लगे तो फिर हर न्यायाधीश डरने लगेगा। वास्तव में इस प्रकरण के तीन प्रमुख पहलू है। पहला, न्यायमूर्ति स्वामीनाथन द्वारा दिया गया फैसला और उसकी पृष्ठभूमि। दूसरा, संबंधित विवाद की सच्चाई। और तीसरा महाभियोग प्रस्ताव के पीछे की सोच या विचारधारा।

न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर पर परंपरागत उत्सव के दीप जलाने का एक आदेश 1 दिसंबर को दिया तथा प्रशासन द्वारा उसका पालन न करने पर तीखे शब्दों में दूसरा आदेश 4 दिसंबर को दिया। न्यायालय ने 4 दिसंबर के आदेश में इसे न्यायपालिका की अवमानना करार देते हुए हर हाल में लागू करने की बात की। द्रमुक सरकार ने इसे सांप्रदायिक निर्णय माना और उनके विरुद्ध राजनीतिक अभियान चल निकला है। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। दरअसल,तिरुप्परंकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित अरुलमिघु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर से संबंधित पत्थर स्तंभ- दीपथून पर दीपक जलाकर कार्तिगई दीपम त्योहार मनाने की परंपरा है। तमिल महीने कार्तिगई (नवंबर-दिसंबर) में मनाए जाने वाले 'कार्तिगई दीपम' उत्सव के तहत, हमेशा की तरह उच्ची पिल्लैयार मंदिर के मंडपम में दीप जलाने के लिए जब लोग जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया था। तिथि के अनुसार 3 दिसंबर को दीप जलाया जाना चाहिए था किंतु ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया और न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका डाली गई जिसके तहत यह आदेश आया। मंदिर और पहाड़ी की सुरक्षा में लगे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के साथ जब श्रद्धालु दीपक जलाने जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें फिर रोक दिया। तीरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी तमिलनाडु राज्य के मदुरै शहर से 10 किमी दूर है जिस पर यह मंदिर अवस्थित है। सनातन और हिंदू मान्यताओं में यह भगवान मुरूगन या कार्तिकेय के छः निवास स्थानों में से एक है। मुरूगन भक्तों के लिए इसके महत्व को आसानी से समझा जा सकता है। विवाद का मुख्य कारण पहाड़ी के ऊपरी भाग पर स्थित सिकंदर वधुसाह का दरगाह है। जैसा हम जानते हैं तमिलनाडु वैष्णव और शैव दोनों पंथों का आधार और मुख्य विस्तार भूमि रहा है। वैष्णव परंपरा के कवि और संत 12 अलवरों तथा 63 नयनारों यानी शैश परंपरा के कवियों और संतों में से अधिकांश तमिल क्षेत्र से आए थे। मंदिर समर्थकों की मान्यता है कि यह पूरी पहाड़ी शिवलिंग है जिसके बीच में भगवान मुरूगन का मंदिर है। यह सच है कि जब दिल्ली सल्तनत का साम्राज्य यहां तक फैला उसके बाद से समस्या शुरू हुई। सिकंदर वधुशाह का दरगाह 17वीं शताब्दी में बना था जबकि मंदिर का उल्लेख छठी शताब्दी तक मिलता है। विजयनगर साम्राज्य ने दिल्ली सल्तनत को पराजित कर मंदिर और वहां की परंपरा को पूर्ण स्वतंत्रता के साथ पुनर्स्थापित किया। बाद में समस्या फिर बढ़ी और अंग्रेजों के काल में इसे लेकर लगातार विवाद होते रहे। न्यायालय के कुछ फैसले भी हैं जिनमें 1920 के एक आदेश का न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने उदाहरण भी दिया है।

द्रमुक के संस्थापक ईवी रामास्वामी नायकर यानी पेरियार की पूरी सोच सनातन या हिंदू धर्म के विरुद्ध थी। अपने पिछले कुछ सालों में द्रमुक नेताओं द्वारा सनातन को वारस से लेकर डेंगू मलेरिया अधिक कहकर निंदा करने और इसके हर हाल में विरोध के जो स्वर सुने जा रहे हैं वो इसी विचारधारा से निकली है। द्रमुक की राजनीति इस हिंदू धर्म के विरोध पर टिकी है जिसे कुछ लोग नास्तिकतावाद भी कहते हैं। हालांकि विडंबना देखिए कि उसे नास्तिकतावाद में इस्लाम या ईसाइयत का विरोध नहीं है। जब पूरे भारत में स्वतंत्रता के बाद लंबे कालखंड से पड़े ऐसे अनेक विवाद अनसुलझे रह गए तो फिर तमिलनाडु में इसके सुलझाने की संभावना ही नहीं थी। द्रमुक सरकार हिंदू संगठनों के विरुद्ध कितना आक्रामक रहती है एवं उनके कार्यक्रमों तक को रोकने के कदम उठाए जाते हैं यह बताने की आवश्यकता नहीं।

किंतु धीरे-धीरे तमिलनाडु में इसके विरुद्ध संगठन और समूह खड़े हुए जो मुखर होकर सामने आने लगे हैं। तिरुप्परकुंदरम विवाद पिछले दिनों तब ज्यादा गहराया जब कुछ मुस्लिम संगठनों ने इसे सिकंदर मलाई पहाड़ी नाम देने की मांग कर आंदोलन शुरू किया। कुर्बानी की कोशिश हुई जिसका विरोध हुआ। इन कारणों से वहां तनाव की स्थिति बनी या जानबूझकर बनायी गयी और मंदिर के सामान्य पूजा पाठ को छोड़ अन्य गतिविधियों को प्रशासन ने लगभग रोक दिया। ऐसा नहीं होता तो कार्तिकेय दीपम के लिए न्यायालय जाने की आवश्यकता ही नहीं होती। दक्षिण में भगवान मुरूगन सर्वाधिक पूजे जाने वाले देवताओं में है और इनको मानने वाले में समाज के पिछड़े वर्ग की संख्या ज्यादा है।

पूरे विवाद को निष्पक्षता से देखने के बाद आप अपना निष्कर्ष निकालिए। किंतु मान लीजिए कोई सरकार या पार्टी न्यायाधीश के फैसले से असहमत है तो उसका रास्ता महाभियोग होगा? उच्च न्यायालय की एकल पीठ के विरुद्ध बड़ी पीठ में जाया जा सकता था। आपके लिए उच्चतम न्यायालय का रास्ता खुला है। ऐसा लगता है कि चूंकि तमिलनाडु सरकार को सच मालूम है इसलिए न्यायालय में पुनर्विचार याचिका डालने की जगह ऐसा दबाव बनाओ ताकि आगे इस तरह के फैसले देने से डरे। 56 न्यायाधीशों ने अपने पत्र में लिखा है कि आपातकाल में भी न्यायाधीश राजनीतिक आसहमति के कारण निशाने पर आए थे और तब भी न्यायपालिका ने स्वतंत्रता की रक्षा बनाए रखने के लिए लड़ाई लड़ी थी। वस्तुतः महाभियोग न्यायपालिका की ईमानदारी की रक्षा करने के लिए है, न कि जजों पर दबाव डालने या बदला लेने के लिए इस्तेमाल करने। हाल के वर्षों में कई पूर्व मुख्य न्यायाधीशों दीपक मिश्रा, रंजन गोगोई, एसए बोबडे और डीवाई चंद्रचूड़ साथ ही वर्तमान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को भी निशाना बनना पड़ा क्योंकि कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं को उनके फैसले पसंद नहीं आए। महाभियोग और सार्वजनिक आलोचना को दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। सेकुलरिज्म के नाम पर सरकार और प्रशासन के लंबे समय से जारी ऐसे रवैयों के विरुद्ध पूरे देश और देश के बाहर हिंदुओं के अंदर गुस्सा और प्रतिक्रिया का भाव चरम तक पहुंचा है जिसकी कई परिणति हम पिछले लंबे समय से देख रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग मानने लगे हैं कि सेक्युलरवाद के नाम पर हिंदू और सनातन विरोध तथा मुस्लिमपरस्ती राजनीतिक दलों और सरकारों का चरित्र है। भाजपा के अलावा कोई राजनीतिक दल समर्थन में नहीं आता इसलिए इस गुस्से का लाभ सीधे तौर पर उसे मिलता है। द्रमुक का संकीर्ण एकपक्षीय तमिलवाद व हिंदू धर्म विरोधवाद की अपनी राजनीति है लेकिन कांग्रेस, सपा, तृणमूल आदि का भाजपा विरोध के नाम पर उनके साथ आना आने वाले समय में राजनीतिक रूप से इनके लिए और प्रतिकूल साबित हो सकता है।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कारोबार को लेकर की गयी यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियन्त्रण पाने में सफलता मिलेगी।

**वृषभ**
रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें।

**मिथुन**
व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में आप काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कर्क**
गूढ विषयों को लेकर नये अनुभव प्राप्त होंगे। समाज में सम्मानित लोगों को कुछ परेशानी का अनुभव होगा। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

**सिंह**
अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**कन्या**
लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। नया निवेश करने से पहले सभी पहलुओं पर विचार कर लेना चाहिये। व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

**तुला**
आपको लोगों से सहायता लेनी पड़ सकती है। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति काफी विनम्र रहने वाला है। अपेक्षा से अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। असन्तुलित खानपान के कारण कब्जियत हो सकती है। सबके प्रति सामान्य व्यवहार ही रखें।

**धनु**
उच्च अधिकारी आपके अनुकूल रहेंगे। दोपहर के बाद कहीं घूमने-फिरने की योजना बना सकते हैं। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किये गये कार्यों में सफलता मिलेगी। आज आप अपने प्रेमी को प्रपोज करने का विचार कर सकते हैं।

**कुंभ**
व्यवसाय में लाभ की स्थितियाँ बढ़ेंगी। शेयर मार्केट से काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। नयी योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे।

**मीन**
लोग आपकी समस्याओं को हल्के में लेंगे जिससे आपको बुरा लग सकता है। पैतृक सम्पत्ति के विवादों को लेकर आज शान्त रहना ज्यादा हितकर है।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने दिये विभागों को निर्देश

## ठंड की तैयारियों पर हुई विशेष चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलास्तरीय विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे तो वही विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी शामिल हुए।

बैठक के अंचलाधिकारियों को आपदा प्रबंधन कोष से किए गए अग्रिम भुगतान एवं अन्य व्यय के उपयोगिता प्रमाण-पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया तो वहीं जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता तथा अग्रिम भुगतान की गई राशि के उपयोगिता पर विशेष जानकारी हुए सभी प्रखंडों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, खेल मैदान,पानी की टंकी, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र आदि




हेतु आवंटित भूमि की स्थिति की सख्त समीक्षा की।उन्होंने अंचलाधिकारियों विकास कार्यों हेतु भूमि उपलब्ध कराने तथा शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया। ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके।डीएम ने अतिक्रमित भूमि को शीघ्र अतिक्रमणमुक्त कराने पर जोर दिया। बैठक में ठंड को देखते हुए सभी पंचायतों में जगह-जगह अलाव की व्यवस्था करने के साथ दिव्यांगजन एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने का भी निर्देश दिए।वहीं बैठक में डीएम ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि,सहकारिता, पर्यटन, कला-संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन, मद्य निषेध, नगर निगम, श्रम संसाधन, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण पथ निर्माण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सहित अन्य विभागों की गतिविधियों एवं संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कृषि एवं सहकारिता विभाग को विशेष निर्देश दिया। जबकि सभी विभागों को आपसी समन्वय बढ़ा कर जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता डा.बिनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कमार, नगर आयुक्त संतोष कुमार, सिविल सर्जन सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों का बनेगा डिजिटल आईडी, शिविर के पहले दिन मसौढ़ी की चार पंचायतों में लगा फार्मर रजिस्ट्री कैंप

## प्रत्येक दिन चार पंचायतों में 9 तक लगेगा कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सरकार ने किसानों के हित में एक अहम कदम उठाया है. कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मिलकर अब हर किसान को एक अलग डिजिटल पहचान देने जा रहे हैं. इस डिजिटल पहचान को फार्मर रजिस्ट्री आईडी नाम दिया गया है। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और सीधे मिल सकेगा।

ऐसे में मंगलवार से मसौढी प्रखंड के चार पंचायत में पहले दिन कैंप का आयोजन किया गया। जहां निशियावां में तकरीबन 120 किसानों का आईडी केवाईसी की गई है, क्या मौके पर किसान कोऑर्डिनेटर रविकांत प्रसाद, किसान सलाहकार लक्ष्मी कुमारी,मुखिया चंदन भारती आदि शामिल रहे, यह आगामी 9 जनवरी प्रत्येक दिन चार पंचायत मे किया जायेगा। इन चार दिनों में पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर किसानों का रजिस्ट्रेशन और ई-



केवाइसी कराई जाएगी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्षित पटेल ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आईडी इसलिए जरूरी है ताकि किसानों की सही जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सके. इससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी योजनाओं का लाभ पाने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी. अब कई सरकारी योजनाओं में फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य कर दी गई है। इसलिए जिन किसानों की आईडी नहीं बनेगी, वे भविष्य में लाभ से वंचित हो सकते हैं. किसानों से अपील की है कि 9 जनवरी के बीच अपने पंचायत में लगने वाले कैंप में जरूर पहुंचें और समय रहते ई-केवाइसी व फार्मर रजिस्ट्रेशन पूरा कराएं. यदि तय समय में ई-केवाइसी नहीं कराई गई, तो किसान का नाम लाभार्थी सूची से हटाया जा सकता है।

# अथमलगोला में ट्रेन ठहराव के लिए विधायक ने लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** भारतीय जनता पार्टी से बाढ़ (पटना) के नव निर्वाचित विधायक डाक्टर सियाराम सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर दानापुर मंडल के बाढ़ व अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर जनहित में कई ट्रेनो के ठहराव की मांग की है।

विधायक ने अपने पत्र में पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत बाढ़ स्टेशन पर राज्यरानी, हिमगिरि, कोलकाता व जयनगर गरीब रथ तथा कुंभ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है।वहीं अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर जनहित में ट्रेन संख्या



18183/84 टाटानगर बक्सर व 13331/32 पटना धनबाद एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है।

इस आशय की जानकारी देते हुए बाढ भाजपा किसान मोर्चा के सदस्य आशुतोष कुमार अमीत ने कहा की -इन ट्रेनों के ठहराव से बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के व्यापार, रोजगार, पर्यटन और आमजन के आवागमन को बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही इससे सुगम साधन के क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति प्राप्त होगी।उन्होंने कहा की इस संदर्भ में स्थानीय विधायक (बाढ़-पटना) डॉक्टर सियाराम सिंह से अनुशंसा पत्र के आलोक में रेल मंत्री से मिलकर इसे अनुमोदित करने की मांग की गई है,जिसपर विधायक ने जल्द रेलमंत्री से मिलने की बात कही है।

बहरहाल स्थानीय विधायक की मांग के बाद बाढ़ व अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की वर्षों पूरानी मांग पुनः पुनर्जीवित हो गई है।

## अथमलगोला थाना पुलिस ने नालंदा में चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना पुलिस ने नालंदा के नूरसराय में जाकर पेट्रोल चोरी मामले में इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में नालंदा के नूरसराय इलाके में गई टीम ने अथमलगोला थाना कांड संख्या 40/2024 के आरोपियों के आवास पर इश्तेहार चिपकाया है। साथ ही स्थानीय लोगों को जानकारी दी है कि उक्त व्यक्ति तत्काल न्यायालय या प्रशासन की शरण लें।

# बुलडोजर राज के खिलाफ भाकपा माले का अंचल कार्यालय में विरोध प्रदर्शन, आगामी विस सत्र में विरोध की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर चल रहा बुलडोजर को भाकपा माले ने इसे आडे हाथ लिया है और लगातार विभिन्न अंचलों में ताबड़तोड़ इसका विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। ऐसे में मंगलवार को मसौढी एवं धनरूआ अंचल कार्यालय पर भारी संख्या में अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा और भाकपा माले के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में समर्थकों का जुटान हुआ।

जहां घंटों विरोध प्रदर्शन करते हुए आंदोलनकारी ने कहा कि सरकार जब जदयू और बीजेपी की जब से



सरकार बनी है वह पगला गई है और गरीबों पर ही अपना शासन चला रही है। ठंड के मौसम में एक और जहां हर गरीब अपने झोपड़िया में किसी तरह से रहने को विवश हैं, उसे ठंड से निजात दिलाने के अलावा उनकी आशियाना ही छीन लेना चाहते हैं। इसके अलावा इसके अलावा ग्रामीण गरीबों के रोजगार गारंटी के कानून मनरेगा की पुनरबहाली समीक्षा सूत्री मांग की गई है।प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि 5 लाख किए जाएं और भूमिहीन होने को जमीन देकर प्राथमिकता दिया जाए। चेतावनी देते हुए कहा की अगर जल्द ही बुलडोजर राज को नहीं रोका गया तो आने वाले मार्च महीने में विधानसभा सत्र में पूरे बिहार के लोग विधानसभा में पहुंचकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे। मौके पर खेग्रामस के जिलाध्यक्ष नागेश्वर पासवान, प्रखंड सचिव के खेग्रामस संजय पासवान, शशि यादव, किसान नेता सतनारायण शर्मा, धर्मशिला देवी प्रखंड सचिव राकेश कुमार समेरे त सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# लायंस क्लब कटिहार की ओर से खाद्य सामग्री का वितरण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** ठंड के मौसम मे आम लोगों के साथ रोगियों को भी काफी समस्या रहती है। खासकर कुष्ठ रोगी जिसे आज भी समाज सहर्ष स्वीकार नही कर पाते। लायंस क्लब कटिहार के अध्यक्ष लायन काजल महासेठ ने कहा कि क्लब ने ऐसे रोगियों के बेहतर खान पान का ध्यान रखते हुए फूड पैकेट का वितरण किया।

उन्होंने कहा कि लंगड़ा चर्च चर्च स्थित निर्मल हृदय मे कुष्ठ रोगियों के बीच लायंस हंगर सर्विस वीक के तहत यह वितरण किया गया। क्लब के पीआरओ लायन प्रिया गुप्ता ने बताया कि फाइड पैकेट मे चुड़ा, चावल, मुढ़ी, सत्तू, नमक आदि का वितरण 40 रोगियों के बीच किया गया। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष लायन अंकिता सरकार के साथ पूर्व अध्यक्ष लायन पंकज पूर्वे, अनिल चमरिया, निरंजन साह, संतोष गुप्ता, नरेश साह, आलोक सिंहा आदि ने कहा कि आज कुष्ठ रोग छुआछूत नही है और इसका इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि निर्मल हृदय के अस्पताल मे कई वर्षो से इसका इजाल किया जाता है और यहाँ दुर दूर से लोग कुष्ठ रोग का इलाज कराने आते है, कई ऐसे लोग भी है जिनका कोई सगा नही है वे यहीं रहकर इलाज कराते है। मौके पर सदस्यों मे देवराज शर्मा, अवधेश कुमार, मनोज गुप्ता के साथ पूर्व कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम मोदी एवं समाजसेवी अमित जायसवाल विक्की भी मौजूद रहे।

## निजी फाईनेंस कम्पनी के कर्मी सें छिनतई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** मनिहारी थाना क्षेत्र के करैहिया बहियार के समीप भारत फाईनेंस लिमिटेड कम्पनी के कर्मी ने पचहत्तर हजार रुपये छिनने की शिकायत की है। इस संदर्भ मे मामला दर्ज कर जांच में जूट गयी है। पुलिस को दिये अपने फर्द बयान में संगम मैनेजर संजीव कुमार ने कहा है कि जब वह अपने अन्य सहकर्मियों के साथ समूह की राशि कांटाकोश क्षेत्र से संग्रह कर वापस मनिहारी स्थित बैंक लौट रहा था कि करैहिया बहियार के समीप तीन चार की संख्या में आये बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर संग्रहकर लाये जा रहे पचहत्तर हजार से अधिक राशि छीन ली।

## सुबह के आठ बजे से दिन के दो बजे तक बिजली सेवा रहेगी बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पावर हाउस मनसाही कजरा के जेई मनोज कुमार ने बताया कि सात जनवरी को सुबह के आठ बजे से दिन के दो बजे तक बिजली सेवा पूर्णतः बाधित रहेगी। क्योंकि विद्युत शक्ति उपकेंद्र 33/11 उपकेंद्र मनसाही कजरा में मेंटेनेंस का कार्य किया जाना हैं। इसको लेकर सुबह के आठ बजे से दिन के दो बजे तक विद्युत सेवा पूर्ण तरीके से बंद रखा जाएगा। विद्युत उपभोक्ता सुबह के आठ से पहले जरूरत के कार्य कर ले अन्यथा उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा पुनः दिन के दो बजे के बाद बिजली सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा।

# अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अवैध खनन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। जिला पदाधिकारी द्वारा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिए गए थे।

मंगलवार को इन निर्देशों का प्रभावी असर देखने को मिला। जिला पंचायत राज पदाधिकारी सह प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह, खनन निरीक्षक केशव राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार तथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सोनू गुप्ता ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। इस



दौरान नारायणपुर पंचायत अंतर्गत सोवा एवं बंगरी क्षेत्र से अवैध रूप से खनन एवं ढुलाई में संलिप्त चार ट्रैक्टर -ट्रॉली को जब्त कर मनिहारी थाना लाया गया। प्रशासन द्वारा बताया गया कि जब्त वाहनों से संबंधित दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार जुमार्ना वसूली एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पांच परिवारों के घर जलकर राख

■ लाखों की संपत्ति जलने का अनुमान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर /कटिहार ।** प्रखंड क्षेत्र के शीतलमनी पंचायत के छमना गांव 9 नंबर वार्ड में अचानक आग लगने से तीन परिवार का तीन आवासीय तथा दो गैर आवासीय घर जलकर राख हो गया।

इस अग्निकांड में नगदी सहित लाखों की संपत्ति जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार क्षमना गांव में बीती रात्रि अचानक आग लगने से गांव के मोहम्मद जहीरुल मोहम्मद रूहूल



मोहम्मद दिलशाद का तीन आवासीय तथा दो गैर आवासीय घर जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। इस भीषण अग्निकांड में खाने-पीने के अनाज सहित बर्तन चौकी पलंग कपड़े नगदी 50000 रुपए सहित तीन भरी सोना 35 भरी चांदी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से अगर आग बुझाई नहीं जाती तो उक्त मोहल्ले के लगभग एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो जाता। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना अंचल अधिकारी आजमनगर को दी गई है। अंचल अधिकारी मोहम्मद रिजवान आलम ने बताया कि क्षेत्र के संबंध राजस्व कर्मचारी को धरातलीय जानकारी के लिए भेज दिया गया है।

## रेलवे ढ़ाला के पास युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** बरारी प्रखंड के काढ़ागोला रेलवे स्टेशन के पूर्वी पुराना रेल ढ़ाला के समीप एक 18 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया भेज दिया।मृतक की पहचान पूर्वी बारीनगर पंचायत के केबिन टोला निवासी जर्नादन रजक के पुत्र अंकित कुमार रजक (18) के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार अंकित कुमार रजक बीते 5 जनवरी सोमवार की सुबह करीब 9 बजे घर से निकला था।

## भक्त के भाव को केवल प्रभु ही समझ सकते है : गौरव कृष्ण गोस्वामी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** श्री श्याम मित्र मंडल कटिहार अपने संस्था के स्वर्ण जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर चतुर्थ दिवस पर भी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को सुनने एवं भक्ति प्रेम रस मे रम जाने को भाड़ी संख्या मे भक्तजनों की उपस्थिति रही।

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर परम पूज्यनीय श्री गौरव कृष्ण गोस्वामी जी के श्रीमुख से प्रवाहित दिव्य वाणी का श्रवण पूरा शहर कर रहा है। भक्ति,ज्ञान और संस्कार से परिपूर्ण यह पावन क्षण मन को आत्मिक शांति प्रदान कर रहा है। भागवत का फल हमारे कर्म, भाव और श्रद्धा के अनुसार ही प्राप्त होता है। भागवत कथा मे कोई ऊंच नीच और गरीब अमीर का भेद नही होता है।भक्त के विश्वास को पूर्ण करते है प्रभु। भक्त के भाव को, अपने इष्ट के प्रति भक्त की आस्था को केवल प्रभु ही समझ सकते है इसीलिए जीव को अपना दुख संसार के सामने नहीं केवल प्रभु के सामने ही प्रकट करना चाहिये। प्रभु पालनहार है, वे शरण में आये भक्तों के सारे दुखों को हर लेते है। श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस की कथा पर यह अध्यात्मिक उद्गार व्यक्त करते हुए परम श्रद्धेय आचार्य श्री गौरवकृष्ण गोस्वामी जी ने कहा किजीव को किसी की निन्दा स्तुति करने के बजाय भगवान की ही चर्चा करनी एवं सुननी चाहिये। प्रभु



चरित्रों को श्रवण करने से भगवान का चिन्तन करने से कृपा निश्चित रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि विशाल पेड़ जिस प्रकार छोटी सी कुल्हाड़ी से कट जाता है उसी प्रकार प्रभु के चरण कमल का स्मरण करने से जीव के सारे पाप कट जाते है। इसके लिये उसे प्रभु की शरण में आना होगा। प्रभु की हर इच्छा, प्रत्येक लीला को प्रसन्नता से स्वीकार करने वाला ही सच्चा भक्त होता है। भक्त को अपने आदर सत्कार या सम्मान की कामना नहीं होती। वह तो हर कार्य प्रभु की सेवा समझकर करता है और ऐसी भावना को ही प्रभु स्वीकार करते हैं वह तो केवल भाव के भूखें हैं क्योंकि परमात्मा न तो साकार है न निराकार है वो तो भक्त की इच्छा के अनुसार तदाकार हैं। जैसे भक्त चाहता है उसे उसी रूप में प्रभु प्राप्त होते हैं। कथा प्रसंग में विशेष महोत्सव के रूप में श्री कृष्ण जन्म नन्दोत्सव विशेष धूम-धाम से मनाया गया। प्रभु के प्रगट होने पर गोपियाँ बधाई का सामान लेकर आई और व्यासपीठ भागवत जी में चढ़ाया। चारों तरफ से यही आवाज गूंज रही थी।

# गुरु की ज्योति से आलोकित हुआ उचला गुरुद्वारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा उचला में खालसा पंथ के संस्थापक दशमेश पिता साहिब श्रीगुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 359वां पावन प्रकाश उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और गुरुमय वातावरण के बीच मनाया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ की पूणाहुति संपन्न हुई।

पाठ समाप्ति के उपरांत गुरुद्वारा परिसर में भव्य पंडाल में गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हजूरी में दीवान सजाया गया, जहां संगतें श्रद्धा भाव से मत्था टेका। उत्तर प्रदेश के कानपुर से पधारे रागी जत्था भाई सुबेग सिंह जी ने बसंत राग में गुरुवाणी का रसपूर्ण गायन कर वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। 'तहीं प्रकाश



हमारा भयोङ्ग' तथा 'मितर प्यारे नूं हाल मुरिदां दा कहना' जैसे पावन शबदों के माध्यम से उन्होंने गुरु की महान जीवनी, अद्भुत त्याग और अनुपम शहादत का संदेश दिया। गुरुवाणी के दिव्य शब्दों से संगतें भावविभोर हो उठीं। स्थानीय लक्ष्मीपुर के ज्ञानी मलकित सिंह ने भी मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर गुरु महिमा का गुणगान किया।प्रकाश उत्सव के अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री निखिल कुमार चौधरी, कांग्रेस नेत्री संयोगिता सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने गुरुद्वारा पहुंचकर शीश नवाया और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार गुरुदयाल सिंह द्वारा गुरु मयार्दा अनुसार अतिथियों को शिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय गुरुपर्व में डॉ. प्रो. हरपाल कौर, प्रधान रंजीत सिंह, अमरजीत सिंह, धनेश्वर सिंह, दर्पण सिंह, जसवीर सिंह, निर्मल अद्वैत आश्रम के दिनेश प्रसाद मेहता, पूर्व उपप्रमुख अमरेंद्र सिंह संजू, उपप्रमुख रैनी कौर, पूर्व प्रमुख नीलम कौर,भाजपा नेता रविन्द्र यादव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश कुमार चौधरी,पूर्व सरपंच सुशील कर्ण,अद्वेत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर गुरु की खुशियां प्राप्त कीं। गुरुद्वारा के हेडग्रंथी भाई तजिंदरपाल सिंह ने श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष समस्त मानवता और विश्व कल्याण के लिए अरदास की। इसके पश्चात गुरु का पावन कढ़ाह

**हर्षोल्लास से मना प्रकाश पर्व**

■ अखंड पाठ की पूणाहुति पर कीर्तन-दीवान,गुरुवाणी से निहाल हुई संगत

■ शिरोपा सम्मान, अरदास व अटूट लंगर के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय गुरुपर्व

प्रसाद वितरित किया गया तथा गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरुदयाल सिंह, गुरेन्द्रपाल सिंह, सिमरनजीत सिंह, मान सिंह, सरपंच अर्जुन सिंह, लखवीर सिंह, हुकुम सिंह, जसपाल सिंह, भगत सिंह सहित समस्त संगतों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सरदार अर्जन सिंह ने किया। गुरुभक्ति और श्रद्धा के साथ यह पावन गुरुपर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# रेडक्रॉस कटिहार की ओर से कंबल वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बढ़ती ठंड मे लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। कई सामाजिक संस्था के साथ सरकार भी ठंड से राहत दिलाने मे लगी है लेकिन फिर भी सैकड़ो लोग ऐसे है जिन तक ये सहायता गई पहुंच पाती है। कंबल वितरण की अगली कड़ी मे रेडक्रॉस सोसाइटी कटिहार की ओर से कंबल वितरण करते हुए चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा ने ये बाते कही।

उन्होंने कहा कि समाज मे सभी का ये कर्तव्य है कि वे पीड़ितों की सहायता करें। रेडक्रॉस सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि आज निर्मल हृदय, लंगड़ा बगान चर्च मे लगभग 40 कुष्ठ रोगियों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि यहाँ दुर दूर से लोग कुष्ठ रोग का इलाज कराने आते है, कई ऐसे लोग



भी है जिनका कोई सगा नही है वे यहीं रहकर इलाज कराते है। मौके पर प्रबंध समिति सदस्य अनिल चमरिया ने कहा कि इस ठंड मे कंबल वितरण की ये तीसरी कड़ी है और संस्था की कोशिश है कि आगे भी कंबल वितरण किया जा सके। प्रबंध समिति सदस्य पुरुषोत्तम मोदी, देवराज शर्मा, आलोक सिंहा, नरेश साह, अमित जायसवाल विक्की, मनोज गुप्ता के साथ कोषाध्यक्ष पंकज पूर्वे एवं डॉक्टर अविरल कश्यप और डॉक्टर अंकुर झा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा हर वर्ष यहाँ कंबल वितरण के साथ अन्य जरूरी सेवा यथासंभव की जाती है। निर्मल हृदय अस्पताल के मागरेट जोशफ के साथ कई सिस्टर ब्रदर ने संस्था को साधुवाद दिया।

# जीरामजी योजना ने विपक्ष की भ्रष्ट राजनीति की कमर तोड़ी: डॉ. संजय जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण के सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. संजय जायसवाल ने विकसित भारत जीरामजी योजना को केंद्र सरकार की एक मजबूत और निर्णायक पहल बताते हुए कहा है कि इस योजना ने विपक्ष की भ्रष्टाचार पर आधारित राजनीति की कमर तोड़ दी है। डॉ. जायसवाल ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू विकसित भारत जीरामजी योजना ने शासन व्यवस्था को पारदर्शी बनाया है और भ्रष्टाचार के उन सभी रास्तों को बंद कर दिया है, जिनके सहारे पूर्ववर्ती सरकारें सत्ता चलाती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले विकास योजनाएं कमीशनखोरी और दलालों की भेंट चढ़ जाती थीं, लेकिन अब डिजिटल प्रणाली और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंच रहा है। सांसद ने कहा कि यही कारण है कि विपक्षी दल इस योजना से बौखलाए हुए हैं और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भ्रष्टाचार का नेटवर्क टूटता है, तो उसकी पीड़ा स्वाभाविक रूप से सामने आती है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि विकसित भारत जीरामजी योजना के तहत गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को बिना किसी भेदभाव के विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। योजनाओं की सतत निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था ने सुशासन को मजबूत किया है। उन्होंने कहा



कि विकसित भारत जीरामजी योजना प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प का जीवंत उदाहरण है और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा रही है ।मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुपक कुमार श्रीवास्तव, पूर्व विधायक उमाकांत सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह, मुन्ना तिवारी, मन्नु बाबू कुशवाहा आदि भी मौजूद थे।

## फर्जी एफडी लगाने वाले संवेदकों पर प्राथमिकी

**बेतिया।** नगर निगम बेतिया ने निविदा प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा करने वाले संवेदकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। निगम के उप नगर प्रबंधक शाहीद अहमद ने बताया है कि टेंडर के माध्यम से योजना के लिए सफल संवेदकों द्वारा जमा कराई गई एपीजी और एकरारनामों की एफडी जांच में छह योजनाओं के लिए जमा कराए गए एफडी नकली पाए गए। जांच में पाया गया कि विशाल रंजन, अभिषेक कुमार पाण्डेय और प्रियंका मेहता ने फर्जी एफडी के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया में धोखाधड़ी की। इसके परिणामस्वरूप सभी संबंधित एकरार नामे रद्द कर दिए गए निरस्त कर दी गई है। सभी संवेदकों से स्पष्टीकरण भी मांगा है और संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। साथ ही, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया गया है कि उपरोक्त सभी संवेदकों को काली सूची में डालकर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नगर प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी पर शून्य सहनशीलता होगी और कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## जल-जीवन-हरियाली दिवस का आयोजन

### पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** अपर समाहर्ता-सह-प्रभारी उप विकास आयुक्त राजीव रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आज जल-जीवन-हरियाली दिवस का आयोजन किया गया। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पश्चिम चंपारण द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जल-जीवन-हरियाली अभियान के क्रियान्वयन, उपलब्धियों और पर्यावरण संरक्षण पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर समाहर्ता श्री सिन्हा ने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सतत आंदोलन है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और इस सप्ताह पांच पौधे लगाने का संकल्प लें। अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विकास कुमार ने वर्षा जल संचयन और तालाबों सहित जल स्रोतों के संरक्षण पर बल दिया। निदेशक एनईपी पुरुषोतम त्रिवेदी ने अभियान को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में पूर्व में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार आयुष कुमार गुप्ता, द्वितीय मनोरंजन कुशवाहा और तृतीय खुशी कुमारी को प्रदान किए गए। पुरस्कार राशि सीधे बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से भेजी जाएगी। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी, निदेशक एनईपी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## हत्या व दुष्कर्म जैसे संगीन मामलों में आई कमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** बेतिया पुलिस ने वर्ष 2025 के आपराधिक आंकड़े सार्वजनिक किए हैं। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2025 में जिले में कुल 10,679 आपराधिक मामले दर्ज किए गए, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 8,484 थी।हालांकि पुलिस ने संगीन अपराधों में आई कमी को राहत के रूप में बताया है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में हत्या के मामले 68 से घटकर 54 रह गए। चेन स्नैचिंग की घटनाओं में भी गिरावट दर्ज की गई और यह संख्या 20 से घटकर आठ हो गई। लूट के मामलों में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में 18 लूट के मामले दर्ज हुए, जबकि 2024 में यह संख्या 17 थी।गृह भेदन के मामले 91 से घटकर 78 और चोरी के मामले 189 से घटकर 176 रह गए। वाहन चोरी के मामलों में भी कमी दर्ज की गई है, जो 795 से घटकर 651 पर आ गई। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी गिरावट देखी गई है। दुष्कर्म के मामले 35 से घटकर 21 दर्ज हुए। दहेज अधिनियम के तहत दर्ज मामले 124 से घटकर 51 और महिला अत्याचार के मामले 56 से घटकर 49 रह गए।पुलिस के अनुसार वर्ष 2025 में जिले में भीषण दंगा का एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ, जबकि वर्ष 2024 में ऐसे चार मामले सामने आए थे। सांप्रदायिक दंगा के मामलों में भी कमी आई है। वर्ष 2025 में केवल एक मामला दर्ज हुआ, जबकि 2024 में दो मामले दर्ज किए गए थे। रंगदारी के मामलों में भी गिरावट दर्ज की गई है, जो 11 से घटकर छह रह गए।हालांकि कुछ अन्य अपराधों में बढ़ोतरी पुलिस के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की संख्या 2,224 से बढ़कर 2,729 हो गई है। एनडीपीएस एक्ट के मामले 68 से बढ़कर 85 और आर्म्स एक्ट के मामले 53 से बढ़कर 61 हो गए हैं। साइबर अपराध के मामलों में भी वृद्धि दर्ज की गई है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत

**नरकटियागंज।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई है। घटना के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग घर से फरार है। मृत विवाहिता की की पहचान पोखरिया गाव निवासी मनसफ अंसारी की पत्नी अफसाना खातून के रूप में हुई है। मृतका के मायके वालों ने दहेज को लेकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि शादी के बाद से ही उसकी लड़की को दहेज व वाशिंग मशीन के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसको लेकर ससुराल में हमेशा विवाद होता था। सोमवार रात दहेज की मांग पूरी न होने पर हुए झगड़े के दौरान उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गयी है। वही घटना की सूचना मिलते ही शिकारपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कारवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि विवाहिता के मौत का मामला संदिग्ध है। मृतका के शरीर पर जख्म के निशान भी मिला है। मामले में सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## कैंप लगाकर किसानों की हुई फॉर्मर रजिस्ट्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरकटियागंज।** प्रखंड के 12 पंचायतों में मंगलवार को कैंप लगाकर किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की गई। हालांकि इस दौरान एग्री स्टेक एप्प के सर्वर पर तकनीकी गड़बड़ी के चलते कुछ पंचायतों में परेशानी सामने आई है। कई जगहों पर सर्वर स्लो होने के चलते भी समस्या आयी है। वही कैंप में संबंधित किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक और राजस्व कर्मचारी चयनित स्थल पर उपस्थित रहे।

बीएओ रोहित गौतम ने बताया कि भभटा, गोखुला, शिकारपुर, बनवरिया, भसुरारी, धूमनगर, कुकुरा, सेमरी, डुमरिया, बिनवलिया और मनवा परसी पंचायत में आज कैंप लगाया गया है। इसी तरह बुधवार को चमुआ, भभटा, गोखुला, शिकारपुर, बनवरिया, भसुरारी, धूमनगर, राजपुर तुमकड़िया, कुकुरा, सेमरी, डुमरिया, बिनवलिया पंचायत में कैंप आयोजित किया जाएगा। वहीं आठ जनवरी को भेड़ीहरवा, केसरिया, मलदहिया पोखरिया, रखही चंपापुर, केहुनिया रोआरी, सोमगढ़, हरदीटेढ़ा, सुगौली, नौतनवा, पुरैनिया हरसरी, बरवा बरौली तथा नौ जनवरी को शेरहवा, कुंडीलपुर, परोराहा, रखही चंपापुर, केहुनिया रोआरी, सोमगढ़, हरदीटेढ़ा, सुगौली, नौतनवा, पुरैनिया हरसरी, बरवा बरौली में कैंप लगेगा। उधर बीडीओ सह कैंप के प्रखंड स्तरीय नोडल सूरज कुमार सिंह ने गोखुला और भसुरारी में लगे कैंप का निरीक्षण किया।

बीडीओ ने कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर सभी पंचायतों में किसानों को जागरूक किया जा रहा है। बता दे कि कैंप की मॉनिटरिंग के लिए प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर, सीडीपीओ कुमारी श्वेता और बीएसओ अनिल कुमार सिन्हा को प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं, जिला स्तरीय नोडल के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

## जाली नेपाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### मशीन व सामग्री सहित दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल ( पूर्वी चंपारण)।** नेपाल की पुलिस ने जाली नेपाली मुद्रा छापने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत से नकली नोट उत्पादन के लिए आवश्यक मशीन और सामग्री ला रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी काठमांडू जिला पुलिस द्वारा की गई, जिसे नकली नोट मामले की जांच में अहम सफलता माना जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में कलैया उप-महानगरपालिका-2, कबिलपुर निवासी 42 वर्षीय गौरीशंकर यादव और बारा जिले के फेटा गाँवपालिका-3 निवासी 28 वर्षीय रवि कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। श्रीवास्तव वर्तमान में भारत के मोतिहारी जिले के पतोरा क्षेत्र में रह रहा था। दोनों आरोपी भारतीय नंबर प्लेट वाली बुलेट मोटरसाइकिल से नकली नोट छापने में प्रयुक्त मशीन और सामग्री लेकर काठमांडू की ओर जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार, 5 जनवरी को गोकर्णेश्वर नगरपालिका-8 स्थित उत्तरखेल चौक पर 1,000-रुपये के 93 नकली नेपाली नोटों के साथ छह लोगों की गिरफ्तारी के बाद मामले का खुलासा हुआ। पूछताछ के दौरान गौरीशंकर यादव का नाम सामने आया। आगे की जांच में रवि कुमार श्रीवास्तव द्वारा नकली नोट छापने और भारत से आवश्यक सामग्री नेपाल लाने की योजना की जानकारी मिली। इस सूचना के आधार पर बारा पुलिस के समन्वय से पुलिस वृत्त बौद्ध और काठमांडू परिसर की संयुक्त टीम ने श्रीवास्तव को नियंत्रण में लिया। काठमांडू पुलिस के प्रवक्ता एवं पुलिस उपरीक्षक पवन कुमार भट्टाराई ने बताया कि आरोपियों के पास से भारतीय 500-रुपये के 317 नकली नोट, कलर प्रिंटर, कंप्यूटर सीपीयू, मॉनिटर, कीबोर्ड, माउस, 10 केबल तार, बॉक्स, आठ टोनर, एक नकली पिस्तौल तथा लालिगुराँस वाटरमार्क वाले 1000 अंकित 180 कागज और 75 साधारण कागज (कुल 255 कागज) बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि बरामद सामग्रियों से स्पष्ट है कि गिरोह बड़े पैमाने पर नकली नेपाली नोट छापकर बाजार में खपाने की गंभीर साजिश रच रहा था। मामले की जांच जारी है और इसमें और लोगों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। खुली सीमा और तकनीक के दुरुपयोग के कारण नकली मुद्रा के कारोबार का खतरा बढ़ता जा रहा है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि लेन-देन के दौरान नोटों की सुरक्षा विशेषताओं—जैसे वाटरमार्क, सुरक्षा धागा और अन्य पहचान चिह्नों—की अच्छी तरह जांच कर ही स्वीकार करें।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर ।** रामनगर थाना क्षेत्र के सपही पुल के समीप पुलिस ने 21 लीटर चुलाई शराब के साथ शराबी तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सपही पुल के समीप जांच के क्रम स्कूटी नंबर बीआर 22 बीएच 4862 पर सवार बीरबल उरांव व विक्रम उर्फ मनीष कुमार पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किए। जिसे धर दबोचा गया। तलाशी में 42 पाउच 500 एमएल कुल 21 लीटर शराब बरामद की गई। इस मामले में दोनों को जांचोपरांत जेल भेज दिया गया है। एसआई राजीव साफी के बयान पर एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की गई है।

### अंग्रेजी शराब बरामद

**रामनगर ।** रामनगर थाना की पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए इनारबरवा गांव से 26 पीस अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि राजू सिंह के घर में विधिवत तलाशी के क्रम मे 180 एमएल का 8 पीएम 26 पीस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में एलटीएफ प्रभारी दिलीप सिंह के बयान पर एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की गई। छापामारी में एसआई राजीव साफी, सिपाही दीपक कुमार, महिला सिपाही रिंकी कुमारी, कलावती कुमारी, शिवनंदन पासवान समेत अन्य जवान शामिल रहे।

### शराब और कुर्की मामलों में 7 गिरफ्तार

**बगहा।** डीआईजी सह एसपी सुशांत कुमार सरोज के निर्देश पर बगहा पुलिस ने जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत शराब, कुर्की और अन्य मामलों में कुल 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, लंबित 27 वारंटों का निष्पादन भी किया गया। पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान के तहत 576 वाहनों की जांच की और विभिन्न नियम उल्लंघनों के तहत 1,55,500 रुपये का जुमार्ना वसूला।

डीआईजी सह एसपी ने बताया कि जिले में शांति और सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए पेट्रोलिंग, वाहन जांच और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है।

## नमामि गंगे योजना के तहत बन रहे एसटीपी का सांसद ने किया निरीक्षण

### 187 किलोमीटर सीवरेज नेटवर्क कार्य भी स्वीकृत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण )।** सांसद राधामोहन सिंह ने राजा बाजार बैलखाना में मंगलवार को नमामि गंगे योजना के तहत बन रहे एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने कहा कि नगर निगम मोतिहारी क्षेत्रान्तर्गत 149.00 करोड़ की लागत से चार एसटीपी एवं आई एंड डी ड्रेन निर्माण कार्य होना है। जिसमें एसटीपी -1 बैलखाना का कार्य प्रगति पर है।

एसटीपी -2 मिस्कॉट, मलंग घाट डिजाइन एण्ड ड्राईंग अनुमोदन की प्रक्रिया में है । एसटीपी -3 मोतीझील, अनाथालय डीजाई एण्ड ड्राईंग अनुमोदन की प्रक्रिया में है वही एसटीपी-4 छतौनी बस स्टैंड- कार्य प्रगति पर है। आईएमपीएस-3 (छतौनी चौक, गायत्री नगर एवं रोइंग क्लब)

योजना का कार्य पूर्ण होने से शहरी क्षेत्रों से आनेवाली सभी नालों के पानी को एसटीपी से शुद्ध करते हुए मोतीझीलमें गिराया जाएगा। अमृत 2.0 शहरी जलापूर्ति योजना के तहत 187.13 करोड़ की लागत से शुद्ध पेयजल आपूर्ति नेटवर्क बिछाने का काम चल रहा है। कार्य पूर्ण हो जाने के बाद शहरी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इससे 244.7 किलोमीटर नेटवर्क के माध्यम से 21930 परिवारों को लाभ पहुंचाया जाएगा।

अमृत 2.0 योजना अन्तर्गत सिवरेज नेटवर्क योजना के तहत 399.87 करोड़ की लागत से 187 किलोमीटर सीवरेज नेटर्क कार्य भी स्वीकृत है। यह सभी योजनाएं दो वर्षों में पूर्ण हो जाएंगी। मौके पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, अध्यक्ष निगम पार्षद संघ संजू निषाद, निगम पार्षद प्रतिनिधि अब्दुल कलाम, रोचक झा सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

## समीक्षा बैठक में लंबित मामलों के निपटारे का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र भवन स्थित अंचल कार्यालय के सभा कक्ष में मंगलवार को चिरैया सीओ आराधना कुमारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचल कार्यालय के सभी राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान सीओ ने विभिन्न राजस्व कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की और लंबित मामलों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए। सीओ आराधना कुमारी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन, एलपीसी, आधार सीडिंग सहित भारतमाला परियोजना के तहत रैयतों से संबंधित सभी लंबित एलपीसी मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए।

उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े इन कार्यों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के भीतर लंबित मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। अंचलाधिकारी ने यह भी चेतावनी दी कि जो कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरतेंगे या तय समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व कर्मियों से पारदर्शिता, समयबद्धता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में अंचल राजस्व अधिकारी रामनिवास प्रसाद, प्रधान सहायक दीपक कुमार, नाजीर मुनील कुमार, राजस्व कर्मचारी सुमन सौरभ कुमार, चंदन झा, प्रेम कुमार, संजीव कुमार, पंकज कुमार, राजेश कुमार तथा डाटा ऑपरेटर राजेश कुमार सहित सभी अंचल कर्मी उपस्थित थे। बैठक के अंत में सीओ ने उम्मीद जताई कि निर्देशों के अनुपालन से आम लोगों को राहत मिलेगी और राजस्व कार्यों में तेजी आएगी।

## नेपाल से बिहार आ रही गांजे की बड़ी खेप जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल( पूर्वी चंपारण )।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल से रक्सौल बाईपास होकर बिहार लाई जा रही गांजे की भारी खेप को जब्त किया है। पुलिस ने एक टाटा एल्ट्रोस कार से 01 क्विंटल 66 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया है। हालांकि, वाहन चालक रक्सौल क्षेत्र के सेनवरिया इलाके में धुंध और बगीचे की आड़ लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) द्वारा जारी बताया कि नेपाल से मादक पदार्थ की बड़ी खेप टाटा एल्ट्रोस वाहन से रक्सौल बाईपास होते हुए बिहार लाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रक्सौल के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। जैसे ही पुलिस टीम ने रक्सौल बाईपास के



पास वाहन को रोकने का प्रयास किया, चालक ने वाहन की गति तेज कर दी।

पीछा किए जाने पर चालक क्षेत्र के सेनवरिया गाँव में वाहन छोड़कर धुंध और बगीचे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने मौके से टाटा एल्ट्रोस कार को जब्त कर राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में तलाशी ली, जिसमें गांजा जैसा मादक पदार्थ भारी मात्रा में बरामद हुआ।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार फरार तस्कर की पहचान रूपम कुमार, पिता मुनिलाल महतो, निवासी विश्मभरपुर, थाना मुसरीघरारी, जिला समस्तीपुर के रूप में की गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## बीरगंज में कर्फ्यू की अवधि बढ़ी

### बातचीत से माहौल सुधारने में जुटा स्थानीय प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल ( पूर्वी चंपारण)।** नेपाल के बीरगंज में बिगड़े हालात को देखते हुए वहां के जिला प्रशासन ने कर्फ्यू की अवधि को और बढ़ा दिया है। प्रशासनिक आदेश के अनुसार पहले सुबह 8 बजे तक लागू कर्फ्यू को अब शाम 6 बजे तक प्रभावी कर दिया गया है। शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत-नेपाल सीमा तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कर्फ्यू का असर रक्सौल-बीरगंज बॉर्डर पर साफ नजर आ रहा है। आम दिनों में जहां इस मार्ग पर हमेशा महा जाम की स्थिति रहती थी, वहीं कर्फ्यू के कारण सड़कों से लेकर रक्सौल के बाजारों तक सन्नाटा पसरा हुआ है। दुकानें बंद हैं, यातायात ठप है और सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

इसी बीच राहत की बात यह है कि बीरगंज में स्थानीय प्रशासन दोनों समुदायों के बीच बिगड़े माहौल को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए लगातार बातचीत कर रहा है। प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और समाज के जिम्मेदार लोग आपसी संवाद के जरिये तनाव कम करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो सके।

संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और बॉर्डर क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। बिना आवश्यक कार्य के आवागमन पर पूरी तरह रोक है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से शांति बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और कर्फ्यू के नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और स्थिति सामान्य होते ही आगे की जानकारी दी।

### शराब के साथ दो युवक धराए

**मैनाटांड।** इनरवा पुलिस ने सेमरवाडी पूल के पास से बाइक में छुपा कर ला रहे 3.8 लीटर शराब के साथ दो युवक को धर दबोचा है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि भंगहा के रामपूर के रंजीत कुमार व विकास कुमार को जेल भेजा गया है।

### मनाया गया 9 वां स्थापना दिवस

**मैनाटांड।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन का 9 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मैनाटांड मे संगठन के महासचिव रौशन कुमार के निजि आवास पर केक काटा गया और एक दुसरे को शुभकामनाएं देते हुए केक खिलाकर खुशी साझा की गई।। स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन को और मजबूत करने तथा मानवधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने संगठन के उदेश्यों और समाज में उसकी भुमिका पर प्रकाश डाला। मौके पर जोतिश्वर महतो उमेश भारती भूषण प्रसाद शाखी चाँद जी, मृत्यूंजय कुमार पप्पु कुमार बिहारी यादव आदि मौजूद रहें।

## ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत,हंगामा

### चिकित्सक पर करवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरकटियागंज।** नगर के कृषि बाजार रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान शिकारपूर थाना क्षेत्र के चतुर्भुजवा गाव निवासी प्रियंका देवी के रूप में की गई है।

घटना के बाद आक्रोशित परिजन इमरजेंसी हॉस्पिटल गेट पर पहुचे और गेट के पास शव रख जमकर प्रदर्शन करते हुए अस्पताल के संचालक सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। मृतका के परिजनों का कहना है कि वीते दो जनवरी को प्रसव पीड़ा होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सिजेरियन के बाद एक बच्ची को जन्म दिया।

वही दो दिन बाद चार जनवरी को उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। जिसके बाद अस्पताल के संचालक व चिकित्सक डॉ सद्दाम ने बेतिया के नारायण हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। वहां भी स्तिथि ठीक नही होने पर परिजन उसे गोरखपुर ले गए। जहां प्रसूता की मौत हो गयी। वही हंगामा होता देख अस्पताल कर्मियों ने मेन गेट को बंद कर दिया और फरार हो गए। सूचना पर शिकारपूर थानाध्यक्ष सदल बल घटना स्थल पहुचे और लोगो को समझाबुझा कर मामला शांत करवाया। इस दौरान स्वास्थ विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और गेट के ताले को तोड़ कर अंदर बंद मरीजों को बाहर निकाला गया और हॉस्पिटल को सिल कर दिया गया। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है। मामले की पर जांच करते हुए करवाई की जाएगी।

# जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## यातायात नियमों के पालन की अपील

## जिला पदाधिकारी ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर परिवहन विभाग, बिहार सरकार एवं जहानाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रभारी जिला पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय परिसर में पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमजनों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा सड़क सुरक्षा के मानकों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील किया कि हेलमेट, सीट बेल्ट और मोबाइल फोन के उपयोग से संबंधित नियमों का पालन कर आप स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जान भी बचा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलाते हुए जिला पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों से यह संकल्प दिलाया कि वे बिना हेलमेट, दोपहिया वाहन नहीं चलाएंगे, बिना सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन नहीं चलाएंगे तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी शपथ दिलाई कि वे अपने परिवार, समाज और संपर्क में आने वाले सभी लोगों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान सड़क पर लगे साइनेज को देखकर वाहन चलाने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों की जानकारी भी साझा की गई। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ 6 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक जिले के सभी पंचायतों और टोलों में भ्रमण कर आमजनों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करेगा।

जिला परिवहन पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत 3 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2026 को जहानाबाद बस स्टैंड परिसर में यात्रियों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए शपथ दिलाई गई तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई।इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार, जिला योजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर जिला परिवहन पदाधिकारी करिश्मा सिंह, प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग, मोटरयान निरीक्षक ब्रजकिशोर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## गैरजमानती वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के कासमा पुलिस ने गैर जमानती एक वारंटी को गिरफ्तार कर दुगुल गांव से जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय के द्वारा थाना क्षेत्र के दुगुल गांव निवासी राजेश्वर सिंह के 40 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर जेल भेज दिया गया

## निःशुल्क आंख जांच शिविर का हुआ आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के केराप पंचायत के हकीचक गांव निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। आंख जांच शिविर में हकीचक, गुलाब बिगहा, सहित अन्य जगहों से लोग पहुंचे और अपना आंख का जांच करवाया। अयान खान ने बताया कि लगभग 112 लोगों की आंख का जांच किया गया जिनकी मोतियाबिंद की शिकायत थी उनका इलाज के लिए औरंगाबाद बुलाया गया है उन्होंने युवाओं को कहा कि मोबाइल कम उसे करें तथा गाजर एवं पपीता का सेवन नियमित रूप से करें। मोहम्मद अनवर ने बताया कि यह शिविर मोबिन वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा लगाया गया है। हम लोगों द्वारा प्रत्येक वर्ष लगाया जाता है।

# बाल विवाह मुक्त भारत कैंपेन हेतु सौ दिवसीय जागरुकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बाल विवाह मुक्त भारत कैंपेन हेतु 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 5 जनवरी 2026 को औरंगाबाद, मदनपुर एवं रफीगंज प्रखण्ड के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ एवं 6 जनवरी को नवीनगर, बारूण, देव, कुटुम्बा प्रखण्ड के आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान को जिले में पूर्ण से क्रियान्वित करने के उदेश्यों से तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव तान्या पटेल, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा योजना विनय प्रताप तथा कानूनी सहायता प्रतिरक्षा परामर्शदाता प्रणाली के उप मुख्य बचाव अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार तथा पैनल अधिवक्ता स्नेहलता द्वारा अलग-अलग सत्रों में सभी आंगनबाड़ी सेविकों को प्रशिक्षित किया गया है तथा इसके तहत किये जाने वाले गतिविधियों से सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को अवगत कराते हुए अपने-अपने क्षेत्र में इसके तहत किये जाने वाले प्रभावी क्रियाकलापों के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, तान्या पटेल द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि इसके तहत कई श्रृखंलाबद्ध कार्यक्रमों के द्वारा 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान से सम्बन्धित कार्य योजना तैयार किया गया है जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम सभाओं और अन्य सार्वजनिक स्थानों, सामुदायिक स्थलों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है तथा इस योजना को प्रभावी क्रियान्वयन के लिए, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है जिससे कि अपने-अपने क्षेत्र में पहचान, मार्गदर्शन, सहायता और सक्रिय निगरानी की कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी एक राष्ट्रीय एवं महत्वकांक्षी पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य देश से बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करना और बच्चों, विशेषकर लड़कियों के अधिकारों को रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल चाइल्ड लाइन 1098 लान्च किया गया है जिसमें किसी को यह जानकारी प्राप्त हो कि बाल विवाह हो रहा है हर नागरिक बाल विवाह की घटनाओं की रिपोर्ट कर सकते हैं जिसमें बाल विवाह निषेध अधिकारियों द्वारा मामलों की रियल टाइम ट्रैकिंग की जाती है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा यह बृहत कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। जिसे हाल ही में 4 दिसम्बर 2025 को इस अभियान की पहली वर्षगाठ के अवसर पर 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया है जिसके तहत निर्धारित अवधि तक भारत को पुरी तरह से बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प है और विभिन्न जागरुकता के माध्यम से समाज में बाल विवाह के खिलाफ शून्य सहनशीलता की भावना पैदा करना है और लोग अपनी समस्याओं का आन-लाईन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीति के विरूद्ध सामुहिक शपथ का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें प्रमुखता से हमलोगों ने मिलकर ठाना है, बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीति को मिटाना है का वचन भी लिया गया। 7 जनवरी को हसपुरा, ओबरा, गोह, दाउदनगर प्रखण्ड के आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण निर्धारित है इस प्रकार सभी प्रखण्डों के आंगनबाड़ी सेविकाओं के प्रशिक्षण सत्र पुरा होने के उपरांत धरातल में उनके द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से दिये गये संदेश को अपने-अपने क्षेत्रों में पहचान, मार्गदर्शन, सहायता और सक्रिय निगरानी की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए हमेशा तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# गैर इरादतन हत्या के प्रयास मामले में दोषी को पांच वर्ष का कठोर कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** गैर इरादतन हत्या के प्रयास के एक मामले में एडीजे प्रथम रवि रंजन मिश्र की अदालत ने मंगलवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दोषी करार दिए गए सुदामा शर्मा को पांच वर्ष का कठोर कारावास भुगतने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने दोषी पर 25,000 का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में सुदामा शर्मा को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी होने के उपरांत अदालत ने यह निर्णय सुनाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि यह मामला अरवल जिला अंतर्गत रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के सरौती गांव से संबंधित है। उन्होंने बताया कि इस मामले में सरौती गांव निवासी पूनम देवी द्वारा सुदामा शर्मा समेत तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, 21 जनवरी 2015 को जब सूचिका अपने जमीन पर घर का निर्माण कर रही थी, उसी दौरान अभियुक्त सुदामा शर्मा ने सूचिका के पति के साथ मारपीट की और उनके सिर पर हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में कुल सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया। साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर अदालत ने सुदामा शर्मा को गैर इरादतन हत्या के प्रयास का दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई। न्यायालय के इस फैसले को कानून व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# प्रशासन के सहयोग व उत्कृष्ट योगदान हेतु कैडेटों को किया गया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला प्रशासन के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और सामाजिक कार्यों में सहयोग प्रदान करने वाले बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला विकास शाखा द्वारा आयोजित किया गया। जिला विकास पदाधिकारी स्मृति के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन हो या सामाजिक जागरूकता, स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों ने सदैव अपनी कर्मठता का परिचय दिया है। उनका यह समर्पण समाज सेवा कुशल नागरिकता के गुणों के समावेश हेतु अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान का यह अवसर वाणावर श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को सेवा एवं सहयोग प्रदान करने, सूफी महोत्सव के सफल आयोजन में सहभागिता तथा निर्वाचन कार्यों में अनुशासनपूर्ण एवं समर्पित सहयोग के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में निदेशक, डी.आर.डी.ए. डॉ. रोहित कुमार मिश्र, निदेशक, ए.इ.पी., वरीय उप समाहर्ता सु होमा इरफान, नेहा कुमारी, जिला परियोजना पदाधिकारी (डी.पी.ओ.) जिला गंगा समिति अमित कुमार, जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को समारोह पूर्वक दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) नरेंद्र कुमार के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षकों द्वारा एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी सरिता कुमारी, घोसी के अंचलाधिकारी तथा पंचायती राज पदाधिकारी उपस्थित रहे। अपने विदाई संबोधन में निवर्तमान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरेंद्र कुमार ने कहा कि उन्होंने लगभग पांच वर्षों तक जहानाबाद प्रखंड में बीइओ के रूप में कार्य किया। इस दौरान वे लगातार विद्यालयों का निरीक्षण करते रहे और शिक्षकों को समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। समारोह में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सरिता कुमारी ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक नैसर्गिक प्रक्रिया है, लेकिन व्यक्ति कभी रिटायर नहीं होता। मनोबल और कार्य के प्रति निष्ठा जीवन भर बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नरेंद्र कुमार द्वारा पिछले पांच वर्षों में प्रखंड क्षेत्र में किए गए कार्य अत्यंत सराहनीय हैं।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के कुमरडीह पंचायत के मलबिगहा गांव में मंगलवार के दिन जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट की घटना सामने आई। वहीं मारपीट के इस घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल जहानाबाद में कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उमेश यादव एवं अर्जुन यादव में पिछले कुछ दिनों से भूमि विवाद चल रहा है। इसी मामले को लेकर दोनों गुटों में जमकर मारपीट हुई हैं। इस घटना में जहां एक पक्ष से सात लोग तो वहीं दूसरे पक्ष से तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक पक्ष से उमेश यादव, मंजू देवी, सरस्वतीया देवी, शैलेश यादव, दीपक कुमार, एवं बबलू कुमार का सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष से सुनैना देवी, रीता देवी, एवं सोना देवी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि मारपीट की इस घटना में सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी वायरल हो रही है, जिसमें एक युवक हाथ में देसी कट्टा लहराते दिख रहा है। हालांकि 'नवबिहार टाइम्स' इस तस्वीर की पुष्टि नहीं करता है। इधर पूरे मामले में मखदुमपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि मारपीट एवं हथियार लहराने का अब तक आवेदन किसी पक्ष के द्वारा थाने में नहीं दिया गया है। यदि आवेदन मिला तो पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# कीउल-गया रेल लाइन दोहरीकरण से पूर्वी भारत की रेल क्षमता को नई गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्वी भारत में माल और यात्री परिवहन के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण कीउल–गया रेल खंड अब पूरी तरह दोहरीकरण के साथ नई भूमिका में सामने आया है। बिहार के लखीसराय, शेखपुरा, नवादा और गया जिलों से होकर गुजरने वाला 125 किलोमीटर लंबा यह खंड पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के अंतर्गत आता है और साहिबगंज लूप, हावड़ा–दिल्ली मुख्य लाइन तथा ग्रैंड कॉर्ड को जोड़ने वाला अहम गलियारा है। वर्ष 1879 में शुरू हुआ यह मार्ग रेल परिचालन में 'किंग्स गैलप' के नाम से जाना जाता था और 1906 में ग्रैंड कॉर्ड शुरू होने से पहले लंबी दूरी की प्रमुख ट्रेनों का भार संभालता था। परियोजना स्वीकृति के समय यह खंड गंभीर क्षमता दबाव से गुजर रहा था। यहां ट्रैफिक उपयोग 113 से 135.5 प्रतिशत तक पहुंच चुका था, जिससे परिचालन के लिए कोई अतिरिक्त गुंजाइश नहीं बची थी। प्रतिदिन औसतन 26 ट्रेनें, जिनमें 11 जोड़ी यात्री और 2 जोड़ी मालगाड़ियां शामिल थीं, इस मार्ग से गुजरती थीं। कोडरमा–तिलैया खंड के चालू होने और बरह सुपर थर्मल पावर प्लांट के संचालन के बाद दबाव और बढ़ने वाला था, क्योंकि अकेले इस परियोजना के लिए प्रतिदिन लगभग 18 कोयला रेक और 14 जोड़ी अतिरिक्त मालगाड़ियों की आवश्यकता थी। ऐसे में कीउल–गया लाइन का दोहरीकरण अपरिहार्य हो गया। निर्माण कार्य पांच पैकेजों में किया गया। मंझपुर–वजीरगंज खंड अपेक्षाकृत समय पर पूरा हुआ, जबकि वजीरगंज–तिलैया और लखीसराय–शेखपुरा खंडों में तकनीकी स्वीकृतियों में देरी और कोविड-19 के कारण काम प्रभावित हुआ। शेखपुरा–वारसलीगंज खंड में 300 से अधिक छोटे पुलों और यार्ड रीमॉडलिंग के चलते जटिलताएं आईं। वारसलीगंज–तिलैया खंड में भी डिजाइन स्वीकृतियों और स्लीपर आपूर्ति में विलंब रहा। 31 जुलाई 2019 को प्रगति समीक्षा के बाद परियोजना को निर्णायक गति मिली। लंबित स्वीकृतियां प्राथमिकता पर निपटाई गईं और महाप्रबंधक व मंडलीय रेल प्रबंधक स्तर पर नियमित निगरानी से काम आगे बढ़ा। अंततः 5 फरवरी 2025 को पूरे खंड का दोहरीकरण चालू हो गया। इस परियोजना से गति बढ़कर 110 किलोमीटर प्रति घंटा हुई और यात्रा समय लगभग छह घंटे से घटकर साढ़े तीन घंटे रह गया। 31 बड़े पुल, 300 से अधिक छोटे पुल, 10 स्टेशनों पर यार्ड सुधार, पूर्ण विद्युतीकरण और आधुनिक सिग्नलिंग से नेटवर्क मजबूत हुआ। इससे आठ मिलियन से अधिक आबादी वाले इन चार जिलों में आवागमन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिली और 'किंग्स गैलप' ने भारतीय रेल नेटवर्क में अपनी रणनीतिक पहचान फिर से स्थापित की।

# फार्मर रजिस्ट्री से मिलेगी किसानों को डिजिटल पहचान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को डिजिटल पहचान दे रही है, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंच सके। यह योजना किसानों को सशक्त एवं कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जिससे किसानों को कृषि सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी व सहज तरीके से मिलेगा। उक्त बातें प्रखंड कृषि पदाधिकारी दीपक ने फार्मर रजिस्ट्री योजना पर विशेष चर्चा के दौरान नवबिहार टाइम्स को बताई। उन्होंने कहा कि पीएम किसान योजना के सभी लाभार्थियों का फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु दो चरणों में कैंप लगाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। प्रथम चरण में छह से नौ जनवरी तथा द्वितीय चरण में 18 से 21 जनवरी तक प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के पंचायत भवन पर कैंप का आयोजन किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड, भूमि से संबंधित दस्तावेज और मोबाइल नंबर की आवश्यकता है। डिजिटल पहचान मिलने के बाद के बाद किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सत्यापन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। निर्बाध रूप से पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलेगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों की बिक्री में सहुलियत होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में छह जनवरी को ग्राम पंचायत भरौंधा, डुमरा, घेउरा, परता और अंबा में कैंप का आयोजन किया गया। 7 जनवरी को ग्राम पंचायत जगदीशपुर, मटपा, डुमरी, सुही, बलिया, 8 जनवरी को ग्राम पंचायत कर्मा बसंतपुर, पिपरा बगाही, कुटुंबा, संडा, रिसियप, 9 जनवरी को ग्राम पंचायत दधपा, वर्मा, महाराजगंज, बैरांव तथा तेलहारा में कैंप का आयोजन किया जाएगा। बीएओ ने बताया कि मंगलवार को कैंप के दौरान सर्वर धीमा रहने के कारण फार्मर रजिस्ट्री में परेशानी हुई। तकनीकी समस्या नहीं होने पर लक्ष्य को समय पर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने पीएम किसान के सभी लाभार्थियों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की है।

# रेड क्रॉस सोसायटी यूथ क्लब के सदस्यों को प्राथमिक उपचार का देगी प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय शहर के गांधी मैदान के समीप अवस्थित भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सभाकक्ष में मंगलवार को रेड क्रॉस एवं भारत स्काउट एंड गाइड के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जहानाबाद रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. सत्येंद्र कुमार की। इस बैठक उपस्थित स्काउट एंड गाइड के युवाओं को रेडक्रॉस सोसायटी की महत्ता से अवगत कराया गया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ.सत्येंद्र कुमार ने अपने सम्बोधन में भारत स्काउट एंड गाइड के युवाओं को मानवता की सेवा के लिए संकल्पित होने का संदेश दिया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी पीड़ित मानवता के सेवार्थ कार्यरत संस्था है और आप सभी स्काउट एंड गाइड के युवा स्वयंसेवक सेवा की भावना से ओत-प्रोत रहते हैं। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों के प्रति सद्भाव, सेवा, सहायता और भ्रातृत्व की भावना का सुदृढ़ीकरण है। उन्होंने स्काउट एंड गाइड के युवाओं से इसी भावना के साथ कार्य करने की अपील भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित सोसायटी के वाइस-चेयरमैन इबरार अहमद ने कहा कि आप सभी स्काउट एंड गाइड के बच्चे रेडक्रॉस सोसायटी,जहानाबाद के यूथ क्लब का सदस्य बनकर बहुत ही उत्तम कार्य किए हैं । उन्होंने कहा कि मानवता के पक्ष में खड़ा होना बहुत ही नेक कार्यों में शुमार होता है। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि रेडक्रॉस का बुनियादी सिद्धांत है- मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतन्त्रता, स्वयंसेवी भावना, एकता एवं विश्वास के साथ काम करना। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी इसी भावना के साथ कार्य करेंगे और रेडक्रॉस सोसायट, जहानाबाद का मान बढ़ायेंगे। भारत स्काउट एंड गाइड के जिला आयुक्त हरिशंकर कुमार ने रेडक्रॉस सोसायटी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह हमारे सौभाग्य की बात है हम रेडक्रॉस सोसायटी,जहानाबाद के यूथ क्लब के सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। इस बैठक की एक खास बात यह रही कि यूथ क्लब के सभी सदस्यों को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ,बिहार राज्य शाखा द्वारा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस बैठक में अनुराधा कुमारी, खुशी कुमारी, वैष्णवी केसरी, रानी कुमारी,सलोनी कुमारी, आरती कुमारी, मुस्कान कुमारी, खुशी रानी, शुभम कुमार, रंजन राज, नीतीश कुमार, कृश केसरी, जीतेन्द्र कुमार, रविश कुमार, शिवकिशोर सिंह ने भाग लिया। रेडक्रॉस प्रबंध समिति सदस्य रंजन कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक समाप्त हुई।

## फार्मर रजिस्ट्री में किसानों की बढ़ी परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के अमझरशरीफ, हसपुरा सहित विभिन्न पंचायतों में 6 जनवरी से कैम्प लगाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करने का काम राजस्व कर्मचारी द्वारा किया जा रहा है। लेकिन किसान अपने नाम के जमीन की रसीद कर्मचारी को फार्मर रजिस्ट्री का आनलाइन करने के लिए दे रहे हैं तो मोबाइल ऐप पर जमाबंदी अपलोड नहीं दिखा रहा है। जिससे किसानों के साथ परेशानी बढ़ी हुई है। ब्लॉक कैम्पस स्थित ई - किसान भवन परिसर में अमझरशरीफ पंचायत के किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कार्य कर्मचारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक महज चार किसान का फार्मर रजिस्ट्री काम पूरा हुआ है। किसान बताते हैं कि रसीद पर खाता, खेसरा व एराजी दर्ज है बावजूद फार्मर रजिस्ट्री का काम पूरा नहीं हो रहा है। जबकि किसान सलाहकार व प्रखंड कृषि समन्वयक प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि के लाभूकों को ई - केवाइसी कर रहे है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि पूरे प्रखंड में 68 प्रतिशत किसानों का ई - केवाईसी हो गया है। उन्होंने बताया कि किसानों के साथ फार्मर रजिस्ट्री में परेशानी हो रही है। राजस्व कर्मचारी बताते हैं जितने भी पुराने रैयत हैं उनके साथ परेशानी हो रही है। उनका जमीन का डिटेल्स फार्मर रजिस्ट्री आइडी पर नहीं बता रहा है। ऐसे में किसानों के समक्ष फार्मर रजिस्ट्री की समस्या गंभीर बनी हुई है।

# सूर्यनारायण रथ यात्रा में छठ संस्कृति का दृश्य बनेगा आकर्षण का केंद्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के सूर्यभूमि देव में श्री सूर्यनारायण रथ यात्रा और सामूहिक विवाह को भव्य व दिव्य स्वरूप देने की तैयारियां तेज हो गई हैं। देव पर्यटन विकास केंद्र ट्रस्ट की ओर से समाजसेवियों के साथ बैठक कर आयोजन को लेकर सुझाव लिए गए। बैठक में प्रस्ताव आया कि सूर्यरथ यात्रा के द्वादश सूर्य पूजन स्थल के बगल में छठ संस्कृति का दृश्य तैयार किया जाए। इस दृश्य में पंडित पूजा कराते हुए तथा श्रद्धालु छठ डलिया लेकर अर्घ्य देते हुए नजर आएंगे। यह प्रस्तुति मिट्टी की मूर्तियों के माध्यम से की जाएगी, जिसे देव सूर्य मंदिर की छठ संस्कृति को विश्वभर में प्रचारित करने के उद्देश्य से सेल्फी प्वाइंट का नाम दिया जाएगा। संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष 25 जनवरी 2026, दिन रविवार को अचला सप्तमी मनाई जाएगी। यह माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को पड़ती है, जिसे रथ सप्तमी, सूर्य जयंती या आरोग्य सप्तमी भी कहा जाता है। यह दिन सूर्यदेव को समर्पित होता है और आरोग्य, सुख, धन तथा कष्ट निवारण के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र स्नान और सूर्योपासना से सात जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है तथा नमक और तेल का त्याग कर सूर्यदेव की पूजा की जाती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देव किला से पारंपरिक ढोल-बाजा और कीर्तन मंडली के साथ सूर्यरथ यात्रा निकाली जाएगी, जो संपूर्ण सौर तीर्थ का भ्रमण करेगी। 26 जनवरी को हवन और पूर्णाहुति के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद विसर्जन नन्द साहेब तालाब में कराया जाएगा। इसके अलावा 6 फरवरी को गरीब और असहाय परिवारों का सामूहिक विवाह सूर्य महोत्सव स्थल रानी तालाब, देव थाना के समीप आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के अध्यक्ष उदय सिंह, सचिव अभिनेश सिंह के साथ दीपक गुप्ता, रामरतन सिंह, रणधीर सिंह चंद्रवंशी, मनोज सिंह, अमरेश सिंह, कंचन देव सिंह, तरुन कुमार, बलिराम सिंह, शशि मालाकार, शिवम् गुप्ता, आकाश दुबे, शम्भू प्रजापत, उपेंद्र यादव, देव भूमि ट्रस्ट से महेश पाल, दिलीप गुप्ता, मनोज चौरसिया, शत्रुधन कुमार, बालमंडली से चुन्नू कुमार, नितीश कुमार, रंजन कुमार, संजय ठाकुर, अनिल चौहान और प्रिन्स कुमार बैठक में उपस्थित रहे।

# किसानों की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना जारी

## डीसीओ पर पैक्स अध्यक्षों को अपमानित करने का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के किसानों की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को भी जारी रहा। जिला प्रशासन द्वारा धरनार्थियों की कोई सुधी नहीं लिया गया है। अपने मांगों के लिए किसान अपने आंदोलन को जारी रखेंगे। धरना को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा की धान अधिप्राप्ति में अफसरों की मनमानी की कोई दूसरा मिसाल शायद नहीं मिलेगा। किसानों से धान खरीदने के लिए बैंक से कर्जा लेंगे पैक्स अध्यक्ष,मगर वे स्वयं किसानों को भुगतान नहीं करेंगे। बल्कि वो राशि एसएफसी को सुपुर्द करेंगे। फिर एसएफसी उस राशि से किसानों को भुगतान करेंगे। यदि किसानों को एसएफसी को ही भुगतान करना है तो फिर बैंक से कर्जा पैक्स अध्यक्ष क्यों लेंगे। घर बेचकर बैंक को सूद अदा करें। एसएफसी सीधे बैंक से कर्जा ले और किसानों को भुगतान करें। यह तो अधिप्राप्ति में लगे अफसरों की मनमानी है। मगर अफसरों की अंधेरगर्दी के सामने पैक्स अध्यक्ष मजबूर है। ट्रक का भाड़ा, मजदूरी और धान की कुटाई की कीमत 3 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है। मगर सरकार पैक्सों को 15 वर्ष पुराना दर ही भुगतान कर रही है। सरकारी अफसर पैक्स अध्यक्षों को गलत काम करने के लिए मजबूर करना चाहते है। अफसरों एवं मिलरों द्वारा पैक्सों का शोषण-दोहन के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करते रहेंगे। इस अवसर पर बेगूसराय सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य संजीव पासवान ने कहा कि डीसीओ नशापान कर हमारे पैक्स अध्यक्षों को अपमानित करेगा। बेगूसराय को लूटेगा तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि जिला प्रशासन अविलंब ठोस कार्रवाई नहीं की तो पैक्स अध्यक्षों को संगठित कर हम सीधी कार्रवाई को मजबूर होंगे। बेगूसराय सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य राम नरेश महतो ने धरनार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की सामने खाद की कालाबाजारी हो रही है। चेरिया बरियारपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने कहा कि पैक्स अध्यक्षों को जनप्रतिनिधि की मान्यता और भत्ता दिया जाए। बरौनी डेयरी के बोर्ड सदस्य दीपक कुमार ने डेयरी में हो रहे घोटाले की विस्तृत चर्चा करते हुए बरौनी डेयरी की जांच ईडी या सतर्कता आयोग से कराने की मांग की। किसान नेता शिवशेखर राय ने कहा कि बेगूसराय को स्वच्छ बनाने हेतु 10 करोड़ वृक्षारोपण किया जाए। सभा को बेगूसराय कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य रामाधार कुमार, पैक्स राहुल कुमार, ललन कुमार, श्याम नंदन चौधरी, बाबू प्रसाद महतो, राम चरित्र महतो, अरुण कुमार, धीरज भारती, रामप्रवेश सिंह, फुलदेव शर्मा, बलवंत कुमार,राम विनोद कुमार, रामकुमार महतो, सुबोध कुमार तथा किसान नेता राम विनोद महतो, सुनील कुमार, अरुण कुमार तथा मो सिराज ने सभा को सम्बोधित किया।

# आद्योगिक इकाइयों का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला के बरौनी प्रखंड स्थित इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में अवस्थित वरुण बेवरेज लिमिटेड (पेप्सी प्लांट) एवं प्रिंस पाईप एंड फिटिंग्स लिमिटेड का जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, पर्यावरणीय प्रबंधन तथा श्रमिक सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा दोनों औद्योगिक प्रतिष्ठानों के परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हरित औद्योगिक वातावरण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता के लिए भी उपयोगी है।इस अवसर पर जीएम डीआईसी सुश्री ज्ञानेश्वरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि एवं कर्मी उपस्थित थे।

# इवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय नगर।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक मनीष द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को इवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, संरचनात्मक व्यवस्था तथा ईवीएम मशीनों के रख-रखाव से संबंधित सभी बिंदुओं की समीक्षा की। जिला पदाधिकारी ने समुचित सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सीसीटीवी कैमरा संचालन, तैनात सुरक्षा बल, अग्नि सुरक्षा उपकरण तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इवीएम वेयर हाउस की प्रतिदिन सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप अभिलेखों का संधारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नियमित निरीक्षण एवं निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पर भी बल दिया गया।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, बेगूसराय सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नौ सूत्री मांगों को लेकर माले ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** भाकपा माले ने मंगलवार को सदर प्रखंड कार्यालय पर सरकार की नीतियों के विरुद्ध धरना दिया। खेग्रामस , मनरेगा मजदूर सभा,भाकपा (माले) ने से धरनादृप्रदर्शन का आयोजन किया। जिसकी की अध्यक्षता मांटो पासवान ने किया। धरना को संबोधित किया भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, खेग्रामस जिला सचिव चन्द्रदेव वर्मा किसान महासभा के जिला सचिव बैजू सिंह, जिलाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, भाकपा-माले नगर सचिव राजेश श्रीवास्तव मोहम्मद अकबर, सज्जन पासवान, शंकर साह, अमित कुमार ने। धरना को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में दशकों से बसे दलितदृगरीब परिवारों को पीपीएच एक्ट 1948 के तहत पर्चा मिलना चाहिए था। लेकिन नीतीश सरकार ने जमींदारदृकॉरपोरेट परस्त ताकतों के दबाव में गरीबों के संवैधानिक अधिकारों को रौंद दिया। बिना वैकल्पिक आवास की व्यवस्था किए अतिक्रमण हटाने के नाम पर घर उजाड़ना सुप्रीम कोर्ट के दिशादृनिर्देशों और संविधान दोनों का खुला उल्लंघन है। इससे साफ है कि सरकार की संवेदना मेहनतकश जनता के साथ नहीं बल्कि अमीरों और भूदृमाफियाओं के साथ है। नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा जैसे गरीबों के रोजगार गारंटी कानून को योजनाबद्ध तरीके से समाप्त किया जा रहा है। मुट्ठीभर अनाज और चुनावी प्रलोभन के बदले वोट लेने की राजनीति चल रही है। धरना के बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को 9 सूत्री ज्ञापन सौंपकर मांग की कि दलितदृगरीबों की बस्तियों पर बुलडोजर चलाने पर तत्काल रोक लगे, सभी वसावटों का सर्वे कर पर्चा दिया जाए, वैकल्पिक आवास की व्यवस्था हो, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि 5 लाख रुपए की जाए, मनरेगा की पूर्ण बहाली की जाए और चारों लेबर कोड वापस लिए जाएं। भाकपा (माले) ने चेतावनी दी कि यदि नीतीशदृमोदी सरकार ने जनविरोधी नीतियों से पीछे हटकर गरीबों के अधिकारों की गारंटी नहीं दी, तो राज्यव्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निधन पर शोकसभा

**बड़हरा।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा के असामयिक निधन से शिक्षकों के बीच शोक की लहर है। निधन की खबर मिलते ही संघ के शिक्षकों ने ज्ञानपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शोक सभा की। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राणा जी ने की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक उनके कार्यों को कभी भुला नहीं सकते हैं। उनके आदर्शो पर चलने की कोशिश करेंगे। शिक्षको ने एक मिनट का मौन धारण कर दिवंगत के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर शिक्षको में नागेश्वर प्रसाद, प्रमोद कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, ज्योति कुमारी, मनीषा कुमारी, प्रिया शर्मा, दशरथ राम, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार, अरविंद कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## किसानों के लिए ई-केवाइसी शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** पीएम सम्मान निधि से लाभ प्राप्त करने वाले किसानों का ईकेवायसी के लिए पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। बीएओ रौशन कुमार ने बताया कि 251 पीएम सम्मान से आच्छादित किसानों का ईकेवायसी किया गया। इसके लिए किसानों को किसान रजिस्ट्रेशन, भू स्वामी का स्वयं के नाम के जमीन का रसीद, आधार कार्ड, चालू संख्या वाले मोबाइल के साथ शिविर में आकर ईकेवायसी कराया। इसके तहत समसा में 23, नावकोठी में 47, डफरपुर 20, पहसारा पश्चिमी 16, पहसारा पूर्वी में 35, विष्णुपुर में 56, हसनपुर बागर में 35, रजाकपुर में 19 किसानों का ईकेवायसी किया गया। यह कार्य सभी किसानों का करने का लक्ष्य है। ई-केवाइसी नहीं कराने वाले किसानों का पीएम सम्मान निधि की राशि हस्तांतरण बंद हो जाएगी।

# माइक से बाल विवाह के खिलाफ गूंजा संदेश, तीन प्रखंडों में निकला जागरूकता रथ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संयुक्त तत्वावधान में भोजपुर जिला के आरा सदर, कोईलवर एवं बड़हरा प्रखंड में जागरूकता रथ निकाला गया। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल श्रम एवं बच्चों के अधिकारों को लेकर आमजन को जागरूक करना था। रथ को बाल संरक्षण इकाई भोजपुर के निदेशक आलोक कुमार गौतम व शक्ति भास्कर, बाल कल्याण समिति भोजपुर के अध्यक्ष अंशुमान जॉर्ज, सदस्य रंजन सिंह, अंकू कुमार, पुलिस विभाग से एसआई योगेंद्र सिंह व गृह आरक्षी अजय सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कुमारी सुनिता सिंह ने बाल विवाह को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की और बताया कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। कहा कि यह एक सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ कानूनन अपराध भी है। जागरूकता रथ के साथ माइक के माध्यम से ग्रामीणों को यह समझाया जा रहा है कि कम उम्र में विवाह होने से शिक्षा बाधित होती है। स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएँ बढ़ती हैं। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि होती है। माइक के माध्यम से दिए गए संदेश को ग्रामीण गंभीरता से ग्रहण कर रहे है। अभियान में सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास से कुमुद कुमार सिंह, रजत कुमार, प्रभात प्रीतम, अखिलेश कुमार यादव, रंजू कुमारी, बिरेंद्र सिंह एवं संजीत कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को ग्रामीणों का व्यापक समर्थन मिला। संस्था ने बताया कि इस प्रकार के जन-जागरूकता अभियानों को आगे भी जारी रखा जाएगा, ताकि भोजपुर को बाल विवाह मुक्त एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूक जिला बनाया जा सके।

# विकास बने अभाविप सोशल मीडिया संयोजक

**बेगूसराय नगर/नबिटा ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तेघड़ा इकाई के कार्यकर्ता विकास कुमार झा को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उत्तर बिहार प्रांत के प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति की घोषणा गोपालगंज में आयोजित उत्तर बिहार प्रांत के 67वें प्रांत अधिवेशन में की गई। गोपालगंज में आयोजित प्रांत अधिवेशन में उनके नाम की घोषणा प्रांत अध्यक्ष डॉ विवेकानंद तिवारी ने की। विकास झा का विद्यार्थी परिषद से जुड़ाव विगत आठ वर्षों से रहा है। इससे पूर्व विकास कुमार झा नगर इकाई के नगर मंत्री, नगर सह मंत्री, एपीएसएम कॉलेज सह मंत्री, जिला सोशल मीडिया संयोजक, बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जैसे दायित्व का निर्वाहन कर चुके हैं। विकास कुमार झा ने साझा करते हुए संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा मुझ पर संगठन ने जो विश्वास जताया है। वह मेरे लिए गौरव की बात है। मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताने के लिए शीर्ष नेतृत्व का दिल से धन्यवाद करता हूं। मैं संगठन की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए छात्रों की समस्याओं के समाधान और राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा। प्रदेश कार्यकारणी के विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी, प्रांत मंत्री पुरुषोत्तम कुमार, विभाग संयोजक आलोक कुमार, सहित विद्यार्थी परिषद के कई अन्य कार्यकर्ता सहित उन्हें कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बधाई दी है।

# शिक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** विगत 25 वर्षों से मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल द्वारा समाज के कल्याण हेतु निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विद्यालय प्रबंधन हर वर्ष गरीब, असहाय एवं वृद्धजनों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण का कार्य करता आ रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में विगत 15 दिनों के दौरान कुल 800 कंबलों का वितरण किया गया, जिससे जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड में बड़ी राहत मिली। सोमवार, दिनांक 5 जनवरी 2025 को मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉ. संजय प्रधान के नेतृत्व में एक



विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "शिव ज्ञान से जीव सेवा" के भाव को आत्मसात करते हुए समाज के गरीब, असहाय एवं वृद्धजनों के बीच 180 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से देखने को मिला। डॉ. संजय प्रधान ने कहा कि उनका जीवन समाज सेवा को समर्पित है और जरूरतमंदों की सहायता करना ही उनके लिए सच्ची सेवा है। आज के समय में जब स्वार्थ हावी है, ऐसे में निःस्वार्थ भाव से किया गया यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामस्वरूप रुंगटा एवं उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद रुंगटा ने समाज में निरंतर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया तथा ग्रामवासियों को शुभेच्छा एवं शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोगों ने विद्यालय एवं ट्रस्ट की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में आपसी सहयोग और संवेदना की भावना मजबूत होती है। कंबल वितरण कार्यक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि सेवा और करुणा ही समाज को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

# यूडीआइडी कार्ड बनाने हेतु लगेगा शिविर

**नावकोठी/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के सभी दिव्यांग जनों का शत प्रतिशत यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआइडी) कार्ड का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत पीएचसी नावकोठी में 8 जनवरी को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में आने वाले दिव्यांग जनों को अपने साथ पासपोर्ट साइज का दो फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति लाना अनिवार्य है। मौके पर निबंधन करने हेतु डाटा आपरेटर मौजूद रहेगें। जिले में ज्यादा भीड़ होने के कारण शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने हेतु प्रखंड के सभी पीएचसी एवं अनुमंडल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इस शिविर का आयोजन अलग-अलग तिथि को किया जाना है। शिविर में फिजिशियन डा राजीव रंजन चौधरी, डा हिमांशु, आर्थो डा दिवाकर कुमार, नेत्र सहायक हर्ष की प्रतिनियुक्ति की गई है। आशा कार्यकर्ताओं, विकास मित्र आदि को शिविर के आयोजन की जानकारी घर घर जाकर करने का निर्देश दिया गया है। समावेशी शिक्षा के बीआरपी रौशन कुमार ने सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक से अधिक अधिक लाभुकों को जानकारी देने का अनुरोध किया है ताकि अधिक से अधिक लोग लाभांवित हो सके।

# मदरसा नोमानिया डुमरिया ईदगाह में नई कमेटी गठित, छह सदस्य निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** अररिया जिला के जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत मदरसा नोमानिया डुमरिया ईदगाह मदरसा संख्या 384 में सोमवार को मदरसा कमेटी गठन को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हेड मौलवी फिरोज आलम ने की। यह बैठक बिहार मदरसा बोर्ड, पटना के निर्देश पर आहूत की गई थी, जिसका उद्देश्य मदरसा की नई प्रबंधन कमेटी का गठन करना था।




बैठक की शुरुआत से ही माहौल तनावपूर्ण रहा। कमेटी गठन को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से चली आ रही खींचतान के कारण कुछ देर के लिए हंगामा भी हुआ। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व बैठक को भंग कर कमेटी गठन को विफल करना चाहते थे, लेकिन पोषक क्षेत्र के आमजनों और अभिभावकों की समझदारी से स्थिति को संभाल लिया गया।

मदरसा हेड मौलवी फिरोज आलम ने स्पष्ट किया कि पूर्व कमेटी का कार्यकाल वर्ष 2024 में ही समाप्त हो चुका था। ऐसे में बिहार मदरसा बोर्ड के दिशानिर्देश के अनुसार नई कमेटी का गठन जरूरी हो गया था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विधिवत लिखित आवेदन मदरसा बोर्ड को सौंप दिया गया है। बैठक में मदरसा परिसर के साथ-साथ आसपास के इलाकों के लोगों को भी आमंत्रित किया गया था,मस्जिदों में इस्तेहार लगाकर बैठक में आने का निमंत्रण दिया गया था, ताकि कमिटी गठन की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

नई कमेटी के गठन के बाद हेड मौलवी फिरोज आलम ने कहा कि मदरसा में पठन-पाठन को नियमित और व्यवस्थित करने के लिए अभिभावकों का सहयोग बेहद जरूरी है। वहीं, कुछ अभिभावकों ने पुरानी कमेटी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि बच्चों के एडमिट कार्ड सहित परीक्षा में पैसे लिए जाते हैं जो गरीब परिवारों के लिए बोझ साबित हो रहा था।

बैठक में सर्वसम्मति से छह सदस्यों की नई कमेटी का चयन किया गया। जिसमें अब्दुल कुद्दुस, मोजफ्फर आलम, अब्दुर रऊफ, डॉक्टर अब्दुर्रब उर्फ यारब, मो. परवेज आलम और मो. साकिब आलम को सदस्य चुना गया। वही अध्यक्ष वो सचिव चयन को लेकर जल्द ही तिथि तय की बात कही।

बैठक में मो. अनवर आलम, मो. आरिफ, मो. यासीन एहतेशाम, हाजी मुन्ना, सरवर आलम, मास्टर अब्बास, हबीब नदफ, रमजान, अरशद, राशिद आलम, तारीख अनवर, जुबेर, शाहिद, नजीमुद्दीन, हाजी मंजूर, नजमुद्दीन, करीम, फारूक समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इधर हेड मौलवी फिरोज आलम ने कहा है कि नई कमेटी से मदरसा के शैक्षणिक माहौल में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# पटना के ख्याति प्राप्त चिकित्सकों को जय मां काली मंदिर ट्रस्ट ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बिहार राज्य के पटना शहर स्थित आइजीआइएमएस, ईएसआई हॉस्पिटल, बिहटा के बारह ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ अभिषेक कुमार (एम्स), डॉ प्रशांत कुमार, डॉ दिव्या पांडेय, डॉ निधि कुमारी, डॉ गरिमा कुमारी के नेतृत्व मे नव वर्ष के शुभ-अवसर पर जय मां काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट, बड़हरा में माता रानी के दर्शन किये। पूजा अर्चना के बाद मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों समेत अन्य ने चिकित्सकों को माता रानी का चुनरी, प्रसाद समेत अन्य से सम्मानित किया। उन्हे सम्मानपूर्वक मंदिर ट्रस्ट के गेस्ट हाउस में ले जाकर सम्मानित गया। मौके पर जय मां काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सह मौर्या होटल पटना के एक्जीक्यूटिव बीडी सिंह, उपाध्यक्ष मंगल सिंह, मुख्य-सलाहकार डॉ लक्ष्मण तिवारी व सिद्धार्थ कुमार उर्फ दीपू जी, सह-मुख्य-संरक्षक रविशंकर सिंह व कमल किशोर सिंह, मुख्य-संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, प्रशासक कंचन कुमार, मुख्य पुजारी विष्णु उपाध्याय, पप्पू बाबा, हरिओम बाबा, विशंभर



बाबा, प्रशांत बाबा समेत अन्य मौजूद थे।

सभी माननीय को 2 अप्रैल 2026 को आयोजित विशाल वार्षिक स्थापना समारोह, अनावरण समारोह, राष्ट्रीय मां काली सांस्कृतिक महोत्सव में सपरिवार आमंत्रित की। सभी चिकित्सकों ने आमंत्रण को स्वीकार किया। वही चिकित्सकों ने बखोरापुर मंदिर ट्रस्ट के द्वारा आने वाले सभी मरीजों का त्वरित और उचित चिकित्सा करने का वचन दिए। साथ ही मंदिर परिसर में मेडिकल शिविर लगाने का आश्वासन दिया गया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-64, दिनांक 02.01.2026,** मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना, मुख्यालय, पूर्व रेलवे, तीसरा तल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों जिनके पास समप्रकृति के कार्य का पर्याप्त अनुभव है एवं न्यूनतम पात्रता मानदंड की संतुष्टि करते हैं, से निर्धारित प्रारूप में 'खुली' ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** लिलुआ-बैण्डेल ऑटोमेटिक सेक्शन में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का उपयोग करते हुए ऑटो सिग्नलिंग का प्रतिस्थापन (दो पैकेट प्रणाली निविदा)। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.45,52,71,982.30, **बयाना राशि जमा की जाएगी :** रु.24,26,400/-, **कार्य की समापन अवधि :** 24 (चौबीस) माह। **निविदा कागजात ऑनलाइन जमा देने के लिए अंतिम तिथि और समय (बंद होना):** दिनांक 30.01.2026 को 14.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। **वेबसाइट का पता, समय और तिथि जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 02.01.2026 से। **खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 30.01.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट जहाँ निविदा बोली जमा की जा सकती हैः** 1.बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। 2. निविदाकार ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत अवश्य रहें। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, यदि आवश्यक हुए, तो केवल इस साइट पर दिए जाएंगे। 3. बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। 4. इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। 5. कार्य अनुबंधों (रु. 50.00 करोड़ और उससे अधिक) के लिए इलेक्ट्रॉनिक रिवर्स ऑक्शन (ई-आरए) रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2017/ट्रांस/01/पॉलिसी/पीटी-एस दिनांक 28.03.2018 के अनुसार लागू है।

CON-61/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बीघा गांव निवासी 75 वर्षीय कृष्ण देव प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोमवार को कृष्ण देव प्रसाद खाद खरीदने के लिए पैदल बाजार जा रहे थे। इसी दौरान गैवी गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही




डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में बुजुर्ग को रहुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां से परिजन उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। कृष्ण देव प्रसाद खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पांच बेटियां और एक बेटा हैं। इस संबंध में रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि शव को बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान में जुटी हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

# योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से की शिष्टाचार भेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें संगठनात्मक और समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश में चल रही विकास योजनाओं, संगठन



की गतिविधियों और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। दोनों नेताओं ने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने, जनहित के मुद्दों पर समन्वय बढ़ाने तथा सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विकास, निवेश और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से संबंधित बिंदुओं पर भी अपनी बात रखी। वहीं नितिन नवीन ने संगठनात्मक अनुभव साझा करते हुए पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और रणनीतियों पर अपने विचार रखे। इस शिष्टाचार भेंट को राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों को लेकर सक्रियता बढ़ने की संभावना है। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

# श्रेयस अय्यर ने फिटनेस साबित की

● विजय हजारे ट्रॉफी में फिफ्टी लगाई, सिराज ने 3 विकेट झटके, मयंक अग्रवाल का शतक



**जयपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर (82 रन) ने विजय हजारे ट्रॉफी में हाफ सेंचुरी जमाकर अपनी फिटनेस साबित कर दी है। वे जयपुर में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मुंबई की कप्तानी कर रहे हैं। अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया में चुना गया है, हालांकि वे उनका खेलना फिटनेस साबित करने पर निर्भर है।

अय्यर के अलावा, सूर्यकुमार यादव 24 रन, मुशीर खान 73 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में यशस्वी जायसवाल 15 और सरफराज खान 21 रन बनाए। मुंबई ने 33 ओवर में 299 रन बनाए। वहीं, गोवा के खिलाफ 212 रन चेज कर रही पंजाब के ओपनर प्रभसिमरन सिंह 2 और भारतीय कप्तान शुभमन गिल 11 रन बनाकर आउट हुए। 16 ओवर के बाद टीम का स्कोर 65/3 है। इधर, अहमदाबाद में कर्नाटक ने राजस्थान के खिलाफ 50 ओवर में 7 विकेट पर 324 रन बनाए। कप्तान मयंक अग्रवाल 100 रन बनाकर आउट हुए। देवदत्त पडिक्कल (91 रन) महज 9 रन से सेंचुरी चूक गए हैं। वे लगातार तीन सीजन में 300 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बैटर बने।

## किसने किसे हराया?

● बेंगलुरु में दिल्ली ने रेलवे को 6 विकेट से हराया। ● अहमदाबाद में केरल ने पुडुचेरी को 8 विकेट से हराया। ● बेंगलुरु में गुजरात ने ओडिशा को 233 रन से हराया।

**प्लेट ग्रुप फाइनल में मणिपुर 169 पर ऑलआउट, शाबिर की हैट्रिक-** रांची में चल रहे प्लेट ग्रुप के फाइनल में मणिपुर की टीम 47.5 ओवर में 169 रन पर ऑलआउट हो गई है। बिहार के शाबिर खान ने हैट्रिक सहित 7 विकेट झटके। उन्होंने 8 ओवर की गेंदबाजी में 30 रन दिए।

**ओडिशा 100 पर सिमटा, गुजरात ने 233 रन से हराया-** गुजरात ने ओडिशा को 233 रन के बड़े अंतर से हराया। बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-111 मैदान पर ओडिशा ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी।गुजरात ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 333 रन बनाए। जवाब में ओडिशा की टीम 28.1 ओवर में 100 रन पर ऑलआउट हो गई। सीजी गाजा ने 6 विकेट झटके।

## केरल ने पुडुचेरी को 8 विकेट से हराया

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी मोटोरा स्टेडियम में केरल ने पुडुचेरी को 8 विकेट से हराया। टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी और पुडुचेरी को 47.4 ओवर में 247 रन पर ऑलआउट कर दिया।टीम ने 248 रन का टारगेट 28 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। विष्णु विनोद ने नाबाद 162 रन की पारी खेली। जबकि बी अपराजित ने नाबाद 63 रन बनाए। संजू सैमसन 11 रन बनाकर आउट हुए।

# बिलियर्ड्स के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मनोज कोठारी का निधन



**कोलकाता (एजेंसी)।** बिलियर्ड्स के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मनोज कोठारी का सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली स्थित एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। यह जानकारी उनके परिवार के एक सदस्य ने पीटीआई को दी।

वे 67 साल के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पुत्र सौरव कोठारी हैं। कोलकाता के कोठारी का 10 दिन पहले चेन्नई से 600 किलोमीटर दूर तिरुनेलवेली के कावेरी अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट हुआ था।

# डोप टेस्ट में फेल हुए पूर्व आरसीबी तेज गेंदबाज राजन

## घरेलू क्रिकेट खेलने पर भी लगी रोक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय घरेलू क्रिकेट एक बार फिर डोपिंग विवाद से हिल गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी के पूर्व तेज गेंदबाज राजन कुमार को प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन का दोषी पाए जाने के बाद नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी



(नाडा) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। 29 वर्षीय यह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उत्तराखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

## किन प्रतिबंधित दवाओं में फंसे रजत कुमार

एक रिपोर्ट के मुताबिक, राजन कुमार के डोप सैंपल में तीन प्रतिबंधित पदार्थ पाए गए— ड्रोस्टानोलोन, मेटेनोलोन (दोनों एनाबॉलिक स्टेरॉयड) और क्लोमीफीन, जिसका इस्तेमाल टेस्टोस्टेरोन स्तर को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। नियमों के तहत रिपोर्ट आते ही नाडा ने उन पर तुरंत अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन

राजन कुमार ने आखिरी बार 8 दिसंबर 2025 को अहमदाबाद में दिल्ली के खिलाफ उत्तराखंड की ओर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुकाबला खेला था। वह इस टूर्नामेंट में उत्तराखंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। हालांकि, अब तक उन्होंने इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है और यह भी साफ नहीं है कि वह 'बी सैंपल' की जांच की मांग करेंगे या नहीं।

## आरसीबी से घरेलू स्टार तक का सफर

हरिद्वार में जन्मे राजन कुमार को आईपीएल 2023 की नीलामी में आरसीबी ने 70 लाख रुपये में खरीदा था और 2024 सीजन में भी टीम ने उन्हें रिटेन किया, हालांकि उन्हें आईपीएल डेब्यू का मौका नहीं मिल सका। इसके बावजूद घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा था। टी20 क्रिकेट में रजत ने 26 मैचों में 32 विकेट, लिस्ट-ए में 9 मैचों में 14 विकेट (एक पारी में पांच विकेट सहित) और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 4 मैचों में 8 विकेट चटकाए हैं।

## भारतीय क्रिकेट में क्यों अहम है यह मामला

भारतीय क्रिकेट में डोपिंग के मामले बेहद कम सामने आते हैं, इसी वजह से यह प्रकरण खासा गंभीर माना जा रहा है। इससे पहले 2019 में पृथ्वी शॉ और 2020 में मध्य प्रदेश के ऑलराउंडर अंशुला राव पर डोपिंग के आरोप लगे थे। हर मामला यह दिखाता है कि नियमों की अनदेखी या अनजाने में हुई गलती भी करियर पर भारी पड़ सकती है।

## आगे क्या होगा राजन कुमार का भविष्य

अब राजन कुमार का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वह 'बी सैंपल' टेस्ट करवाते हैं या नहीं और नाडा की अनुशासनात्मक प्रक्रिया किस दिशा में जाती है। फिलहाल उनका निलंबन जारी रहेगा और वे किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

# 5वें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 134 रन की बढ़त

## इंग्लैंड के 384 के जवाब में ऑस्ट्रेलिया 518/7 सिडनी में हेड और स्मिथ का शतक

**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में खेले जा रहे एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 7 विकेट पर 518 रन बना लिए हैं। स्टीव स्मिथ 129 और ब्यू वेबस्टर 42



रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 384 रन पर सिमट गई थी।

तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी को ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ ने मजबूती दी। हेड ने दिन के पहले सेशन में जोश टंग की गेंद पर कवर ड्राइव के जरिए चौका लगाकर 105 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन की पारी खेली, जिसमें 24 चौके और एक छक्का शामिल रहा।

## 121 रन पर मिला जीवनदान

हेड को 121 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला, जब बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे ब्रायडन कार्स की गेंद पर विल जैक्स ने उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद हेड ने इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। मैथ्यू पॉट्स के एक ओवर में उन्होंने लगातार तीन चौके भी लगाए।

## स्मिथ का सिडनी में 5वां टेस्ट शतक

स्टीव स्मिथ ने 166 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 95 गेंदों में अर्धशतक जमाया था। यह स्मिथ का सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां टेस्ट शतक है। इस मैदान पर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने का रिकॉर्ड अब भी रिकी पोंटिंग के नाम है, जिन्होंने यहां 6 शतक लगाए हैं।

# एनाबेल सदरलैंड ने दीप्ति शर्मा से छीना नंबर-1 का ताज, कप्तान हरमनप्रीत को भी हुआ फायदा

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड ने आईसीसी की ताजा टी-20 बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 स्थान दोबारा से हासिल कर लिया है। भारत की श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ आखिरी टी20आई मैच में 15 रन से मिली जीत के बाद एनाबेल सदरलैंड को आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ। वहीं, दीप्ति शर्मा एक स्थान का नुकसान झेलकर दूसरे पायदान पर खिसक गईं हैं। ऐसे में जानते हैं आईसीसी की ताजा टी20आई रैंकिंग में क्या-क्या बदलाव हुआ?

## एनाबेल सदरलैंड नंबर-1 गेंदबाज बनीं

दरअसल, आईसीसी महिला टी20आई बॉलिंग रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड 736 रेटिंग के साथ टॉप पर पहुंच गईं हैं। दूसरे पायदान पर भारतीय टीम की बॉलर दीप्ति शर्मा 735 रेटिंग के साथ खिसक गईं। पाकिस्तान की सदिया इकबाल 732 रेटिंग के साथ तीसरे पायदान, इंग्लैंड की सोफी एक्लिस्टन 727 रेटिंग के साथ मौजूद है। इंग्लैंड की लॉरेन बेल 714 रेटिंग के साथ पांचवें पायदान पर विराजमान है।

ताजा रैंकिंग में भारत की रेणुका सिंह ठाकुर को पांच स्थानों का नुकसान झेलना पड़ा है। रेणुका 698 रेटिंग के साथ 11वें पायदान पर लुढ़क गईं हैं, जबकि राधा यादव को भी दो स्थानों का नुकसान झेलना पड़ा और वह 18वें स्थान पर पहुंच गईं।



## कप्तान हरमनप्रीत कौर को फायदा

भारत बनाम श्रीलंका महिला टीम के बीच 30 दिसंबर 2025 को खेले गए आखिरी टी20आई मैच में तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़ा। अब आईसीसी की टी20आई रैंकिंग में भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दो स्थानों की छलांग के साथ 13वां पायदान (634) हासिल कर लिया है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 43 गेंदों का सामना करते हुए 68 रन की पारी खेली, जिसका उन्हें फायदा मिला। इस पारी के दम पर भारतीय टीम 7 विकेट खोकर 175 रन का स्कोर बना सकी। श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम की ओपनर हसिनी परेरा ने 42 गेंद पर 65 रन की पारी खेली और चमारी अट्टापट्टू के जल्दी विकेट गिरने के बाद टीम की पारी को संभाला।

## आईसीसी महिला टी-20 ऑलराउंडर्स की मौजूदा रैंकिंग

आईसीसी महिला टी20आई ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में टॉप पर हेले मैथ्यू 505 रेटिंग के साथ मौजूद है, जबकि न्यूजीलैंड की अमेलिया केर 434 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर है। दीप्ति शर्मा 382 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर विराजमान है। बता दें कि दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ आखिरी टी20आई मैच में 28 रन देकर एक विकेट लिया था, जिसके बाद वह रैंकिंग में नंबर-3 पर ही बने हुए हैं। वहीं, अरुंधाती रेड्डी, जिन्होंने 27 रन की नाबाद पारी खेली थी, उन्होंने एक विकेट भी झटका था। इस प्रदर्शन के बाद वह आईसीसी ऑलराउंडर्स टी20आई रैंकिंग में 21 स्थान की उछाल के साथ 44वें पायदान पर पहुंच गईं हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप में कौन होगा भारत का एक्स फैक्टर?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज और पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने आगामी टी20 विश्व कप को लेकर टीम इंडिया को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि इस टूर्नामेंट में हार्दिक पांड्या भारत के सबसे अहम और निर्णायक खिलाड़ी साबित हो सकते हैं, न कि जसप्रीत बुमराह या अभिषेक शर्मा।

**टीम इंडिया की गहराई ने किया प्रभावित-** अपने यूट्यूब चैनल 'एबी डिविलियर्स 360' पर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम का विश्लेषण करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि भारतीय टीम के पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी

## एबी डिविलियर्स की लिस्ट में बुमराह-अभिषेक नहीं



दोनों में शानदार संतुलन है। उन्होंने कहा, इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दे सकते हैं, जिससे कप्तान को टीम कॉम्बिनेशन में काफी लचीलापन मिलता है। डिविलियर्स ने ओपनिंग संयोजन पर भी बात की और अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ऋषभ पंत, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ी इस बार टीम में जगह नहीं बना पाए।

## हार्दिक क्यों हैं गेम चेंजर?

एबी डिविलियर्स ने हार्दिक पांड्या को टीम इंडिया का निर्णायक खिलाड़ी बताते हुए कहा, हार्दिक वह खिलाड़ी हैं जो बल्ले और गेंद, दोनों से मैच जिता सकते हैं। वह किसी भी परिस्थिति में गेंदबाजी कर सकते हैं और बल्लेबाजी क्रम में कहीं भी फिट हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब हार्दिक बल्लेबाजी के लिए आते हैं तो विपक्षी टीम पर मानसिक दबाव साफ दिखता है। उन्होंने कहा, जब हार्दिक क्रीज पर आते हैं, तो विरोधी टीम को लगता है कि अगर वह तीन-चार ओवर भी टिक गए, तो मैच हाथ से निकल सकता है।

**गेंद से भी उतना ही खतरनाक असर-** डिविलियर्स ने यह भी कहा कि हार्दिक गेंद के साथ भी उतने ही प्रभावी हैं। उन्होंने कहा, जब वह गेंदबाजी के लिए आते हैं, तो ऐसा लगता है कि उनके पास गोल्डन आर्म है और वह कभी भी साझेदारी तोड़ सकते हैं। हार्दिक पांड्या का हालिया प्रदर्शन भी उनके इस बयान को मजबूती देता है। विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने 133 रनों की तूफानी पारी खेलते हुए अपना पहला लिस्ट-ए शतक लगाया, जिसमें 11 छक्के शामिल थे।इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में उन्होंने तीन पारियों में 142 रन बनाए, वो भी 186 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से।

**सिराज बदकिस्मती का शिकार हुए-** डिविलियर्स ने यह भी कहा है कि मोहम्मद सिराज उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो बदकिस्मती से टीम में जगह नहीं बना सके। डिविलियर्स ने हालांकि यह भी साफ किया कि गेंदबाजी के लिहाज से भारत की टीम में सभी पहलुओं को कवर किया गया है।

## डिविलियर्स ने भारतीय गेंदबाजों की तारीफ की



डिविलियर्स ने कहा आपके पास बुमराह और अर्शदीप हैं, वहीं हर्षित राणा बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। इसी वजह से हर्षित को चुना गया, क्योंकि सिराज एक शुद्ध गेंदबाज हैं और टीम सीम गेंदबाजी पर ज्यादा फोकस नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा, इस टीम का मुख्य फोकस स्पिन पर है। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती हाल के टी20 मैचों में शानदार रहे हैं। अगर तेज गेंदबाज शुरुआत में विकेट दिला देते हैं, तो उसे टीम बोनस की तरह देखती है।

## हार्दिक रखते हैं मैच पलटने की क्षमता

डिविलियर्स ने यह भी जोड़ा, जब बुमराह का दिन शांत रहता है, तब कुलदीप चार विकेट ले लेते हैं।

फिर बीच के ओवरों में हार्दिक आकर मैच का रुख पलट देते हैं। चैंपियन टीमें ऐसी ही होती हैं और भारत के पास सभी विकल्प मौजूद हैं। टीम इंडिया ग्रुप-ए में अमेरिका, नामीबिया, नीदरलैंड्स और पाकिस्तान के साथ शामिल है और सात फरवरी से मुंबई में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

# एसए-20 में सनराइजर्स केप ने प्रिटोरिया को पहली बार हराया

## डी कॉक-बेयरस्टो की शतकीय साझेदारी; सनराइजर्स टॉप पर

**सेंचुरियन (एजेंसी)।** एसए-20 के चौथे सीजन में सेंचुरियन में खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को पहली बार हराया। क्विंटन डी कॉक और जॉनी बेयरस्टो की नाबाद शतकीय साझेदारी की बदौलत टीम ने 177 रन का टारगेट महज 14.2 ओवर में बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ ट्रिस्टन स्टब्स की कप्तानी वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप 17 अंकों के साथ एक बार फिर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई। विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए क्विंटन डी कॉक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रिटोरिया कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। ओपनर कॉनर एस्टरह्यूजन ने 33 गेंदों पर 52 रन बनाए, जबकि शरफेन रदरफोर्ड ने 22 गेंदों पर नाबाद 47 रन की तेज पारी खेली। इनके अलावा अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। सनराइजर्स की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने अपने पुराने घरेलू मैदान पर 150 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। लुईस ग्रेगरी ने 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 1 विकेट झटका।

## बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। डी कॉक ने 41 गेंदों पर 79 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 6 छक्के शामिल थे। वहीं, बेयरस्टो ने 44 गेंदों में 85 रन की पारी खेली और 8 चौके व 6 छक्के जड़े। बेयरस्टो ने स्पिनर केशव महाराज के एक ही ओवर में पांच छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बटोरे। यह ओवर एसए20 इतिहास का सबसे महंगा ओवर साबित हुआ।

## रोहित-हरमनप्रीत जैसे दिग्गज रहे मौजूद थे

# नीता अंबानी ने किया विश्व विजेताओं को सम्मानित



**मुंबई (एजेंसी)।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी ने सोमवार को भारत के विश्व कप विजेताओं को सम्मानित किया। मुंबई में आयोजित इस भव्य समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम की कप्तान दीपिका टीसी और पूर्व भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित कई दिग्गज खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की गई और उनके योगदान को देश के लिए गर्व का विषय बताया गया।

## रोहित के नेतृत्व में भारत बना विजेता, सूर्या ने दिलाया एशिया कप का खिताब

साल 2025 भारतीय क्रिकेट के लिए यादगार रहा। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम इंडिया ने 12 साल के लंबे इंतजार के बाद चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया था। इससे पहले टीम इंडिया ने रोहित शर्मा के नेतृत्व में टी20 विश्व कप 2024 का खिताब अपने नाम किया था। भारत ने 2025 में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप की ट्रॉफी भी अपने नाम की थी।

# प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित हो जनहित से सीधे जुड़े मामले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला दंडाधिकारी-सह-समाहर्ता अभिलाषा शर्मा द्वारा विभिन्न वादों की सुनवाई समाहरणालय स्थित समाहर्ता न्यायालय में की गई। सुनवाई के क्रम में मुख्य रूप से भू-अर्जन, जमाबंदी, स्वामित्व सत्यापन, आर्म्स, अतिक्रमण एवं पर्चा रद्द से संबंधित मामलों पर प्रभावी रूप से सुनवाई संपन्न की गई। जिला दंडाधिकारी द्वारा प्रत्येक वाद में पक्षकारों की दलीलों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला दंडाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा अपने न्यायालय में लंबित मामलों की स्थिति का समग्र आकलन किया गया। न्यायालय में कुल 27 वाद सुनवाई हेतु सूचीबद्ध थे जिनमें से 18 वादों में सुनवाई की गई। सुनवाई उपरांत संबंधित वादों को अगली तिथि हेतु निर्धारित किया गया। जिला दंडाधिकारी ने अपने न्यायालय में विचाराधीन विभिन्न प्रकरणों की अवधि, प्रकृति एवं प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि न्यायालय में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जाए तथा सबसे पुराने एवं जनहित से सीधे जुड़े मामलों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाए। यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी मामलों की समय पर सूचीबद्धता हो, जिससे अनावश्यक विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में निचली न्यायालय अथवा अन्य संबंधित पदाधिकारियों से प्रतिवेदन अथवा रिपोर्ट लंबित है, उनके संबंध में नियमित एवं सघन अनुश्रवण एवं फॉलो-अप किया जाए ताकि मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जिला दंडाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्राथमिकता वाले मामलों में किसी भी स्तर पर विलंब न हो, इसके लिए प्रक्रियात्मक सतर्कता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। जिला दंडाधिकारी ने कहा कि उनके न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। आम नागरिकों को समय पर न्याय उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सतत प्रतिबद्धता है। उन्होंने यह भी कहा कि विधि-सम्मत प्रक्रिया के तहत पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ वादों की सुनवाई की जाएगी, ताकि आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय प्राप्त हो सके।

# बिजली तार की चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** माली पुलिस ने बिजली के तार चोरी करने वाले अंतर जिला गैंग का खुलासा किया है। गैंग से जुड़े पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में रोहतास जिले के अगरेर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव निवासी मोहित कुमार चौधरी, उपलेश चौधरी, दीपक कुमार चौधरी, धरमपुरा थाना क्षेत्र के शिशिरित गांव निवासी सुरेश चौधरी एवं शिवसागर थाना क्षेत्र के रेही गांव निवासी फिरोज के रूप में की गई है। दरअसल, माली थाना क्षेत्र के जयहिंद तेंदुआ में बिजली तार लगाने वाली एक निजी कंपनी कार्य कर रही है। इसी क्रम 4 जनवरी 2026 को अज्ञात चोरों ने क़रीब पांच लाख रूपये से अधिक का तार चोरी कर ले गया। घटना को लेकर मामले में कंपनी से संबधित लोगों ने प्राथमिकी दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। कांड की गंभीरता को लेकर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजुली तार चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि बिजली चोरी के अंतर जिला गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ औरंगाबाद सहित रोहतास जिले के सासाराम, अंकोढी गोला एवं सिमरा ओपी सहित अन्य भानों में अपराधिक मामले दर्ज है। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। फिलहाल आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।

# धान खरीद में लाएं अपेक्षित तेजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025S26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य धान अधिप्राप्ति की प्रगति की समीक्षा करना, किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करना तथा अधिप्राप्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पैक्सवार किसानों से अधिप्राप्त धान की मात्रा, मिलिंग की स्थिति तथा किसानों को किए जा रहे भुगतान की अद्यतन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया कि सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय निगरानी रखते हुए धान क्रय कार्य में अपेक्षित तेजी लाएं, ताकि अधिक से अधिक पात्र किसानों से धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित की जा सके और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समीक्षा के क्रम में मिल टैगिंग की प्रक्रिया पर विशेष बल देते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा रूट अनुकूलन के आधार पर मिलों की क्षमता के अनुरूप चयनित पैक्सों को पुनः सम्बद्ध करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मिलिंग क्षमता के अनुरूप टैगिंग होने से परिवहन, भंडारण एवं मिलिंग की प्रक्रिया में सुगमता आएगी तथा अधिप्राप्ति लक्ष्य की समय पर पूर्ति संभव हो सकेगी। जिलाधिकारी द्वारा राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि एफआरके हेतु धान की आपूर्ति में किसी प्रकार की देरी न हो तथा आवश्यकतानुसार शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त जो पैक्स डीआर में चिन्हित हैं, उन्हें निकटवर्ती क्रियाशील पैक्स से सम्बद्ध कर अधिप्राप्ति कार्य कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी क्षेत्र में धान अधिप्राप्ति बाधित न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी, राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक, सहकारिता विभाग से संबंधित जिला सहकारिता बैंक के अध्यक्ष सहित सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्गापुर की टीम ने मारी बाजी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के गेट स्कूल मैदान में मंगलवार को दुर्गापुर एवं पंजाब के बीच खेला गया। खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्गापुर की टीम ने 2-1 से मैच जीता। कॉपरेटिव अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। इस दौरान टूर्नामेंट के सचिव मो फकरूद्दीन, अजय सिंह, नरेश यादव, हरिओमजी आदि मौजूद रहे।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 70 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 70 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 41 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। आर्म्स में 1, एनडीपीएस एक्ट में 1, हत्या के शीर्ष में 2, शराब कांड में 13 एवं अन्य शीर्ष कांड में 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 265 लीटर देसी एवं 514 लीटर विदेशी शराब, देसी कट्टा 1, 3 जिंदा कारतूस, 500 लीटर महुआ घोल विनिष्ट एवं 1 गैस सिलेंडर बरामद किया गया है तथा 17 वारंट एवं 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1120 वाहनों की जांच की गई जिसमें 73000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# महिलाओं व वरीय नागरिकों के लिए अलग से बना रजिस्ट्रेशन काउंटर

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में रजिस्ट्रेशन के लिए लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर कृष्ण प्रसाद ने उपाधीक्षक को रजिस्ट्रेशन काउंटर नए जगह स्थांतरित करने का निर्देश दिया है। बुधवार से महिलाओं एवं वरीय नागरिकों के लिए नवनिर्मित भवन में रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य प्रबंधक प्रफुल्लकांत निराला ने भवन का निरीक्षण किया और पूछताछ काउंटर पर ही रिजर्वेशन काउंटर बनाने का निर्देश दिया है। उपाधीक्षक ने बताया कि सदर अस्पताल के नए सिविल सर्जन के निर्देश पर महिलाओं एवं वरीय नागरिकों को सुविधा देते हुए यहां काउंटर का निर्माण किया जाएगा और जो बुधवार से चालू हो जाएगा। रजिस्ट्रेशन काउंटर नवनिर्मित भवन में शुरू होने से महिलाओं और वरीय नागरिकों को सुविधा प्रदान होगी, उन्हें घंटों तक कतार में खड़ा नहीं रहना होगा। आसानी से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके लिए एक महिला गार्ड की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। धीरे-धीरे सदर अस्पताल मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुधार का उपाय कर रहा है जो बुधवार से देखने को मिलेगा। ऐसी सूचना मिली है कि एक बार पुणे माइनर ओटी को वार्ड नंबर 29 में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

# जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हसपुरा पुलिस द्वारा चलाएं जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप एक युवक तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के अमझरसरीफ गांव निवासी मो. दाऊद खान के रूप में की गई है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली की युवक के पास अवैध हथियार है जिसके विरुद्ध यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तीन जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है जबकि अवैध हथियार नहीं मिला। युवक से पूछताछ की जा रही है। यह कारतूस कहा से लाया और उसे किसने दिया। साथ ही युवक के आपराधिक इतिहास का भी पता लगाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से थाना को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# नाला में डूबने से बच्चे की मौत

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के पौथू थाना अंतर्गत इटार में सोमवार को देर शाम नाला में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि सूचना पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की सहायता से मृत बालक के शव को बरामद किया गया है। साथ ही आसपास के लोगों का बयान दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान ईटार निवासी अमित कुमार के पांच वर्षीय पुत्र गौरव कुमार के रूप में की गई है। शव को पोस्मार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद से जहां परिवार में कोहराम मच गया है वहीं क्षेत्र में शोक की लहर है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ट्रेन से कटकर किसान की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फेसर थाना क्षेत्र के गम्हारी गांव स्थित रेलवे गुमटी के पास ट्रैक से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है।मृतक किसान की पहचान थाना क्षेत्र के सोहरैया गांव निवासी 49 वर्षीय अखिलेश कुमार सिंह के रूप में की गई है। मृतक के पुत्र शुभम कुमार ने बताया कि उसके पिता सुबह घर से टहलने के लिए निकले लेकिन काफी देर के बाद भी जब वापस नहीं लौटे तो चिंता हुई और ख़ोजबीन शुरू की। इस दौरान अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी क्रम में मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे यह जानकारी मिली कि गम्हारी गांव स्थित रेलवे गुमटी के समीप किसी व्यक्ति का शव ट्रेन से कटा हुआ पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर जब वहां पहुंचा तो पता चला कि शव को फ़ेसर थाना की पुलिस ले गई है। इसकी जानकारी मिलते ही जब थाना पहुंचा तो शव की पहचान अपने पिता अखिलेश कुमार सिंह के रूप में की। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे एक 17 वर्षीय पुत्र एवं 21 वर्षीय पुत्री छोड़ गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अज्ञात ट्रेन से कटकर व्यक्ति के मौत की संभावना जताई जा रही है।

# फार्मर रजिस्ट्री प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के किसानों को डिजिटल पहचान दिलाने के लिए 'फार्मर रजिस्ट्री' किसान की डिजिटल पहचान अभियान को सफल बनाने के लिए प्रयास तेज कर दिया गया है। मंगलवार को संयुक्त कृषि भवन परिसर में जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने हरी झंडी दिखा कर फार्मर रजिस्ट्री प्रचार रथ को रवाना किया। कृषि विभाग की ओर से अभियान की सफलता के लिए प्रचार अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी के साथ जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीकांत कुमार, सहायक निदेशक (रसायन) रॉकी रावत, सहायक निदेशक (भूमि संरक्षण) दीपक कुमार सहित कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में फार्मर रजिस्ट्री प्रचार रथ भेजे जा रहे हैं, ताकि प्रथम चरण के शिविरों के दौरान अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार कर उन्हें डिजिटल पहचान प्रदान की जा सके। प्रथम चरण के शिविर 06 से 09 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे हैं जबकि द्वितीय चरण के शिविर 18 से 21 जनवरी तक निर्धारित हैं। जिलाधिकारी द्वारा कृषि विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि कैंप मोड में कार्य करते हुए सभी पात्र लाभुकों का ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण कर फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाना सुनिश्चित करें। यह योजना दो चरणों में कैंप मोड में क्रियान्वित की जा रही है। पंचायतवार शिविरों का आयोजन पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में किया जाएगा जहां कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी किसान भाई-बहनों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर शिविर के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाना सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों की बिक्री में सुविधा, फसल क्षति की स्थिति में वास्तविक नुकसान का मुआवजा तथा पीएम-किसान सम्मान निधि योजना का निर्बाध लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टैक परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसका उद्देश्य कृषि सेवाओं को आधुनिक, सरल एवं प्रभावी बनाना है।

# जिलाधिकारी ने सुनी 21 फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यकाल कक्ष में जनता दरबार लगा फरियादियों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों द्वारा कुल 21 लिखित परिवाद जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए। जनता दरबार में प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से गलत तरीके से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण हटाने, भूमि विवाद, जमाबंदी रद्दीकरण, किसानों की समस्याओं का समाधान, इंदिरा आवास योजना में अनियमितता, आंगनबाड़ी सेविका के पद पर बहाली, गलत तरीके से डिमांड रद्द करने, भूमि मापी एवं परिमार्जन, आवासीय सहायता, घर तोड़ने की कार्रवाई पर रोक, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय सम्मिलित रहे। प्राप्त प्रमुख परिवादों में नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी निर्मला देवी द्वारा भूमि विवाद से संबंधित परिवाद, जम्होर थाना क्षेत्र के तमोली गांव निवासी प्रदीप कुमार एवं ग्रामीण जनता द्वारा इंदिरा आवास योजना में अनियमितता के संबंध में, ज्योति कुमारी एवं अन्य द्वारा डाटा इंट्री ऑपरेटर के पारिश्रमिक भुगतान से संबंधित परिवाद, बिहार के भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष रामजन्म सिंह द्वारा औरंगाबाद जिले के किसानों की समस्याओं के निदान से संबंधित परिवाद, मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत उधम बिगहा द्वारा आंगनबाड़ी सेविका के पद पर नियुक्ति के संबंध में, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खखड़ा टोले निवासी रामस्वरूप यादव द्वारा भूमि पर अवैध निर्माण एवं कॉलोनी पास कराने से संबंधित परिवाद, थाना क्षेत्र के ही बेला निवासी कौशल्या कुँवर द्वारा जमाबंदी रद्दीकरण वाद से संबंधित परिवाद, बारून प्रखंड क्षेत्र के मस्तुल गांव निवासी जगरूप पासवान द्वारा अंचलाधकारी, बारूनके विरुद्ध गलत ढंग से डिमांड रद्द किए जाने के संबंध में तथा वार्ड संख्या-29 निवासी लखन डोम द्वारा आवासीय सहायता एवं घर तोड़ने की कार्रवाई पर रोक से संबंधित परिवाद शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी जनसुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याएं प्रस्तुत की गईं। जिलाधिकारी ने सभी परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक जांच कर त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

